* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 325

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


महाकाल के दर्शन के बाद इंदौर पहुंचे सीएम योगी, सनातन धर्म को कोसने वालों को दी चेतावनी



### जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर कैबिनेट ने दी मोदी को बधाई

# उज्ज्वला योजना वर्ष 2025-26 तक बढ़ी


- केंद्रीय कैबिनेट ने लिया फैसला, अगले तीन सालों में बांटे जायेंगे 75 लाख नये एलपीजी कनेक्शन

अजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्रीय कैबिनेट ने जहां जी 20 की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी, वहीं, इस दौरान कई अहम फैसले किये गये। बैठक में उज्ज्वला योजना के तहत अगले तीन वित्तीय वर्ष में 75 लाख नये एलपीजी कनेक्शन देने का फैसला लिया गया है। ये कनेक्शन साल 2025-26 तक बांटे जायेंगे।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक के दौरान लिये गये फैसलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 9 करोड़ 60 लाख कनेक्शन दिये जा चुके हैं। इसके तहत मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन के अलावा पहले सिलेंडर की रीफिलिंग भी फ्री होगी। इसके अलावा गैस चूल्हा भी मुफ्त में दिया जाता है।

अनुराग ठाकुर ने दूसरे फैसले के बारे में बताया कि 7,120 करोड़ के ई कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट के फेज-3 को मंजूरी दे दी गयी है। इसका लक्ष्य ऑनलाइन और पेपरलेस कोर्ट बनाना है। पेपरलेस कोर्ट्स के लिए, ई-फाइलिंग और ई-पेमेंट सिस्टम को यूनिवर्सल बनाया जायेगा। डेटा स्टोर करने के लिए क्लाउड स्टोरेज बनाया जायेगा। सभी कोर्ट परिसरों में 4,400 ई-सर्विस सेंटर बनाये जायेंगे।




### जी20: पीएम मोदी को बधाई देने के लिए प्रस्ताव पारित

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देने के लिए प्रस्ताव पारित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की ओर से पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पीएम के कुशल नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नयी दिल्ली घोषणापत्र में आम सहमति लाना भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी देश एक मंच पर एक स्वर में बात कर रहे हैं। ऐसे में हमने आज उन्हें बधाई देने के लिए एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया है।

## इडी का गवाह विजय हांसदा मुकरा, कहा-नहीं मिली धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज समेत संथाल परगना इलाके में अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में बुधवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। इडी का गवाह विजय हांसदा अपने बयान से मुकर गया। उसने कोर्ट के समक्ष कहा कि उसे कोई धमकी नहीं मिली, पंकज मिश्रा ने कभी उसके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया है और न ही उसे डराया है। कहा कि मैंने इडी के समक्ष दिये बयान में ऐसा नहीं कहा है कि मुझे धमकी मिली है। 14 सितंबर गुरुवार को फिर विजय हांसदा का बयान दर्ज किया जायेगा।

### अभियुक्त बच्चू यादव कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुआ

सुनवाई के दौरान इस केस का अभियुक्त बच्चू यादव भी कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित रहा। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित रहे। वहीं बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार और सुधीर कुमार और पंकज मिश्र की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद रहे। प्रेम प्रकाश की तरफ से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद रहीं।

## आइएनडीआइए : समन्वय समिति की बैठक में सीटों के बंटवारे पर हुई चर्चा

- अगले महीने भोपाल में पहली सार्वजनिक सभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आइएनडीआइए गठबंधन की 14 सदस्यीय समन्वय समिति की पहली बैठक बुधवार को नयी दिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर हुई। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि समन्वय समिति ने सीट-बंटवारे के निर्धारण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साथी दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे। गठबंधन की पहली सार्वजनिक सभा अक्तूबर के पहले सप्ताह में भोपाल में होगी।

### लोकतांत्रिक तरीके से मिलेगा जवाब : हेमंत

नयी दिल्ली। समन्वय समिति की बैठक के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि फिलहाल देश की राजनीति तेजी से बदल रही है। आगे और भी बदलाव होंगे। बहुत सारी चीजें सामने आ रही हैं। जिसके बाद बहुत सारे सवाल भी हैं। हमारा देश लोकतांत्रिक है। इस लोकतांत्रिक देश में लोकतांत्रिक तरीके से जवाब मिलता है। राजनीतिक दलों की ओर से भी सवाल उठ रहे हैं। इसका हर जवाब मिलेगा। गठबंधन में रह कर सभी चीजों पर काम कर रहे हैं। आप (पत्रकार) थोड़ा सब्र करें। वहीं, भोपाल रैली के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि वक्त का इंतजार करें, हर सवालों का जवाब मिलेगा।

## राम जन्मभूमि की खुदाई में मिले अवशेष की फोटो जारी

### 21 साल पहले एएसआइ को मूर्तियां, कलश और बर्तन मिले थे

- इन्हें अस्थायी मंदिर के निकास गेट पर गैलरी में रखा गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि पर खुदाई में मिले प्राचीन मंदिर के अवशेषों की एक तस्वीर सामने आयी है। इसमें कई मूर्तियां और पिलर दिख रहे हैं। ये 21 साल पहले यानी 2002 में एएसआइ टीम को खुदाई के दौरान मिले थे। अवशेषों की संख्या करीब 50 है। इनमें आठ टूटे खंभे, छह खंडित मूर्तियां, पांच-छह मिट्टी के बर्तन और छह-सात कलश हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने यह तस्वीर जारी की है।



साधु-संतों ने दावा किया है कि ये अवशेष 500 साल पुराने हैं। ये 21 साल पहले रामलला मंदिर के गर्भगृह के चारों ओर खुदाई में मिले थे। जहां मिले हैं, वह विवादित स्थल पहले राम मंदिर था। अंग्रेजों के जमाने में इसके ऊपर अन्य धार्मिक ढांचा खड़ा कर दिया गया। बाद में मामला कोर्ट पहुंचा। एएसआइ सर्वे हुआ, तो उस विवादित जगह से मंदिरों के यही अवशेष मिले, जो राम जन्मभूमि के सच साबित करने वाले मजबूत आधार बने।

ये अवशेष 21 साल पहले रामलला मंदिर के गर्भगृह के चारों ओर खुदाई में मिले थे। इस समय इन्हें अस्थायी मंदिर के निकास गेट पर गैलरी में रखा गया है। अवशेषों में काली कसौटी के पत्थर से बने पिलर यानी खंभे, पिंक सैंड स्टोन की बनी देवताओं की मूर्तियां, मिट्टी के कलश और मंदिर में लगे नक्काशीदार पत्थरों के टुकड़े शामिल हैं। इन अवशेषों को रामलला के अस्थायी मंदिर के निकास द्वार के पास सुरक्षित रखा गया है। रामलला के दर्शन कर निकलने के बाद भक्तों को यह गैलरी मिलती है।






## न्यूज रील्स

### कश्मीर में कर्नल समेत तीन शहीद, दो आतंकी मारे गये

अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर में राजौरी और अनंतनाग में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर जारी हैं। बुधवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह शहीद हो गये। एक पुलिसकर्मी के घायल होने की खबर है। दूसरी तरफ राजौरी में सोमवार से ही मुठभेड़ हो रही है। इसमें दो आतंकी मारे गये हैं। एक जवान और एक एसपीओ शहीद हुए हैं।

### भारत को पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट प्लेन मिला

नयी दिल्ली। यूरोपियन कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने बुधवार को भारत को पहला सी-295 टैक्टिकल मिलिट्री एयर लिफ्ट प्लेन सौंप दिया। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन के सेविले शहर में इस प्लेन को रिसीव किया। इस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को जल्द ही भारत लाया जायेगा।

### मोदी दिल्ली पुलिस के जवानों संग डिनर कर सकते हैं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में हुई जी20 समिट में ड्यूटी करने वाले दिल्ली पुलिस के 450 जवानों के साथ इस हफ्ते डिनर कर सकते हैं। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने हर जिले के कांस्टेबलों और इंस्पेक्टर की सूची मांगी है, जिन्होंने जी20 को सफल बनाने में योगदान दिया है। यह डिनर भारत मंडपम में होगा। जिसमें दिल्ली पुलिस के 450 जवानों के अलावा पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी मौजूद रहेंगे।

### कारों के लिए छह एयरबैग अनिवार्य नहीं करेगी सरकार

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने साफ कर दिया है कि सरकार कारों के लिए छह एयरबैग अनिवार्य नहीं करेगी। सरकार ने पिछले साल कार में लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 1 अक्टूबर से कार के हर वैरिएंट में छह एयरबैग्स को अनिवार्य किये जाने का प्रस्ताव रखा था। गडकरी ने कहा कि छह एयरबैग्स की आज के बाजार में जरूरत है। कंपनियों को कॉम्पिटिशन में बने रहने के लिए छह एयरबैग्स देने ही पड़ेंगे।

### आजम खान के ठिकानों पर इनकम टैक्स की रेड

लखनऊ। सपा नेता आजम खान के ठिकानों पर बुधवार को आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा। बुधवार सुबह आयकर विभाग के अफसरों ने अली जौहर ट्रस्ट से जुड़े दस्तावेज खंगालने के लिए रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, सीतापुर, लखनऊ में छापा मारा है। सपा के पूर्व विधायक और आजम खान के करीबी नसीर खान के घर पर भी आयकर विभाग का छापा चल रहा है। यहां घर के बाहर अर्द्धसैन्य बल तैनात है।

## स्व. जगरनाथ महतो के सपनों को पूरा करना नैतिक जिम्मेदारी: हेमंत

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलीं मंत्री बेबी देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने मुलाकात की। मंत्री ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव में मिली जीत के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया तथा उन्हें धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. जगरनाथ महतो के सपनों को पूरा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हमारी सरकार उनके आदर्श और विचारों को आत्मसात करते हुए समस्त झारखंड वासियों की खुशहाली, उन्नति और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगरनाथ महतो के सपनों को पूरा कर सशक्त और समृद्ध झारखंड बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### लीबिया में तूफान-बाढ़ से पांच हजार लोगों की मौत, 15 हजार लापता

**काहिरा/त्रिपोली।** अफ्रीकी देश लीबिया में डेनियल तूफान और बाढ़ ने भयंकर तबाही मचा दी है। तूफान के बाद 10 हजार आबादी वाले डेर्ना शहर के पास दो डैम टूट गये। इससे पूरा शहर तबाह हो गया है। देश में अब तक पांच हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 15 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। सिर्फ 700 शव ऐसे हैं, जिनकी शिनाख्त हो सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे 123 सैनिकों के बारे में भी पता नहीं चल रहा है। यही वजह है कि अब फौज भी बेबस नजर आ रही है। देश में मौजूद चुनिंदा एयरपोर्ट्स इस लायक नहीं बचे हैं कि वहां कोई हैवी या कार्गो एयरक्राफ्ट लैंड कर सके। यही वजह है कि यहां मदद पहुंचाने में भी मुश्किल हो रही है। कई इलाकों में पानी में लाशें तैरती नजर आ रही हैं। कई घरों में शव सड़ चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पोर्ट सिटी डेर्ना के पास दो डैम थे, तूफान और बाढ़ से ये टूट गये। इनमें से एक डैम की ऊंचाई 230 फीट थी।

## कोटा आइ नीट में रांची की छात्रा ने की आत्महत्या

- पिता एक महीने से नहीं कर रहे थे बात

आजाद सिपाही संवाददा

**कोटा/रांची।** कोटा में नीट की तैयारी कर रही एक और छात्रा ने फंदा लगा कर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि छात्रा के पिता एक महीने से उससे बात नहीं कर रहे थे। घटना मंगलवार देर रात विद्याधर नगर थाना क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पलेक्स स्थित हॉस्टल की है। घटना के दौरान छात्रा के रूम का गेट खुला था। रूममेट ने उसे फंदे से झूलता देखा तो उसने शोर मचाया और दूसरे छात्राओं को जानकारी दी।

**रांची की रहनेवाली थी, पांच महीने पहले आयी थी :** एएसआइ अमराराम ने बताया कि झारखंड के रांची की रहनेवाली रिचा सिन्हा (16) पांच महीने पहले मई में कोटा आयी थी। वार्डन अर्चना ने बताया कि एक महीने पहले बच्ची के पिता से बात हुई थी। तब कॉल



कर उन्हें बेटी से आकर मिलने को कहा था। इस पर उन्होंने बताया था कि वह कुछ ही दिनों में आयेंगे, लेकिन आये नहीं। इधर, दो दिन से रिचा की तबीयत भी ठीक नहीं थी। उसे जुकाम और बुखार था। मंगलवार सुबह जब वह खाना खाने मैस में आयी तो सुबह मेडिसिन दी थी, लेकिन शाम को उसने रूम में ही खाना मंगवाया।

रिचा की रूममेट आयशा ने बताया कि वह अपने पिता से बालकनी में बात कर रही थी, तभी रिचा ने बालकनी का गेट लगा दिया। रिचा ने जैसे ही फंदा लगाया, तो वह शोर मचाने लगी। शोर मचाने पर छात्र और हॉस्टल के दूसरे स्टाफ रूम में पहुंचे और रिचा को निजी हॉस्पिटल ले गये, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |



# भारत की बढ़ती ताकत से चीन बेचैन

## ■ बिना लकीर मिटाये लंबी लकीर खींचने की फिराक में भारत

## ■ सच में पीएम मोदी ने दिखायी नये भारत की तस्वीर और ताकत

**जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के जरिये भारत ने दुनिया को अपनी मजबूत कूटनीतिक ताकत का अहसास कराया है। साथ ही पीएम मोदी के विजन ने भारत का स्थान वैश्विक मंच पर प्रबल किया। जिस तरह दुनिया भर के नेताओं का भारत ने भव्य स्वागत किया, उससे भारत की संस्कृति और उसके मूल मंत्र वसुधैव कुटुंबकम से पूरा विश्व भी अवगत हुआ। लेकिन इस आयोजन से कई देशों को मिर्ची भी लगी। लेकिन सबसे ज्यादा किसी देश को मिर्ची लगी है, तो वह है चीन। यहां पकिस्तान की बात तो छोड़ ही दीजिए। यह उसके लेवल की बात भी नहीं है। जिस तरीके से समिट में कुछ फैसल लिये गये, उसने चीन की नींद उड़ा दी है। चीन में इसे लेकर खलबली मची हुई है। दुनिया को धौंस दिखाने वाला चीन अब सकते में है। दरअसल भारत, अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, सऊदी अरब और संयुक्त राज्य अमीरात मिल कर एक ऐसा रेल और समुद्री कॉरिडोर तैयार करने जा रहे हैं, जोकि चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से कहीं बेहतर है। चीन के वन बेल्ट रोड के जवाब में जी20 में भारत ने मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट पर मुहर लगा दी। सिर्फ यही नहीं, जी20 में ऐसे चार फैसले हुए, जिससे चीन की धौंस, उसकी हेकड़ी निकल जायेगी। वहीं अब चीन की नाराजगी दिखने भी लगी। चाइना इंस्टीट्यूट ऑफ कंटेंपरी इंटरनेशनल रिलेशंस ने कहा कि भारत ने जी20 के वैश्विक प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अपने निजी फायदे के लिए किया। आखिर अब चीन की चीनी कम कैसे करनेवाला है भारत, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

जी-20 में कुछ ऐसे फैसले लिये गये, जो चीन की दादागिरी को खत्म करने के लिए काफी हैं। भारत और अन्य देशों के बीच हुए इस समझौते ने चीन की हेकड़ी को कम कर दिया है। ऐसे ही चार फैसलों के बारे में जानते हैं, जिसमें सबसे बड़ा समझौता इंडिया मिडल ईस्ट-यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर है। भारत से यूरोप तक पहुंचने का ऐसा रूट तैयार कर लिया गया, जो चीन के बीआरआइ रूट का मुंहतोड़ जवाब है। पश्चिमी एशिया होते हुए यूरोप ट्रेड कॉरिडोर बनाने के प्रोजेक्ट पर सहमति बनी है। भारत ने चीन के बीआरआइ के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल कर ली है। इसके तहत रेल, पोर्ट, ट्रांसपोर्ट, हवाई मार्ग, डेटा केबल और दूसरी तकनीकों के जरिए तीनों क्षेत्रों को जोड़ने का फैसला हुआ है। इसका असर चीन के दबदबे पर होगा। वहीं भारत के कारोबार में तेजी आयेगी। वहीं भारत ने चीन को कई मोर्चों पर कूटनीतिक शिकस्त देकर बीजिंग के पीछे खड़े रहने वाले रूस को भी सख्त संदेश दिया है। कूटनीतिक विशेषज्ञ भी मानते हैं कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुपस्थिति के जरिए सम्मेलन को पटरी से उतारने का चीन का दांव उल्टा पड़ा है।

### भारत-अमेरिका की बढ़ती दोस्ती?

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जी20 समिट से दूरी बनायी और अपनी जगह प्रधानमंत्री ली चियांग को भेज दिया, लेकिन उसका यह फैसला अब उस पर ही भारी पड़ रहा है। भारत और अमेरिका के बीच बढ़ी नजदीकी चीन को हजम नहीं होगी। चीन और अमेरिका के बीच की तल्खी भी जगजाहिर है, ऐसे में अमेरिका और भारत की दोस्ती चीन के लिए बड़ा झटका है। जी-20 के सफल आयोजन और उसके बाद जारी घोषणापत्र ने भारत को अमेरिका और रूस जैसे ताकतवर देशों के और करीब ला दिया है। अमेरिका से भारत की बढ़ती करीबी चीन का ब्लड प्रेशर तो जरूर बढ़ायेगी। वहीं रूस के साथ परंपरागत तेल, फर्टिलाइजर, रक्षा सौदे ने चीन का तनाव और बढ़ा दिया है।



### वैश्विक दक्षिण को साधा

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, महत्वाकांक्षी परियोजना आइएमइसी पर बनी सहमति, एयू को समूह में शामिल करने में कामयाबी चीन की वैश्विक दक्षिण में एकक्षत्र राज की योजना पर पानी फेरेगी। आइएमईसी यूएई के साथ सऊदी अरब को भी इसमें शामिल कर चीन को तगड़ा झटका दिया है। गौरतलब है कि यूएई और सऊदी अरब चीन की परियोजना बीआरआइ में भी साझीदार हैं।

### 6जी टेक्नोलॉजी डेवलप करने पर सहमति?

जी20 में भारत और अमेरिका के बीच 6जी टेक्नोलॉजी डेवलव करने पर सहमति बनी है। भारत और अमेरिका के बीच इस डील से चीन के कनेक्टिविटी डिवाइस सेक्टर का दबदबा कम होगा। अब तक 5जी मामले में चीन आगे चल रहा है, लेकिन भारत और अमेरिका के बीच के इस डील से चीन के इस दबदबे को कम करने में मदद मिलेगी।

### बैटरी, लीथियम सेक्टर में भी चीन को झटका?

भारत और अमेरिका के बीच 8300 करोड़ रुपये का रीन्यूएबल इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट फंड बनाने पर सहमति बनी है। इस फंड का इस्तेमाल ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। बैटरी स्टोरेज और ग्रीन टेक्नोलॉजी को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसका सबसे बुरा असर चीन के बैटरी, लीथियम मार्केट पर पड़ेगा।

### कूटनीतिक मोर्चे पर लगा चीन को झटका

इन समझौते से अब चीन को नुकसान का डर सताने लगा है। वहीं चीन को कूटनीतिक मोर्चे पर भी कई झटके लगे हैं। जी 20 के सफल आयोजन से भारत ने साबित कर दिया कि वैश्विक कूटनीति में अब उसका मुकाबला कर पाना चीन के लिए आसान नहीं है। वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती ताकत चीन के लिए मुश्किलें पैदा कर रही हैं। जी20 में दिल्ली घोषणा पत्र पर सहमति बना पाना भारतीय कूटनीतिक कौशल की बड़ी कामयाबी है। चीन जहां उम्मीद कर रहा था कि यूक्रेन के मुद्दे पर भारत की मुश्किलें बढ़ेंगी तो वहीं भारत ने इस मोर्चे पर भी सफलता हासिल कर ली। इतना ही नहीं जी 20 में दक्षिण अफ्रीका यूनियन को शामिल कर भारत ने बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की। भारत के बढ़ते इस प्रभाव से चीन को झटका लगना स्वभाविक है।

---

## सिविल जज परीक्षा को लेकर हाइकोर्ट ने दी राहत

# 35 साल से अधिक उम्र वाले भी कर सकेंगे आवेदन

**रिजल्ट याचिका के अंतिम फैसले से होगा प्रभावित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने सिविल जज जूनियर डिवीजन परीक्षा के उम्मीदवारों को राहत दी है। सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से आवेदन लिया जा रहा था, लेकिन इस आवेदन में अधिकतम उम्र सीमा की पेंच आ फंसी थी। इस पेंच को लेकर अभिषेक कुमार और अन्य की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी।

बुधवार को मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उम्मीदवारों को 21 सितंबर तक आवेदन करने को कहा। अदालत ने कहा कि ये उम्मीदवार ऑफलाइन जमा करेंगे। ये परीक्षा में शामिल भी होंगे। इनका रिजल्ट भी जारी होगा लेकिन इनका रिजल्ट इस याचिका के अंतिम निर्णय से प्रभावित भी होगा।




**क्यों दायर की है याचिका :** सिविल जज, जूनियर डिवीजन परीक्षा के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग ने आवेदन लिया। आवेदन के नोटिफिकेशन में अधिकतम उम्रसीमा की गणना 31.01.2023 के आधार पर की गयी, जिसमें कहा गया कि इस तारीख तक आवेदक कीअधिकतम उम्र 35 साल से कम होनी चाहिए। इसके बाद अभिषेक कुमार और अन्य ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की। कट ऑफ डेट की वजह से ये उम्मीदवार आवेदन नहीं कर पा रहे थे। इन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि वे राज्य में सिविल जज, जूनियर डिवीजन की परीक्षा हुए पांच साल से अधिक हो गए। हम कई साल से इसकी तैयारी कर रहे हैं। परीक्षा नहीं होने की वजह से उम्र सीमा निर्धारित 35 वर्ष से ऊपर हो चुकी है। ऐसे में हमें निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा में छूट देते हुए एग्जाम देने की अनुमति दी जाए। इनकी ओर से अधिवक्ता सौरभ अरुण एवं अमित कुमार सिन्हा ने पैरवी की।

### 138 पदों पर होनी है बहाली

**जेपीएससी के माध्यम से कुल 138 पदों के लिए आवेदन लिया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार कुल 138 पद हैं। ऑनलाइन आवेदन 21 नवंबर तक लिए जा रहे हैं। कुल 138 पदों में से अनारक्षित के लिए 60, एसटी के लिए 28, एससी के लिए 12, बीसी वन के लिए 10, बीसी टू के लिए 15 और इडब्ल्यूएस के लिए 13 पद हैं। कार्मिक की ओर से सिविल जज, जूनियर डिवीजन बहाली के लिए 10 फरवरी को अधियाचना भेजी गयी थी।**

---

# प्रतिमा तिर्की और सुजीत एक्का को हॉकी इंडिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए आमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** हॉकी सिमडेगा ग्रास रूट से हॉकी को आगे बढ़ाने के साथ-साथ सीनियर हॉकी खिलाड़ी जिनका खेल अब धीरे-धीरे कमजोर होता जा रहा है वैसे सदस्यों को हॉकी इंडिया और हॉकी झारखंड से सहयोग लेकर हॉकी के अंपायरिंग में भी निपुण कर रहा है, जिससे सिमडेगा जिला के कई तकनीकी सदस्यों को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ओफिसेटिंग के लिए भी आमंत्रित किया जा रहा है। इससे उनकी पहचान देश भर में हो रही है। साथ ही साथ उन्हें आर्थिक लाभ भी हो रहा है। अभी 24 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रांची में आयोजित प्रथम हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जोन महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन होने वाला है। इसमें सिमडेगा जिला के दो नयी तकनीकी सदस्य प्रतिमा तिर्की और सुजीत एक्का को हॉकी इंडिया की ओर से आमंत्रण प्राप्त हुआ है। इनके साथ सिमडेगा जिला की दिव्या डुंगडुंग और नमिता खलखो को भी आमंत्रित किया गया है।

**सिमडेगा के बसंत बा और अनु राहुल मिंज को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग का मिला मौका :** इसी वर्ष मार्च माह में भी सिमडेगा के बसंत बा और अनु राहुल मिंज को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग करने का मौका मिला। विगत दो वर्षों में सिमडेगा जिला के छह तकनीकी सदस्यों को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हॉकी इंडिया ने जगह दी है, जिससे इन्हें आर्थिक लाभ के साथ-साथ उनकी पहचान भी बढ़ रही है। 2021 में सिमडेगा में आयोजित सब जूनियर और जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में सदर प्रखंड की दिव्या डुंगडुंग और बोलवा प्रखंड की नमिता खलखो ने शुरूआत की थी और इस वर्ष मार्च माह में लठ्ठाखमहन के बसंत बा और कुरडेग प्रखंड के अनु राहुल मिंज को मौका मिला था। अब ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोमिया की प्रतिमा तिर्की और इसी प्रखंड के रेंगारी कुदरटोली के सुजीत एक्का को हॉकी इंडिया से आमंत्रण हुआ है। इनकी उपलब्धि पर हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने बधाई देते हुए कहा कि हॉकी सिमडेगा ग्रास रूट से हॉकी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के साथ साथ वैसे खिलाड़ी जिनका खेल कुछ कमजोर होने लगता है, तो उन्हें अंपायरिन और कोचिंग लाइन में आगे बढ़ाने में सहयोग करता है। तकनीकी सदस्यों को सबसे पहले छोटी प्रतियोगिताओं में अवसर दिया जाता है और जैसे जैसे उनका अनुभव बढ़ता है वे दक्ष हो जाते हैं। उन्हें राज्य स्तर और उससे भी आगे भेजा जाता है, जिससे विगत दो वर्षो में जिला के छह तकनीकी सदस्य राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुके हैं। इसी तरह कोचिंग लाइन में भी अवसर दिया जा है। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष सुनील तिर्की, पंखरासियूस टोप्पो, बिनोद कुल्लू, बलबीर प्रसाद, सोनू ठाकुर, मुकुट डुंगडुंग ने बधाई दी है।

---

# युवक का शव 5वें दिन एनडीआरएफ की टीम ने बंदगांव नदी से निकाला

## पिकनिक मनाने गया था पेरवाघाघ जलप्रपात

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंदगांव (पश्चिमी सिंहभूम)।** झारखंड के खूंटी जिले के पेरवाघाघ जलप्रपात में बीते 9 सितंबर को डूबे रांची के युवक का शव चाइबासा के बंदगांव नदी से बरामद हुआ है। बुधवार की सुबह चुटिया का रहने वाला सौरभ सिंह का शव पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड अंतर्गत कोमरोडा गांव के पास नदी के किनारे से बरामद किया गया है। शव पूरी तरह सड़ गल गया है। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दे दी गयी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है।

### नामकुम में एक कंपनी में काम करता था

जानकारी के मुताबिक सौरभ सिंह रांची के नामकुम स्थित ऑर्बिट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का कर्मी था। वह अपने अन्य साथियों के साथ पिकनिक मनाने पेरवाघाघ गया था। सौरभ जैसे ही पानी में उतरा वैसे ही पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया। उसके साथ 36 लोग गये थे, लेकिन कोई भी उसे बचा नहीं पाया। सौरभ के डूबते ही चीख पुकार मच गयी। घटना की जानकारी वहां मौजूद साथियों ने स्थानीय लोगों को दिया। उसके बाद सूचना खूंटी जिले के तपकरा थाना की पुलिस को दी गयी।

### कई दिनों से एनडीआरएफ की टीम कर रही थी खोजबीन

पानी का तेज बहाव और रात होने के कारण सौरभ का शव पेरवाघाघ जलप्रपात से नहीं निकाला जा सका था। वहीं, दो दिनों तक एनडीआरएफ की टीम ने भी खोजबीन की थी, लेकिन नहीं मिला था. बंदगांव पुलिस ने शव को जब्त कर कानूनी कार्रवाई में जुट गयी है। मृतक के परिजनों को बंदगांव पुलिस द्वारा खबर दिया गया है।

---

# गिरिडीह में सीमेंट फैक्ट्री में छापा, चार ट्रैक्टर अवैध पत्थर जब्त

**गिरिडीह।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गादी श्रीरामपुर में संचालित नायक सुपर सीमेंट फैक्ट्री में पुलिस ने बुधवार को छापेमारी कर चार ट्रैक्टर अवैध पत्थर जब्त किया है। छापेमारी एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर की गयी है। हालांकि, पुलिस के पहुंचते ही फैक्ट्री मालिक सहित अन्य लोग फरार हो गये।जानकारी के अनुसार फैक्ट्री का संचालक चंदन साव जंगल वाले क्षेत्र से अवैध रूप से पत्थर का उत्खनन कर फैक्ट्री में उसका पाउडर बनाता है। पुलिस चंदन साव की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

---

# नर्सिंग होम में इलाज के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर, (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मां नर्सिंग होम में इलाज के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी. घटना बुधवार सुबह पांच बजे की बतायी जा रही है। घटना के बाद लोगों ने जम कर नर्सिंग होम में हंगामा किया। इस हंगामे के बाद पुलिस भी नर्सिंग होम पहुंच कर मामले की जांच की। लोगों का आरोप है कि मां नर्सिंग होम में हुए गलत और लापरवाह इलाज के कारण जच्चा बच्चा की मौत हुई है।

**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह तीन बजे प्रसव पीड़ा के कारण चक्रधरपुर बंगलाटांड निवासी 30 वर्षीय गर्भवती सोफिया परवीन को चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया था। प्रसव पीड़ा से सोफिया की हालत बिगड़ती जा रही थी। बाद में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों ने सोफिया के सुरक्षित प्रसव करा पाने में असमर्थता जतायी और उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चाइबासा रेफर कर दिया, लेकिन प्रसव पीड़ा से तड़प रही सोफिया को सदर अस्पताल चाइबासा ले जाने के बजाए चक्रधरपुर रेलवे ओवरब्रिज के नीचे स्थित मां नर्सिंग होम ले जाया गया। यहां 4:30 बजे किसी तरह सोफिया का प्रसव तो कराया, लेकिन बच्चा मरा हुआ पैदा हुआ। इसके बाद सोफिया की हालत और बिगड़ती चली गयी। नर्सिंग होम के डॉक्टर पी माझी ने बताया कि प्रसूता सोफिया काअत्यधिक रक्त रिसाव हुआ है, उसे जल्द से जल्द रक्त चढ़ाना आवश्यक है। इसको लेकर सोफिया के पिता मो मुस्लिम और परिजन रक्त की व्यवस्था में लग गये, लेकिन जबतक रक्त की व्यवस्था होती, सुबह 8:30 बजे प्रसूता सोफिया परवीन की भी मौत हो गयी.



### जच्चा-बच्चा की मौत के बाद हंगामा

**नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत की इस घटना से परिजन और आसपास के लोग इतने आक्रोशित हुए की हंगामा मचाना शुरू कर दिया। इस हंगामे की सूचना पाकर डीएसपी दिलीप खलखो और थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार नर्सिंग होम पहुंचे और पूरे मामले की जांच पड़ताल कर डॉक्टरों से भी पूछताछ की।**

## आयुष्मान भवः अभियान का राष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

# अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना लक्ष्यः राज्यपाल

**लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना अभियान का उद्देश्य : राज्यपाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुलभ बनाने के लिए दूरदर्शी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भवः अभियान का बुधवार को ऑनलाइन शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जब हर व्यक्ति, हर परिवार स्वस्थ रहेगा, तभी स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा। यही आयुष्मान भवः कार्यक्रम' का भी लक्ष्य है। केंद्र और राज्य सरकार की सहभागिता इतने बड़े लक्ष्य को हासिल करने में मददगार होगी। ऑड्रे हॉउस, रांची में आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में झारखंड से इस अभियान का शुभारंभ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आयुष्मान भवः सिर्फ एक कथन मात्र नहीं है। यह एक मार्गदर्शन करने वाला सिद्धांत है, जिसमें स्वस्थ जीवन जीने का सार शामिल है। यह एक प्राचीन संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ है- आप लंबे समय तक जीवित रहें और स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि 'आयुष्मान भवः कार्यक्रम प्रत्येक लाभुक तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक पहल है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। यह पहल जागरूकता अभियानों, चिकित्सा शिविरों एवं समावेशी रणनीतियों से स्वास्थ्य लाभ को अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हाशिये पर रहने वाले लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो सकेगी। राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभारंभ की गई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जो 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा कवरेज प्रदान करती है। उस योजना के अंतर्गत 17 सितंबर 2023 से एक अभियान शुरू किया जा रहा है, जिससे पीएम-जेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिये जायेंगे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक आयुष्मान भवः कार्यक्रम का लाभ पहुंचे, इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 1 करोड़ 22 लाख लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल चुका है। लेकिन, हमारा लक्ष्य 2 करोड़ 69 लाख लोगों को इस योजना का लाभ पहुंचाना है। इस दिशा मे राज्य सरकार कार्य कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भवः अभियान सरकार की अद्भुत पहल है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2023 तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह ने आयुष्मान भवः के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक आलोक त्रिवेद्धी सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित डॉक्टर्स, पारामेडिकल्स, स्वास्थ्यकर्मी एवं आयुष्मान भारत के लाभुक उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना पर मुख्यमंत्री गलत बयानबाजी कर रहे हैंः संजय सेठ

**राज्य सरकार आवंटन राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दे रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन बंद करने की बात का खंडन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपनी नाकामी को छुपाने के लिए केंद्र पर गलत आरोप लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री का संकल्प है हर गरीबों को पक्का मकान मिले। इसके लिए केंद्र द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले गरीब परिवार को पक्का मकान बनाने के लिए सहायता राशि केंद्र द्वारा दी जाती है, परंतु झारखंड सरकार द्वारा आवंटन राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं देने के कारण नया आवंटन नहीं दिया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा बार -बार उपयोगिता प्रमाण पत्र की मांग की जा रही है। राज्य सरकार उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दे रही है। सांसद सेठ ने कहा कि राज्य सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए केंद्र को बदनाम कर रही है। पिछले नौ सालों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बने हैं। केंद्र ने जो आवंटन दिया था, उसमें अभी भी 55 हजार आवास आज भी अधूरे हैं। झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना में बिचोलिया हावी हैं। भ्रष्टाचार के कारण 50 हजार से अधिक आवास अधूरे हैं और सरकार मौन है। मुख्यमंत्री को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। अपनी नाकामी को छुपाने के लिए केंद्र पर दोषारोपण नहीं करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है हर गरीबों को पक्का मकान मिले और इसके लिए केंद्र पूरी राशि सभी राज्यों को दे रही है। राज्य सरकार भ्रामक प्रचार कर राज्य की जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं।

# विष्णु अग्रवाल की बेल पर इडी कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में लैंड स्कैम के आरोपी विष्णु की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। विष्णु अग्रवाल की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। वहीं इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस करते हुए विष्णु अग्रवाल को लैंड स्कैम का सबसे बड़ा मास्टर माइंड बताया और जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया।

**जुलाई में हुई थी गिरफ्तारी :** विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं. इडी ने उन्हें 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसी केस में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश भी अभियुक्त है। विष्णु अग्रवाल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण इन्हें रिम्स के कैदी वार्ड में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। अपनी जमानत याचिका में विष्णु अग्रवाल ने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है।

# सरकारी स्कूलों को मिलेंगे 3120 शिक्षक

## जेएसएससी तैयारी में जुटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्लस टू शिक्षकों की कमी से जूझ रहे सरकारी स्कूलों को सारे विषयों के शिक्षक मिल जायेंगे।

राज्य के स्कूलों को लगभग 3120 नए प्लस टू शिक्षक मिल जायेंगे।

इसको लेकर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

### रिजल्ट जारी करने की तैयारी में जुटा कर्मचारी चयन आयोग

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ऑनलाइन परीक्षा संपन्न होने के बाद रिजल्ट जारी करने की तैयारी में जुटा हुआ है। आयोग से मिली जानकारी के अनुसार रिजल्ट नॉर्मलाइजेशन पद्धति के आधार पर जारी किया जायेगा। प्रत्येक विषय के लिए कट ऑफ अलग-अलग तैयार कर रिक्त पदों के अनुसार सफल अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के लिए आयोग में बुलाया जायेगा. उसके बाद आयोग अंतिम रिजल्ट जारी कर सरकार को नियुक्ति के लिए अनुशंसा भेजेगी। बताया जाता है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने जिन विषयों के शिक्षकों के लिए 3120 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। उसमें 2137 रेगुलर रिक्ति, 718 सीमित है. शेष 265 बैकलॉग रिक्ति है।

बता दें कि विगत 18 अगस्त से 10 सितंबर तक आयोजित किये गये ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम अगले माह अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में जारी होने की संभावना है।

# बिरसा मुंडा जेल में बंद कैदी ने काटा खुद का गला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में एक कैदी ने धारदार वस्तु से खुद का गला काट लिया। यह घटना बुधवार को हुई है, जहां रहमतुल्लाह अंसारी नाम के कैदी ने जेल परिसर में अपना गला काट लिया। इसके बाद आनन-फानन में उसे जेल प्रशासन के द्वारा बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**दो महीने पहले भी एक कैदी ने गला काट कर किया था आत्महत्या का प्रयास**

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बीते 13 जुलाई को भी एक कैदी ने खुदकुशी की कोशिश की थी। उसने खुद का रेत लिया था. ब्राउन शुगर बेचने के आरोप में जेल में बंद जवाहर लाल बानरा ने नाई के अस्तुरा के खुद का गला रेत लिया था।

# साहिबगंज एसपी हाइकोर्ट में होंगे हाजिर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने साहिबगंज एसपी को 20 सितंबर को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने उनसे पूछा है कि जिन दो केस में बच्चा गुमशुदगी का जिक्र है, उसमें लापता बच्चा बरामदगी के लिए क्या कदम उठाये गये हैं। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला एवं दीपक साहू ने प्रार्थी की जमानत का विरोध करते हुए कोर्ट को बताया कि उसके खिलाफ चाइल्ड ट्रैफिकिंग के कई और मामले दर्ज हैं। प्रतिवादी की ओर से यह भी कहा गया कि मामले में सरकार की ओर से शपथ पत्र जो पूर्व दाखिल किया गया था, उसमें भी लापता बच्चों के बारे में कुछ जानकारी नहीं दी गयी थी।




### संदेश

भारत विविधताओं का देश है। अनेकता में एकता का संदेश देता यह देश अपनी संस्कृति और परम्पराओं के लिए दुनियाभर में अलग पहचान रखता है। यहाँ कई भाषाएँ और बोलियाँ प्रचलित हैं, लेकिन हिन्दी एक ऐसी भाषा हैं, जो देश में सबसे ज्यादा बोली जाती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 43.63 प्रतिशत लोग हिन्दी का इस्तेमाल करते हैं। हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हम भारतीयों की एकता का सूत्रधार है। एक भाषा के रूप में हिन्दी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिन्दी विश्व की सम्भवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे विश्व स्तर पर समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि हिन्दी ही एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसे अधिकारिक एवं राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनाया जा सकता है। हिन्दी में सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी संचार सम्पर्क के रूप में उपयोग किये जाने की क्षमता है।

हिन्दी इस समय विश्व में तेजी से उभरती हुई भाषा है। दुनियाभर में साठ करोड़ से ज्यादा लोग हिन्दी भाषा बोलते हैं। भारत के अलावा विदेशों में भी हिन्दी बोली जाती है। इन देशों में मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नेपाल आदि प्रमुख हैं। हम भारतीयों का भी यह कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में ही करें तथा हिन्दी भाषा के सम्मान को बनाये रखें ताकि हमारे देश की एकता और अखण्डता बनी रहे।

P.R. 306752 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) 23-24

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार

## प्रदेश कांग्रेस की संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत समीक्षा बैठक

# केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करना होगाः राजेश ठाकुर

**कहा- महंगाई, बेरोजगारी एवं नफरत से लड़ने के लिए सशक्त संगठन तैयार करें**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर के प्रभार के छह जिलों पलामू, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, पाकुड़ एवं कोडरमा में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत संगठन निर्माण की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उक्त जिला के प्रभारी महासचिव, जिलाध्यक्ष एवं संबंधित जिला अंतर्गत विधानसभा प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा किये गये भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी जिला प्रभारी महासचिव, सचिव सह विधानसभा प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष मिलकर पंचायत स्तर तक मजबूत संगठन का निर्माण करें। महंगाई, बेरोजगारी एवं नफरत से लड़ने के लिए सशक्त संगठन बनाकर केंद्र सरकार के जनविरोधी नीतियों का विरोध करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि मंडल एवं पंचायत स्तर तक गठित कमेटियों का सत्यापन कर अविलंब प्रदेश कार्यालय को रिपोर्ट करेंगे एवं बूथ कमेटी बनाने की शुरुआत करेंगे। जिला के प्रकोष्ठ एवं विभाग के अद्यतन स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक फेरबदल के लिए अनुशंसा करेंगे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व पार्टी संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूती प्रदान करना है। सभी जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी अविलंब यह सुनिश्चित करेंगे जिन पंचायतों में अब तक कमिटी का गठन किसी कारणवश नहीं हो पाया है उन पंचायतों में जाकर इस कार्य को पूर्ण करेंगे। प्रखंड स्तर पर नियुक्त जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों का नियमित प्रखंड दौरा एवं बैठक सुनिश्चित करते हुए पंचायत स्तर तक अपूर्ण कमिटियों का गठन यथाशीघ्र किया जाये। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, सूर्यकांत शुक्ला, जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव, विनय सिन्हा दीपू, विनोद कुशवाहा, डॉ मंजू कुमारी, जिलाध्यक्ष, प्रमोद दूबे, भागीरथ पासवान, धनंजस सिंह, सतीश केडिया, जैश रंजन पाठक, विधानसभा प्रभारी, ब्रजेंद्र उर्फ पप्पू पासवान, मनोज सहाय पिंकू, अवधेश सिंह, शशिमोहन, आभा ओझा, लक्ष्मी नारायण सिंह, धर्मराज राम, रामाशीष पांडेय, प्रमोद सिंह, इसराफिल अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।






## माकपा नेता सुभाष मुंडा के मुख्य साजिशकर्ता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष प्रदर्शन

# भू-माफिया पर लगाम और आदिवासियों को जमीन का पट्टा जल्द से जल्द दिलाये हेमंत सरकार : वृंदा करात

**हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर सभी दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की**

**माकपा का एक सितंबर से जारी महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर देशव्यापी अभियान का समापन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माकपा का एक सितंबर से जारी महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर देशव्यापी अभियान के समापन और माकपा नेता सुभाष मुंडा के बाकी हत्यारों की गिरफ्तारी पर बुधवार को माकपा ने रांची स्थित राजभवन के समक्ष प्रदर्शन कर सभा की। इससे पहले माकपा कार्यकर्ताओं ने रांची के कटहल मोड़ से पैदल मार्च करते हुए राजभवन पहुंचा। इस अवसर पर माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात के साथ दिवंगत सुभाष मुंडा के माता-पिता और उनकी पत्नी बच्चे भी शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सुभाष मुंडा के बाकी हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी और फास्टट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर सभी दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे थे। सभा के बाद पत्रकारों से वृंदा करात ने कहा कि एक साथी जिसकी निर्मम हत्या हुई उसके और उसके परिवार के साथ लाल झंडा मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि जहां देशभर में केंद्र की मोदी सरकार का हमला है, वहीं राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की जिम्मेवारी बढ़ जाती है। राज्य में भू माफिया पर लगाम और दखलदिहानी के तहत आदिवासियों को जमीन का पट्टा जल्द से जल्द दिलायें।

### थ्रीलर की तरह यह विशेष सत्र आहूत किया गया

वहीं उन्होंने जी 20 की बैठक के संबंध में कहा कि मोदी सरकार ने जिस तरह झुग्गी झोपड़ी को छुपाने के लिए पोस्टर बैनर से ढंका क्या यही विकास है। संसद के विशेष सत्र पर उन्होंने कहा कि कोई थ्रीलर की तरह यह विशेष सत्र आहूत किया गया है। यह सत्र क्यों आहूत किया गया कोई नहीं बता रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या लोकतंत्र ऐसे चलता है। जन और जनप्रतिनिधियों को जानने का अधिकार नहीं है कि यह विशेष सत्र क्यों आहूत किया गया है। लोगों में सस्पेंस बनाया जा रहा है कि विशेष सत्र में क्या होगा।



### जबतक मुख्य साजिशकर्ता की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है आंदोलन जारी रहेगा : सुरेश मुंडा

मार्च प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे राज्य कमेटी सदस्य सह दिवंगत सुभाष मुंडा के भाई सुरेश मुंडा ने कहा कि सुभाष मुंडा की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता और मुख्य शूटर अभी भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। जबतक इनलोगों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर दो मांग पत्र भी उपायुक्त को सौंपा गया। इसमें एक उपायुक्त के माध्यम से केंद्र सरकार को सात सूत्री मांगपत्र सौंपा। वहीं राज्य सरकार से प्रमुख रूप से गरीबों की जमीन की भू-माफिया व अपराधी द्वारा अवैध लूट पर अविलंब रोक लगाने की मांग की। बिगड़ती कानून व्यवस्था और हत्या जैसे बढ़ते अपराध पर रोक लगाने, जमीन के खतियान और पंजी की ऑनलाइन रिकार्ड में हुई अनियमितता पर रोक लगाने की मांग और जन वितरण प्रणाली के तहत सस्ती दर पर अनाज दिए जाने की योजना को चालू करने, कारपोरेट परस्त वन संरक्षण (संशोधन) कानून 2023 को तुरंत रद्द करने और जनता के अन्य ज्वलंत मुद्दों पर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया ।

इस मौके पर जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, प्रभाकर टोप्पो, प्रफुल लिंडा, वीरेंद्र सिंह, सुफल महतो, रामधन मछुआ, महुआ पिंटू, विकास मुंडा, बुधराम उरांव, रूप सिंह मुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

## मेरी माटी, मेरा देश अभियान में शामिल हुए दीपक प्रकाश, कहा-

# भारत को महाशक्ति के रूप में देखना हर भारतीय की इच्छा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रांची के कांके विधानसभा अंतर्गत गोंदा मंडल के विभिन्न क्षेत्रों/ मुहल्लों में आयोजित मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा तब हर राष्ट्रभक्त भारतीय के मन में भारत को समर्थ, सशक्त और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखने की इच्छा होगी। हर भारतीय देश को दुनिया का नेतृत्व करते हुए देखने की इच्छा रखता है। उन्होंने भाजपा गोंदा मंडल अध्यक्ष को गोंदा मंडल के घर-घर से मिट्टी लेकर अमृत कलश में भरकर सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया। यह हम सबका सौभाग्य है कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में हम सब को नये भारत का दर्शन हो रहा है। पीएम मोदी ने नये भारत की 140 करोड़ की आबादी को आगामी 25 वर्ष की एक विस्तृत कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है। कार्यक्रम में गोंदा मंडल के अध्यक्ष, रांची जिला महामंत्री बलराम सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपाशंकर सिंह, बलराम साहू, मीरा सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता एवं आम जन मौजूद रहे।



# अपने वादों को भूल कर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे मुख्यमंत्री : रघुवर

**हेमंत सोरेन बतायें क्या हुआ गरीबों के तीन कमरे के आवास का?**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने पीएम आवास योजना से संबंधित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। बुधवार को श्री दास ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने बयान से जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने आवास पोर्टल पर डाले गये सभी आवासों की सूची को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार पर आरोप लगाने के पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन बतायें कि सरकार बनने पर गरीबों के लिए तीन कमरे का सुविधायुक्त आवास बनाकर देने संबंधी उनकी बड़ी घोषणा का क्या हुआ? उन्होंने कहा कि कहां गयी वह घोषणा जिसमें बेटे के लिए अलग कमरा, मां-पिता के लिए अलग कमरा, रसोई, शौचालय, पानी की सुविधा से युक्त घर देने की बात, उन्होंने अपने संकल्प पत्र में कही थी। श्री दास ने कहा कि आज भी राज्य सरकार मकान बनाकर देगी यह बोलकर मुख्यमंत्री जनता को फिर से दिग्भ्रमित कर रहे। राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई योजना तैयार नहीं की है। उन्होंने कहा कि घोषणावीर मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि कब तक आदिवासी कार्ड खेल कर आदिवासियों को भरमाते रहेंगे। आज भी आदिवासी बेघर क्यों है, क्यों आदिवासी बेरोजगार युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है, क्यों आदिवासी समाज के होनहार युवकों की हत्या हो रही, क्यों उनके मुख्यमंत्री रहते आदिवासी बहन बेटियों के साथ रोज बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं।



## पूजा सिंघल से बिना अनुमति मिलते हैं लोग, मिली शिकायत

# सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार को मिली जांच की जिम्मेदारी, सीसीटीवी फुटेज की होगी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स के पेइंग वार्ड में पिछले छह माह से अधिक समय से इलाजरत निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल से बिना अनुमति के लोग मिलते हैं। ऐसा करते हुए कई तस्वीरें सामने आयीं। खबरें भी प्रकाशित हुईं। अब इस मामले की जांच होगी। जांच का आदेश रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने दे दी है। जांच की जिम्मेदारी सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार को सौंपी गयी है। सदर डीएसपी ने बताया कि जांच शुरू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी देखा जा रहा है। अगर किसी तरह की लापरवाही सुरक्षा में लगे कर्मचारियों की दिखती है तो उन पर भी कार्रवाई की जायेगी।

### 194 दिनों से पूजा सिंघल का चल रहा इलाज

मनी लांड्रिंग मामले की आरोपी और निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल रिम्स में बीते 194 दिनों से इलाज करा रही हैं। उन्हें पेइंग वार्ड का बी 1 कमरा अलॉट किया गया है। उनका सीने में दर्द और माइग्रेन की शिकायत के बाद इलाज चल रहा है। 11 सितंबर को उनसे मिलने रात के लगभग 10 बजे उनके पति अभिषेक झा और एक व्यक्ति आया हुआ था। कुछ देर बाद खुद पूजा सिंघल अपने पति को छोड़ने आयी हुई थीं। एक अन्य तस्वीर में वह वार्ड के बरामदे में टहलते हुए भी नजर आयी हैं।



### पेइंग वार्ड में कई कैदियों का चल रहा इलाज

ऐसा नहीं है कि केवल आइएएस पूजा सिंघल का ही रिम्स के पेइंग वार्ड में इलाज चल रहा है, बल्कि यहां दो अन्य कैदी भी इलाजरत है। पेइंग वार्ड के जिस हिस्से में पूजा सिंघल का इलाज चल रहा है, उसी हिस्से के कमरा नंबर 19 में धनबाद के सजायाफ्ता पूर्व विधायक संजीव सिंह भी अपना इलाज करा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कमरा नंबर बी 15 में कैदी संतोष पासवान इलाज करा रहा है।

### पांच साल में दर्जनों ने कराया इलाज

रिम्स के पेइंग वार्ड में दर्जनों कैदी ऐसे हैं जिन्होंने इलाज कराया है। ये सभी साल 2018 से अब तक के हैं। चारा घोटाला मामले के सजायाफ्ता राजद सुप्रीमो लालू यादव तीन साल दो महीने और 26 दिनों तक इलाजरत रहे हैं। बात करें पेइंग वार्ड से रिम्स की हुई कमाई की तो सबसे ज्यादा भुगतान लालू यादव ने किया है। लालू यादव से 11.80 लाख रुपये, पूजा सिंघल ने 1.94 लाख और खनन मामले के आरोपी पंकज मिश्रा ने 1.28 लाख रुपये रिम्स को दिये हैं।

# डीपीएस में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीपीएस रांची में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बौद्धिक रूप से उज्ज्वल समाज के निर्माण में शिक्षकों के महत्वपूर्ण अवदान की सराहना करना एवं उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना था। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह, हेडमास्टर, हेडमिस्ट्रेस, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह द्वारा देश के द्वितीय राष्ट्रपति, दार्शनिक और एक महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण से किया गया।

इसके बाद ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों द्वारा मधुर गीत, नृत्य और भाषण की प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद शिक्षकों ने सामूहिक गीत और रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर मनमोहक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रदर्शन, नाटक और संगीतमय प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गयीं जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा कि शिक्षक छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए सुदृढ़ आधार और परिवेश तैयार करते हैं तथा उन्हें जीवनदर्शन से परिचित भी कराते हैं क्योंकि ये ज्ञान के वास्तविक प्रतीक हैं। साथ ही आम लोगों में भी जागरूकता का संचार करते हैं। हमारे शिक्षक ही हमारी सफलता के सच्चे स्तंभ हैं। एक शिक्षक का दृढ़ संकल्प और ईमानदारी राष्ट्र की नियति को आकार देती है। किसी भी समाज अथवा राष्ट्र का उत्थान वस्तुतः वहां के शिक्षक की कर्मठता, सत्यता एवं ज्ञान का प्रतिबिंब होता है।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएसपीएमयू में अकादमिक काउंसिल और सिंडिकेट की 16वीं बैठक आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। दो सत्रों में एकेडमिक काउंसिल और 16 वीं सिंडिकेट की बैठक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कांफ्रेंस हॉल में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। पहले सत्र की अकादमिक काउंसिल की बैठक में गत 28 नवंबर के अकादमिक कौंसिल के प्रस्तावों की संपुष्टि की गयी। झारखंड सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के मानकों के आधार पर तैयार किये गये नयी शिक्षा नीति 2020 को अंतिम मंजूरी प्रदान की गयी। इसके अलावा स्वपोषित 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड एमएससी भौतिकी से संबंधित पाठ्यक्रम और बीबीए में सीटों की वृद्धि पर प्रस्ताव दिया गया। एनइपी के तहत वर्तमान सत्र से लागू की जाने वाले पारंपरिक और वोकेशनल के सिलेबस पर विभागवार विस्तार से चर्चा की गयी और अंतिम मंजूरी प्रदान की गयी। इस दौरान सभी डीन, विभागाध्यक्ष ने इस पर आपसी संवाद और चर्चा की। दूसरे सत्र में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सिंडिकेट के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निम्न एजेंडों को स्वीकृति प्रदान की। इस बैठक में गत 20 जुलाई 2023 को संपन्न सिंडिकेट की 15 वीं बैठक की संपुष्टि की गयी। इस बैठक में यूजीसी के रेगुलेशन 2018 के तहत शिक्षकों की नियुक्ति संबंधित अहर्ता, विश्वविद्यालय के अधिकारियों और अन्य अकादमिक कर्मी की नियुक्ति से संबंधित झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के पत्रांक संख्या 02, वि , 2019, 492, 24 फरवरी के तहत प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी। इस बैठक में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ कुनुल कांदिर, डॉ एसएम अब्बास, डॉ पंकज कुमार, डॉ सर्वोत्तम कुमार, डॉ रेखा झा आदि शामिल थे।

### 'खेलो झारखंड' में एलइबीबी उच्च विद्यालय के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। एलइबीबी उच्च विद्यालय, रांची के छात्र-छात्राओं द्वारा खेलो झारखंड, रांची सदर के आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसमें अंडर-14 वर्ग में लंबी कूद में रोहन उरांव प्रथम, ऊंची कूद में सुमेर मुंडा प्रथम, 100 मीटर रेस में मो फरहान द्वितीय, 100 मीटर रेस में सुष्मिता कुमारी द्वितीय, खो- खो बालक की टीम द्वितीय स्थान मिला। इसके अलावा अंडर-17 कबड्डी बालक की टीम सेमीफाइनल तक क्वालीफाई किया। बच्चों की इस बेहतरीन प्रदर्शन और सफलता पर खेल शिक्षक नितेश कुमार ने कहा कि खेलों को हार-जीत की भावना के साथ नहीं बल्कि खेल भावना से खेलना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। इससे शारीरिक विकास होता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार महतो ने उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और दूसरे से सीख लेकर अच्छा करने की भावना बढ़ती है। बच्चों में नैतिकता का ज्ञान होना भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए।

### जेसीआइ रांची उड़ान ने जैथरा जेसीआइ सप्ताह मनाया

रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ रांची उड़ान ने जैथरा जेसीआइ सप्ताह के पांचवें दिन बुधवार के कार्यक्रमों का पूरे मनोयोग से अध्यक्ष अनिता अग्रवाल और सचिव प्रीति पंकज बागला के तत्वावधान में आयोजित किया। कार्यक्रम की समन्वयक नितीशा जालान है। कार्यक्रम की परियोजना मोनिका अभय रही हैं, जेसीज मुख्य रूप से सामाजिक सेवा के कार्यों के माध्यम से नेतृत्व और व्यवसाय विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। हमारी सबसे बुनियादी मान्यताओं में से एक यह है कि, सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए, आपको न केवल समुदाय को लाभ पहुंचाने के लिए सामूहिक कार्रवाई करनी चाहिए, बल्कि एक व्यक्तिगत नेता के रूप में अपने कौशल को लगातार विकसित करना चाहिए। यह युवा उद्यमियों को समुदाय में अपने व्यावसायिक कौशल और प्रतिष्ठा विकसित करने की अनुमति देता है। बैठक में अध्यक्ष जेएफएम अनिता अग्रवाल और परियोजना अध्यक्षों के साथ जेसी अरविंद राजघरिया और उनके सचिव उपस्थित थे। इस प्रकार पांचवें दिन के कार्यक्रम सफलतापूर्वक क्रियान्वित किये गये।इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी पूजा केशरी ने दी है।



### शिव तपशिया पासवान से मिले राजू राम



रांची (आजाद सिपाही)। सर्किट हाउस मोराबादी में कोल्ड फिल्ड निदेशक शिव तपशिया पासवान से कोकर पासवान कल्याण समिति के अध्यक्ष राजू राम के नेतृत्व में बुके देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूरज कुमार पासवान, सागर पासवान,संजय कुमार राम,बंसत पासवान, आदि पासवान कल्याण समिति के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के अध्यक्ष बने पीआरके नायडू

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईपीएस पीआरके नायडू को झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में मंगलवार की देर शाम गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

# चेन स्नैचिंग रोकने में चार थाने बेपरवाह एसएसपी ने थानेदारों को किया शोकॉज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार की सुबह एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान शहर के चार इंस्पेक्टर सह थानेदार की लापरवाही पकड़ी है। उनकी इस बेपरवाही और आदेश का उल्लंघन करने पर शोकॉज किया है। चारों थानेदारों से स्पष्टीकरण मांगा है कि आदेश के बावजूद वे चेकिंग अभियान के दौरान मौजूद क्यों नहीं थे। जानकारी के अनुसार, चेन स्नैचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए एसएसपी ने शहर के 5 थानों को

### आदेश के बावजूद चेकिंग अभियान के दौरान मौजूद नहीं थे

अपने क्षेत्रों में सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक एंटी क्राइम चेकिंग चलाने का निर्देश दिया था। थानेदार आदेश पर अमल को लेकर कितने गंभीर हैं, इसकी जांच करने के लिए एसएसपी खुद निरीक्षण करने सादे लिबास में बाइक से राजधानी की सड़कों पर निकल पड़े। लालपुर, सुजाता चौक, न्यू मार्केट चौक रातू रोड, अरगोड़ा चौक और मेन रोड स्थित अलबर्ट एक्का चौक पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान 4 जगहों पर पुलिस को खानापूर्ति करते पाया गया। एसएसपी ने बताया कि सिर्फ कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित अलबर्ट एक्का चौक पर ढंग से जांच की जा रही थी। अरगोड़ा चौक, न्यू मार्केट चौक रातू रोड, लालपुर और सुजाता चौक पर खानापूर्ति की जा रही थी। इसके बाद अरगोड़ा थानेदार बृज कुमार, सुखदेवनगर थानेदार विनोद कुमार, लालपुर थानेदार आदिकांत महतो और चुटिया थानेदार वेंकटेश कुमार को शोकॉज किया गया है।

## एसएसपी ने ठाकुर गांव थाना प्रभारी को किया लाइन हाजिर

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने ठाकुर गांव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही थानेदार से स्पष्टीकरण भी मांगा है। एसएसपी ने बुधवार को बताया कि मारपीट करने के मामले में यह कार्रवाई की गयी है। उल्लेखनीय है कि रविवार की देर रात थाना परिसर में ही थानेदार ने पिता किशोर बैठा और पुत्र शीतल को बेरहमी से पीट दिया। पिटाई से घायल पिता-पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने सोमवार की सुबह थाने का घेराव किया। जानकारी के अनुसार सविता देवी ने थाना पहुंच कर मारपीट किये जाने की बात कही थी। घरेलू विवाद होने के कारण पिता-पुत्र को थाना बुला कर समझाया। घर वापस जाते समय शीतल बैठा ने दोबारा मारपीट कर दी। महिला फिर थाना पहुंची और शिकायत की। इसके बाद पिता-पुत्र को थाना बुला कर मारपीट की गयी थी। पीड़ित का आरोप है कि थानेदार कृष्णा कुमार नशे में धुत थे। यही वजह है कि जब वह अपने पिता के साथ थाना पहुंचा, तो थानेदार गंदी गालियां देने लगे। तुरंत उसे अंदर ले जाकर पीटने लगे। हालांकि, थानेदार ने कहा कि कोई भी जांच कर सकता है। वह शराब कभी पीते ही नहीं हैं। शिकायत मिलने के बाद एसएसपी ने मामले को लेकर ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो को जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद एसएसपी ने कार्रवाई की।

## हेमंत राज में आदिवासियों पर नहीं थम रहा अत्याचार : प्रतुल शाहदेव

### घटना के 72 घंटे बीत जाने के बावजूद अभी तक मंत्री विधायक या सरकारी पदाधिकारी केरू गांव नहीं पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव आज लातेहार जिला के हेरहंज प्रखंड के सुदूर जंगलों के बीच स्थित केरू गांव पहुंचे। ज्ञातव्य है कि की इसी गांव में दो दिन पहले एक आदिवासी युवक को जूता चप्पल की माला पहन कर पूरे गांव में घुमाया गया था। प्रतुल के साथ हेरहंज प्रखंड भाजपा के अध्यक्ष मनीष जायसवाल, प्रदेश युवा मोर्चा आईटी संयोजक राहुल शाहदेव सहित कई नेता मौजूद थे। प्रतुल ने ग्रामीणों से पूरे घटना की जानकारी ली। प्रतुल ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में आदिवासियों पर लगातार अत्याचार हो रहा है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया की हेरहंज पुलिस ने इस मामले पर अभी तक पांच लोगों की गिरफ्तारी की है। मौके पर मंडल महामंत्री कन्हाई प्रसाद, श्यामलाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, राजेश प्रसाद, नीरज, अकलेश, रोशन, कैलाश ठाकुर, बिहारी, शिवनाथ रजक, लालदेव गंजू, बिनोद, आदि उपस्थित थे।

## खराब मौसम के कारण छत्तीसगढ़ में लैंड नहीं हुआ मरांडी का विमान, बिना सभा किये लौटे

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का चार्टर्ड प्लेन खराब मौसम के कारण छत्तीसगढ़ में लैंड नहीं हो सका। इसके कारण वे वहां बिना सभा किये लौट गये। मरांडी बुधवार सुबह प्लेन से छत्तीसगढ़ रवाना हुए थे। वहां उन्हें दो सभा और एक रोड शो में हिस्सा लेना था। लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण प्लेन लैंड नहीं हुआ और वे दोपहर 3 बजे रांची लौट गये। वहीं बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा भी अपरिहार्य कारणों से 18 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। भाजपा की ओर से संकल्प सभा की तारीखों की घोषणा जल्द की जायेगी।

## आदिश सेंटर आशा की एक किरण, ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के लिए सेंटर खोला गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के लिए आशा की एक किरण जगी है। रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित पटेल पार्क के समीप एक आदिश ऑटिज्म थेरेपी संस्थान खोला गया है। इसकी स्थापना मोना सिंह और सरिता देवी द्वारा की गयी है। इस सेंटर में कई तरह की थेरेपी की सुविधा उपलब्ध है। इस संस्था की डायरेक्टर मोना सिंह ने बताया कि उन्होंने यह संस्थान अपनी खुद के बेटे से प्रेरित होकर खोला है। मोना सिंह बताती हैं कि उनका खुद का बेटा ऑटिज्म कि इस समस्या से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि कैसे उन्हें ट्रीटमेंट के लिए अपने बेटे के लिए कितना परेशान होना पड़ता था। इसी को देखते हुए उन्हें प्रेरणा मिली कि जितने भी इस बीमारी से पीड़ित बच्चे हैं उन्हें कितनी तकलीफ और समस्या का सामना करना पड़ता होगा। बच्चों के घर वालों मां-बाप को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए उन्होंने इस संस्था की नींव डाली ताकि अन्य किसी को इतनी परेशानी का सामना ना करना पड़े। आदिश थेरेपी सेंटर एक ऐसा सेंटर है जहां बच्चों को उसे विभिन्न प्रकार की थेरेपी उपलब्ध है। बता दें कि ऑटिज्म को मेडिकल भाषा में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर कहते हैं। यह एक विकास संबंधी गड़बड़ी है जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने में, पढ़ने-लिखने में और समाज में मेलजोल बनाने में परेशानियां आती हैं।

## मनी लांड्रिंग केस: उषा मार्टिन एमडी राजीव झावर की जमानत पर सुनवाई 26 सितंबर को

**रांची (आजाद सिपाही)।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झावर ने अग्रिम राहत की गुहार लगाते हुए इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी पर अब 26 सितंबर को सुनवाई होगी। मामले में सुनवाई की तारीख बुधवार को निर्धारित थी, लेकिन समय की मांग की गयी, जिस पर अदालत ने 26 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपये से जुड़े आयरन ओर के केस में इडी कोर्ट में चार्जशीट दायर है। झारखंड के उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर के खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरूआत में सीबीआइ ने केस दर्ज किया था। बाद में पटना इडी टीम ने दो अक्तूबर 2021 को सीबीआइ में दर्ज प्राथमिकी को आधार बनाते हुए मनी लाउंड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। यह केस घाटकुरी माइंस में जरूरत से ज्यादा खनन से जुड़ा हुआ है। इसी मामले में उषा मार्टिन कंपनी के महाप्रबंधक मार्केटिंग प्रमोद कुमार फतेपुरिया समेत अन्य आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल है।


## मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता, पहले दिन शंख और अजय ने मैच जीत कर पूरे अंक बटोरे



**रांची (आजाद सिपाही)।** मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में बुधवार से मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता के पहले मैच में शंख ने एकतरफा मुकाबले में भैरवी को 2-0 से हरा कर विजयी शुरुआत की। दूसरे मुकाबले में प्रमोद कुमार के गोल की बदौलत अजय ने गंगा को 1-0 से हरा कर पूरे अंक बटोरे। पहले मुकाबले में शंख ने काफी आक्रामक शुरुआत की और मैच के तीसरे मिनट में ही नूतन तिर्की ने शानदार गोल दाग टीम को बढ़त दिलायी। 9वें मिनट में ही प्लेयर ऑफ द मैच रणजीत ने एक गोल दाग टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मध्यांतर तक यही स्कोर रहा। मध्यांतर के बाद भी शंख की ओर से एक के बाद एक आक्रमण होते रहे लेकिन भैरवी के डिफेंस और गोलकीपर के शानदार प्रदर्शन के कारण स्कोर बढ़ नहीं पाया। इससे पहले झारखंड खेल प्राधिकरण की कार्यकारी निदेशक सरोजनी लकड़ा, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक कार्मिक एचएन मिश्रा और फीफा रेफरी ओमप्रकाश ठाकुर ने सभी छह टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और किक लगाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

# डॉ सिमी मेहता ने जी-20 शिखर सम्मेलन की इक्वेलिटी बैठक में भव्य प्रस्तुति दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची की एकेडमिक डायरेक्टर और आइएमपीआरआइ (इम्पैक्ट एंड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट) की सीईओ और एडिटोरियल डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने ग्रैंड हयात, गुड़गांव में 'महिलाओं के आर्थिक विकास में निवेश' विषय पर इक्वेलिटी बैठक में सम्मानित प्रतिनिधियों को संबोधित किया। जी20 की बैठक 8 सितंबर 2023 को आहुत की गयी थी। इस बैठक में असाधारण व्यक्तित्व प्रतिभा के धनी लोग शामिल थे, जिसमें- पूर्णिमा शेनॉय (फिक्की देश के प्रतिनिधि), अमेरिका के प्रतिनिधि स्मिता सुचडे ग्रुएटर(संस्थापक) हेमलता नीति जैन(सह-संस्थापक क्वीन नेटवर्क एलएलपी) मीरा शेनॉय (संस्थापक और सीईओ यूथ 4 जॉब्स), मानसी काबरा (एसोसिएट डायरेक्टर मार्केटिंग एंड ट्रांसफॉर्मेशन गुड बिजनेस लैब) और ग्लोरिया जोनाथन (प्रमुख एमईएल बिंदी इंटरनेशनल) इत्यादि। सत्र मुख्य रूप से वित्तीय साक्षरता के संदर्भ में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और छिपी हुई क्षमता को उभारने पर केंद्रित था, जिससे उन्हें वैश्विक अर्थव्यवस्था को बदलने का अधिकार प्राप्त हुआ। दुनिया भर में केवल 30% महिलाओं को वित्तीय रूप से साक्षर माना जाता है, इसलिए वित्तीय साक्षरता का ज्ञान फैलाना एक कठिन कार्य है ताकि वे स्वतंत्र, आर्थिक रूप से स्थिर हो सकें और सारी पुरानी रूढ़िगत मान्यताओं को तोड़ सकें। डॉ. सिमी मेहता की यात्रा अटूट समर्पण और प्रतिभा का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास किया है और आज उनकी प्रतिबद्धता और विशेषज्ञता को वैश्विक मंच पर मान्यता मिल रही है। उन्होने चर्चा में पीढ़ीगत निवेश के बारे में बात की और इसे कार्य और जीवन में सामूहिकता और व्यक्तिवाद की भावना के साथ कैसे संभाला जा सकता है इस पर विशेष प्रकाश डाला। जी20 शिखर सम्मेलन के मंच पर कदम रखते हुए, उन्होंने समानता, समावेशिताऔर परिवर्तनकारी शक्ति का संदेश फैलाते हुए झारखंडऔर पूरे शैक्षिक समुदाय का प्रतिनिधित्व किया। इनके द्वारा किया गया यहअविस्मरणीय कार्य पूरे विद्यालय परिवार और ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के लिए गर्व की बात है।

# महिला उद्यमियों के हाथों से बने उत्पाद लुभा रहे

### जलसा सीजन 1 महिला उद्यमियों के लिए एक पहल का उद्‌घाटन भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा ने किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रख्यात फैशन डिजाइनर हनी मीढा सिन्हा द्वारा 13 सितंबर से 15 सितंबर तक अप्पर बाजार स्थित महाराज अग्रसेन भवन महाराज अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय जलसा सीजन 1 प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री एवं रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी की जितनी सराहना की जाए कम है। एक छत के नीचे महिला उद्यमियों और उनके हुनर को देख कर बहुत खुशी हो रही हैं। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह पहल काफी सराहनीय है। महिलाओं का सशक्तिकरण हमारे समाज के विकास का आधार है और उनके नेतृत्व विशेष रूप से जमीन स्तर पर हमारे समावेशी और दीर्घकालिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं हनी मिड्ढा सिन्हा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनके व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए जलसा का शुभारंभ किया जा रहा है।

महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह एक पहल है। हर वर्ग की महिलाएं यहां अपने प्रतिभा को उजागर कर रही है। दुर्गा पूजा, दिवाली के साथ अन्य त्यौहार नजदीक आ रहे हैं, इसके मद्देनजर महिलाओं से जुड़ा हर प्रकार का सामान यहां उपलब्ध कराया गया है, ताकि वे एक स्थान पर ही खरीदारी कर सके।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में महिला परिधान,डिजाइनर कपड़े, गहने, आर्टिफिशियल गहने, गिफ्ट आइटम, बच्चों की वस्तुएं, खिलौने, स्टेशनरी के सामान, फुटवियर, बेड शीट्स,दोहर, दिवाली के सामान, हस्तशिल्प की वस्तुएं, पर्स, होम डेकोर,घर के बने खाखरे, पापड़, मठरी, खिचिया, ऑर्गेनिक दाले, होममेड बेकरी सहित कई प्रकार के उत्पाद उपलब्ध होंगे। प्रदर्शनी में आइटम्स के साथ ही टैरो कार्ड रीडर शालिनी सिंह से आप अपनी भविष्य की जानकारी ले सकते हैं।

# डॉ एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल में प्रिंसिपल मीट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल में बुधवार को कैराली स्कूल, धुर्वा में प्रिंसिपल मीट का आयोजन किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता डॉ राम सिंह, डीपीएस के प्राचार्य और सहोदय स्कूल कंप्लेक्स, रांची के अध्यक्ष द्वारा की गयी। आयोजन में डॉ एस. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल के 50 से अधिक सदस्य स्कूलों के प्राचार्यों, प्रशासकों, शिक्षाविदों की भागीदारी रही। इस अवसर पर डॉ राम सिंह ने कहा, यह मीटिंग डॉ एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल के प्रति समर्पित है, जो अपने छात्रों का सर्वांगीण विकास करने के लिए हमेशा अग्रसर है। डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स रांची डिस्ट्रिक्ट के विद्यार्थिओं की मदद के लिए एक काउंसलिंग हेल्पलाइन की शुरुआत कर रहा है। इस हेल्पलाइन को डॉ आदित्य कुमार झा- प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा की मदद से चलाया जायेगा। डॉ झा यूनेस्को से ट्रेनेड काउंसलर हैं। सभी स्कूलों को ट्रेनेड सलाहकार के कांटेक्ट नंबर्स पेरेंट्स को देने का आग्रह किया गया है। इससे पेरेंट्स अपने बच्चों में किसी भी प्रकार का तनाव या अस्वाभाविक बदलाव देखने पर काउंसलर की मदद ले सकते। सभी स्कूल्स में साइबर क्लब की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने बच्चों को साइबर बुलइंग व फ्रॉड से बचाने के लिए ट्रेन किया जायेगा। इस क्लब के मार्गदर्शन के लिए डॉ राजेश पिल्लई प्राचार्य कैराली स्कूल को मनोनीत किया गया। डॉ मनोहर लाल पूर्व प्राचार्य गुरु नानक स्कूल को विभिन्न ओलंपियाड के लिए मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल के सचिव पीएस कालरा ने सभी अध्यापकों व प्राचार्यों की ट्रेनिंग्स की बारे सभी को अवगत कराया व आगामी गतिविधिओं की जानकारी दी। नीता पांडेय - प्राचार्य कैंब्रियन स्कूल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बैठक में सुधीर तिवारी, सत्यप्रकाश, अभय, डॉ सुमित, नीता, रवि प्रकाश, डॉ किरण दिवेदी व डॉ मनोहर लाल की विशेष उपस्थिति रही।

## रेल मंत्रालय ने अगस्त माह तक 1.13 ट्रिलियन का पूंजीगत व्यय किया

**हाजीपुर (आजाद सिपाही)।** रेल मंत्रालय द्वारा चालू वित्त वर्ष के अगस्त माह तक 1.13 ट्रिलियन रुपये का पूंजीगत व्यय किया गया है। यह पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित अनुमानित पूंजीगत व्यय रू. 2.44 ट्रिलियन का 46.6 प्रतिशत है। इस पूंजीगत व्यय के साथ भारतीय रेल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/विभागों द्वारा अगस्त तक किये गये पूंजीगत व्यय में प्रथम स्थान पर रहा। अप्रैल से अगस्त तक किये गये पूंजीगत व्यय के मामले में 46.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय के साथ एनएचएआई भारतीय रेल के बाद दूसरे स्थान पर रहा। पूर्व मध्य रेल का पूंजीगत व्यय प्रदर्शन भी काफी बेहतर है। पूर्व मध्य रेल द्वारा चालू वित्त वर्ष के 12 सितंबर, 2023 तक आधारभूत संरचना के विकास पर 7005.58 करोड़ रूपये पूंजीगत व्यय किये गये हैं जो 2023-24 के लिए निर्धारित पूंजीगत व्यय रू. 10687.70 करोड़ का 65.55 प्रतिशत है ।

## रांची जिला से 17 सदस्यीय टीम राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए बोकारो पहुंची

**रांची (आजाद सिपाही)।** 16 वां राज्यस्तरीय सीनियर महिला पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की 17 सदस्य टीम बुधवार को रांची से बोकारो के लिए रवाना हुई। रांची टीम में पुरुष 48 से 51 किग्रा में अविनाश कुमार 51 से 54 में अनुज बिलुंग 54 से 57 में रोहित तिर्की 57 से 60 में निखिल मुंडा 60 से 63.5 में सचिन कुमार पांडेय 63.5 से 67 किग्रा में के पॉल बाबू 67 से 71 किग्रा में सोनू रजक 75 से 80 में शशि शेखर +92 किग्रा में देवराज मिंज, वहीं महिला टीम में 45 से 48 किग्रा में काजल कुमारी 48 से 50 किग्रा में रजनी कुमारी 50 से 52 किग्रा में कीर्ति 60 से 65 किग्रा में खुशबू कुमारी सहित टीम मैनेजर अभिषेक कुमार टीम कोच राज ठाकुर टीम के साथ आरजे के रूप में रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बिमल आनंद नाग रवाना हुए। कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने बताया राज्यस्तरीय सीनियर बॉक्सिंग में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी कड़ा परिश्रम किये हैं पदक अवश्य लेकर लौटेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिमल आनंद नाग, गुलाम जावेद, इबरार कुरैशी, सिंटू, कमल किशोर कच्छप, नौशाद, गुलाम कुरैशी, राज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एनएसएस की सात दिवसीय स्पेशल कैंप का चौथा दिन



**रांची (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की सात दिवसीय स्पेशल कैंप के चौथे दिन प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, एनएसएस राष्ट्रपति अवार्डी सह पासवा प्रदेश महासचिव फलक फातिमा और मारवाड़ी कॉलेज के प्रोग्रामिंग आफिसर जयप्रकाश रजक शामिल हुए। 10 सितंबर से 16 सितंबर तक मधुकम तालाब पर स्पेशल कैंप लगाकर पठन पाठन के साथ साथ छात्र छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से प्रेरणा दी जा रही है। चौथे दिन एनएसएस वोलेंटियर्स ने राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय महुआ टोली मधुकम में बच्चों के साथ संवाद किया। पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे, महासचिव फलक फातिमा एवं जयप्रकाश रजक ने भी स्कूल के बच्चों के साथ समय बिताया एवं कहा बच्चे हमारे भविष्य हैं बच्चे बढ़ेंगे तभी देश आगे बढ़ेगा। स्पेशल कैंप को संचालित करने में मो अजहर, ऋषि मयंक, असमां परवीन, विजरा मोईन, सोनम कुमारी, प्रियांशी कुमारी, पूजा कुमारी, सोनाली, अमित, काजल मुख्य रूप से सहयोग कर रहे हैं।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति हरमू रांची के द्वारा राधा कृष्ण गोवर्धन मंदिर सकेत बिहार हरमू रांची में भगवान श्री कृष्ण की छठी हार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं के द्वारा भगवान श्री कृष्ण को काजल लगाने की रस्म, सोहर गीत और झूला झूलने का कार्यक्रम भी किया गया। महाआरती के उपरांत भंडारा में श्रद्धालुओं ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भोग को ग्रहण किया। कार्यक्रम प्रभारी इंद्रजीत यादव और अध्यक्ष बनारस यादव ने जन्माष्टमी महोत्सव और दही हांडी प्रतियोगिता, छठी हार महोत्सव में बढ़ चढ़कर भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को सहयोगियों को सम्मानित किया। छठिहार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण, हिन्दू धर्म में विष्णु के 8 वें अवतार थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक शंभू नाथ यादव, शिवकुमार सिंह, बृजेंद्र यादव, एसएन यादव, अरुण कुमार झा, एके बख्शी, गोरखनाथ यादव, धर्मेंद्र यादव, अनूप कुमार, अर्जुन राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 14792 date 09.09.2023 I, **VIJAY SINGH,** S/o Firi Singh, aged about 48 years, by faith-Hindu, by Nationality- Indian, R/o H. No. 86, N.H-33, Naisarai, P.O+P.S- Ramgarh, Dist-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That "Richa Kumari" is my daughter & she is studying in Kendriya Vidyalaya, Ramgarh Cantt bearing Unique Identification No. 281179114012802.
2. That my actual & correct name is **Vijay Singh** which has been mentioned in all documents but it was wrongly mentioned as **Vijay Karmali** in my aforesaid daughter's school record.
3. That **Vijay Singh** & **Vijay Karmali** is both name of same & one person i.e
4. That this affidavit is required for correction my name in my daughter's school record from authority concern.

## अदालत भ्रष्टाचार के मामलों में किसी तरह की रियायत देने के मूड में नहीं

सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रष्ट अधिकारियों पर शिकंजा थोड़ा और कस दिया है। अदालत की संविधान पीठ ने व्यवस्था दी है कि भ्रष्टाचार के मामले में संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अधिकारियों की गिरफ्तारी में संबंधित प्राधिकार से अनुमति लेने की कोई जरूरत नहीं है और यह नियम 2003 से पहले के मामलों पर भी लागू होगा। यानी दिल्ली पुलिस विशेष स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम में व्यवस्था दी गई थी कि केंद्र सरकार में संयुक्त सचिव या उससे ऊपर के अधिकारियों की गिरफ्तारी से पहले संबंधित प्राधिकार से अनुमति लेनी होगी। मगर सीबीआइ ने 2004 में दिल्ली के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। तब उन्होंने डीएसपीई अधिनियम के तहत राहत की गुहार लगाई थी। उसके बाद इस अधिनियम के औचित्य की समीक्षा करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने 2014 में इस अधिनियम को ही रद्द कर दिया था। फिर यह सवाल उठा कि इस फैसले से पहले के लंबित मुकदमों के बारे में क्या नियम लागू होगा। उसी पर संविधान पीठ ने फैसला दिया है कि 2014 का फैसला इसके पहले के मामलों पर भी लागू होगा। इससे एक बार फिर जाहिर हुआ है कि अदालत भ्रष्टाचार के मामलों में किसी तरह की रियायत की पक्षधर नहीं है। दरअसल, डीएसपीई अधिनियम बना था तो उसके पीछे मकसद यही था कि किसी अधिकारी के गिरफ्तार होने की वजह से संबंधित महकमे का कामकाज बाधित न होने पाए। इसलिए इस मामले में संबंधित प्राधिकार यानी मंत्रालय से गिरफ्तारी की अनुमति लेने को अनिवार्य किया गया। मगर यह अधिनियम एक तरह से अधिकारियों के लिए कवच साबित हुआ। जांच एजंसियों के पास पुख्ता सबूत होने के बावजूद वे किसी भ्रष्ट अधिकारी को तब तक गिरफ्तार नहीं कर सकती थीं, जब तक उन्हें संबंधित विभाग से अनुमति नहीं मिल जाती। फिर यह छिपी बात नहीं है कि इन ऊंचे ओहदों पर पहुंचे लोगों के अपने बड़े अधिकारियों, मंत्रियों आदि से कैसे रिश्ते होते हैं। इस तरह कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में लंबा समय खिंच जाता था। तब तक मामले से संबंधित सबूतों के साथ छेड़छाड़ की आशंका भी बनी रहती थी। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने डीएसपीई को अप्रासंगिक माना था। भ्रष्टाचार के मामलों में जांच एजंसियों के सामने सबसे बड़ी अड़चन यही आती है कि रसूखदार और सत्तापक्ष से जुड़े लोगों के खिलाफ जांच और कार्रवाई करने में कई तरह की इजाजत लेनी पड़ती है। मंत्रालयों में बैठे अधिकारी कई बार मंत्रियों के पसंदीदा और भरोसेमंद होते हैं, इसलिए कुछ मंत्री उनके खिलाफ कार्रवाई की इजाजत देने से बचते रहते हैं। यही दिक्कत किसी मंत्री या सांसद-विधायक के खिलाफ कार्रवाई करने में आती है। हालांकि पिछले कुछ सालों में ऐसे लोगों के खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाइयां हुई हैं। मगर तब भी यह सवाल उठता रहता है कि सत्तापक्ष के लोगों के खिलाफ जांच एजंसियां कड़े कदम क्यों नहीं उठा पातीं। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले के बाद शायद जांच एजंसियों का साहस कुछ बढ़ा होगा। मगर यह अपेक्षा इसके बाद भी बनी रहेगी कि जांच एजंसियां सत्तापक्ष के दबाव से मुक्त रह कर कितना काम कर पाती हैं।

**भ्रष्टाचार के मामलों में जांच एजंसियों के सामने सबसे बड़ी अड़चन यही आती है कि रसूखदार और सत्तापक्ष से जुड़े लोगों के खिलाफ जांच और कार्रवाई करने में कई तरह की इजाजत लेनी पड़ती है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 20 वर्षों में एक बार मिलने वाली जी20 की इंडिया यानी भारत की अध्यक्षता ऐतिहासिक मानी जाएगी। इस अध्यक्षता ने एक ऐसी अमिट छाप छोड़ी है जिसकी अनदेखी करना घरेलू और विदेशी आलोचकों के लिए भी कठिन होगा। भारत की भौतिक, सांस्कृतिक, सभ्यतागत भव्यता और इसकी आर्थिक, वैज्ञानिक व तकनीकी प्रगति एवं गतिशीलता पूरी तरह से परिलक्षित हुई।

## भारत ने जी20 को आर्थिक सहयोग के एक 'प्रमुख मंच' के रूप में स्थापित किया



**लक्ष्मी पुरी**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 20 वर्षों में एक बार मिलने वाली जी20 की इंडिया यानी भारत की अध्यक्षता ऐतिहासिक मानी जाएगी। इस अध्यक्षता ने एक ऐसी अमिट छाप छोड़ी है जिसकी अनदेखी करना घरेलू और विदेशी आलोचकों के लिए भी कठिन होगा। भारत की भौतिक, सांस्कृतिक, सभ्यतागत भव्यता और इसकी आर्थिक, वैज्ञानिक व तकनीकी प्रगति एवं गतिशीलता पूरी तरह से परिलक्षित हुई।

भारत की कूटनीतिक व सर्वसम्मति निर्माण कौशल और सबसे अधिक आबादी वाले एवं युवाओं की संख्या के मामले में सबसे समृद्ध तथा सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे अधिक विविधतापूर्ण लोकतांत्रिक देश की हैसियत ने इस 'जनता के जी20' में इसकी अध्यक्षता को एक विशेष गरिमा प्रदान की। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की असाधारण प्रतिबद्धता ने भारत को 'विश्वगुरु' और 'विश्वामित्र' के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। भारत की यह छवि उच्चतम स्तर की भागीदारी और एक सार्थक दिल्ली घोषणा में दिखाई दी। यह परिधि से निकलकर वैश्विक आर्थिक निर्णय-प्रक्रिया के केन्द्र में पहुंचने की भारत की यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। भारत ने यह संकेत दिया कि वह उत्तर-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने और संवाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसकी सामाजिक न्याय की विशाल परियोजनाएं ग्लोबल साउथ के देशों में प्रतिकृति और विस्तार की दृष्टि से मानक बनती हैं। तीव्र आर्थिक विकास, सतत विकास, जलवायु कार्रवाई और सभी के लिए मानवीय प्रतिक्रिया से लैस वैश्विक सार्वजनिक कल्याण सुनिश्चित करने के विकसित एवं विकासशील देशों के इस सबसे शक्तिशाली समूह को आगे बढ़ाने के जिम्मेदारियों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी का समावेशी एवं मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण जी20 की भारत की सफल अध्यक्षता की पहचान बन गया।

**भारत ने यह संकेत दिया कि वह उत्तर-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने और संवाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।**

एक अभिजात्य बहुपक्षीय मंच के तौर पर, जी20 का जन्म 2008 के वैश्विक संकट के दौरान हुआ था। इसने वास्तविक सार्वभौमिक बहुपक्षीय मंच से वैश्विक आर्थिक एवंवित्तीय शासन के एजेंडे को अपहत कर लेने की आलोचना को सहते हुए इस संकट से उबरने में काफी हद तक मदद की। पिछले कुछ वर्षों में, जी20 ने अपनी उपयोगिता साबित की है। लेकिन, अब इसे अबतक के गंभीरतम संकटों से निपटना है। अतिव्यापी और आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए ये संकट एक साथ उभरे हैं। इन संकटों में जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय क्षरण से लेकर कोविड-19 से उपजे व्यापक सामाजिक-आर्थिक विनाश, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, भोजन, उर्वरक, ईंधन एवं वित्तीय संकट और आपूर्ति श्रृंखला की असुरक्षा शामिल है, जो ग्लोबल साउथ के देशों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। यह सब एक ऐसे समय में हो रहा है जब संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय संस्थान संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटिरेज के शब्दों में 'भारी शिथिलता के शिकार हो गए हैं'।

18वें जी20 शिखर सम्मेलन में दक्षिणी दुनिया के देशों से किए गए प्रधानमंत्री श्री मोदी के वादे 'आपकी आवाज भारत की आवाज है, आपकी प्राथमिकताएं भारत की प्राथमिकताएं हैं' - को प्रभावशाली और ठोस तरीके से निभाया गया है। भारत ने 54 देशों वाले अफ्रीकी संघ- दूसरे सबसे बड़े संसाधन संपन्न महाद्वीप, जहां 1.466 बिलियन लोग सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पाने के लिए जूझ रहे हैं - को जी20 में शामिल करके वैश्विक शासन की समावेशिता एवं लोकतंत्रीकरण की राह में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जी20 की अध्यक्षता के लिए भारत की सभी सात विषयगत प्राथमिकताओं का जहां तक प्रश्न है, इसने वास्तव में ग्लोबल साउथ के देशों के लिए 'समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्योन्मुख और निर्णायक' परिणाम दिए हैं। इन परिणामों में एसडीजी को हासिल करने की दिशा में हुई प्रगति में तेजी लाना तथा जी20 कार्ययोजना एवं उच्चस्तरीय सिद्धांतों को लागू करना; वित्तपोषण के मामले में व्याप्त अंतर को पाटने तथा यूएनएसजी के एसडीजी संबंधी प्रोत्साहन का समर्थन करने हेतु सभी स्रोतों से किफायती, पर्याप्त एवं सुलभ वित्तपोषण जुटाना; जी20 रोडमैप के अनुरूप स्थायी वित्त को बढ़ाना; खाद्य सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित दक्कन उच्चस्तरीय सिद्धांतों के अनुरूप वैश्विक खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना, खाद्यान्नों एवं उर्वरकों की कीमतों में व्याप्त अस्थिरता से निपटना और आईएफएडी संसाधनों को बढ़ाना शामिल है। 'एक स्वास्थ्य' के दृष्टिकोण को अपनाते हुए, जी20 ने सहयोग का एक व्यापक पैकेज अपनाया, जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व वाली महामारी से जुड़ी तैयारियों एवं निगरानी प्रणालियों को बढ़ाना और स्वास्थ्य सहयोग को वित्तपोषित करना शामिल है।

सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि पेरिस प्रतिबद्धताओं को लागू करने के मजबूत संकल्प के साथ ठोस हरित विकास समझौता थी। प्रधानमंत्री मोदी के लाइफ मिशन को सतत विकास के लिए जीवनशैली से संबंधित जी20 के उच्चस्तरीय सिद्धांतों में रूपांतरित कर दिया गया। इसने हरित जलवायु कोष (ग्रीन क्लाइमेट फंड) की महत्वाकांक्षी दूसरी पुनःपूर्ति और निजी वित्त और जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास, साझाकरण, तैनाती और वित्तपोषण और बहुवर्षीय तकनीकी सहायता योजना (टीएएपी) कार्यान्वयन पर मजबूत प्रतिबद्धता का आह्वान किया। इसने अपने एनडीसी को लागू करने के लिए 2030 से पहले ग्लोबल साउथ के देशों के लिए 5.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत और अकेले स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए चार ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत को रेखांकित किया। इसने विभिन्न पक्षों से 100 बिलियन की पेरिस प्रतिबद्धता को लागू करने और एक महत्वाकांक्षी, पता लगाने योग्य एवंपारदर्शी नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) को निर्धारित करने का आह्वान किया। न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन के संबंध में, ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों पर सहयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के उच्चस्तरीय सिद्धांतों द्वारा संचालित ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर शुभारंभ किया गया। जी20 ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के शुभारंभ के लिए भी संदर्भप्रदान किया।




**जी20 शिखर सम्मेलन ने यूक्रेन-रूस संघर्ष के मुद्दे पर आम सहमति का प्रतिनिधित्व किया और इस बात पर जोर दिया कि यह युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह भरोसे के निर्माण की दृष्टि से एक बड़ी जीत है। इसने भारत को जी20 को सबसे अच्छे और सबसे बुरे समय में बेहद जरूरी वैश्विक आर्थिक सहयोग के एक 'प्रमुख मंच' के रूप में बहाल करने में समर्थ बनाया।**

प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के संबंध में, इसने जी20 2023 वित्तीय समावेशन कार्य योजना, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रणालियों के लिए जी20 फ्रेमवर्क और एक वैश्विक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से संबंधित रिपॉजिटरी के निर्माण व रखरखाव की भारत की योजना का समर्थन किया। कम आय वाले देशों में डीपीआई के लिए क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और वित्त पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के वन फ्यूचर एलायंस (ओएफए) के भारत के प्रस्ताव का स्वागत किया गया। क्रिप्टो परिसंपत्तियों के लिए एक साझा एफएसबी एवं एसएसबी कार्ययोजना तथा एक व्यापक एवं समन्वित नीतियों एवं नियामक ढांचे के लिए एक रोडमैप निर्धारित किया गया।

जी20 ने संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को फिर से सुदृढ़ करने एवं उनमें सुधार करने, बड़े, बेहतर एवं अधिक प्रभावी बहुपक्षीय विकास बैंक प्रदान करने, आईडीए कीमहत्वाकांक्षी 21 पुनःपूर्ति सहित विकास वित्त में बिलियन से ट्रिलियन तक की लंबी छलांग लगाने और आईएमएफ शासन कोटा में सुधार को दिसंबर 2023 तक पूरा करनेका संकल्प व्यक्त किया। विकासशील देशों के अभूतपूर्व 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण के मामले को संबोधित करते हुए, जी20 ने जी20 की ऋण निलंबन पहल के अधिक प्रभावी कार्यान्वयन का आह्वान किया और इससे आगे जाने पर सहमति व्यक्त की। 21वीं सदी के लिए विश्व स्तर पर निष्पक्ष, टिकाऊ एवं आधुनिक अंतरराष्ट्रीय कराधान प्रणाली और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद एवंधन शोधनके मामले मेंउल्लेखनीय प्रगति हुई।

जी20 शिखर सम्मेलन ने यूक्रेन-रूस संघर्ष के मुद्दे पर आम सहमति का प्रतिनिधित्व किया और इस बात पर जोर दिया कि यह युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह भरोसे के निर्माण की दृष्टि से एक बड़ी जीत है। इसने भारत को जी20 को सबसे अच्छे और सबसे बुरे समय में बेहद जरूरी वैश्विक आर्थिक सहयोग के एक 'प्रमुख मंच' के रूप में बहाल करने में समर्थ बनाया। **(लेखिका भारत की पूर्व राजदूत और संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव हैं)**


# जमशेदपुर की खबरें

## ट्रेलर की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत, टेलर जब्त, चालक गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा थाना अंतर्गत टोल ब्रिज में अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में आने से स्कूटी सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गया। बुधवार सुबह लगभग 9 बजे दर्दनाक सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगो में आक्रोश देखा गया। लोगो ने टेलर चालक को टोल ब्रिज में ही रोक कर ली। हालांकि मौके पर ही आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने दल बल के साथ मोर्चा संभाल लिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग घटना स्थल पहुचे। बताया जा रहा है मृतक आदित्यपुर के रहने वाले सरवन कुमार है। वे विदेश में योगा शिक्षक है। हाल ही में बीते 5 महीना पूर्व शादी हुआ था।बुधवार सुबह कदमा से आदित्यपुर की ओर जारहे थे। उसी दौरान पीछे से तेज रप्तार में टेलर की चपेट में आने से टोल ब्रिज पर ही मौत हो गया। भीषण सड़क हसदा में स्कूटी सवार के चिथड़े उड़ गए। स्कूटी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उधर आक्रोशित जनता को देखते हुए कदमा पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस बल भेजने के बाद मामला शांत हुआ। इससे पूर्व प्रत्यक्षदर्शियों ने ट्रेलर चालक की जमकर पिटाई कर दी। थाना प्रभारी राजन सिंह ने मौके पर तत्परता दिखाते हुए किसी तरह आदित्यपुर सीसीआर मोबाइल में बैठाकर चालक को कदमा थाना पहुचाया। भारी मात्रा में पुलिस बल के सहयोग से शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उधर परिवार के लोगो का घटनास्थल पहुंचते ही रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर डीएसपी आरएमएस गुप्ता ने बताया फिलहाल पुलिस ट्रेलर के साथ चालक को हिरासत में ले लिया है। परिवार के शिकायत पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## अभियंता दिवस पर प्रदर्शनी व कवि सम्मेलन 15 को, राष्ट्रीय स्तर के कवि करेंगे शिरकत




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में अभियंता दिवस के अवसर पर 15 सितम्बर को तकनीकी प्रदर्शनी व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने जानकारी दी। सिंह ने बताया अभियंता दिवस पर बड़ी संख्या में सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, मेकैनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन्स इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के मॉडेल्स को विभागों के शिक्षकों के देखरेख में छात्रों ने तैयार की। अभियंता दिवस पर प्रदर्शनी लगायी जायेगी। सिंह ने बताया प्रदर्शनी को सफल बनाने में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कवि सम्मेलन में दिल्ली,उत्तर प्रदेश के मैनपुरी मुरादाबाद, झारखण्ड के रांची व जमशेदपुर से लगभग एक दर्जन राष्ट्रीय स्तर के कवि शिरकत करेंगे। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण हास्य व्यंग्य होगा। कॉलेज के शिक्षक व छात्रगण कविता पाठ करेगें। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया। सफलता के लिए काम कर रहे हैं। मौके पर कॉलेज मैनेजमेंट के सभी आलाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की संकल्प यात्रा 3 अक्टूबर को, तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में जमशेदपुर प्रवेश करेगी। प्रदेश अध्यक्ष महानगर के चारों विधानसभा में प्रस्तावित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर भाजपा ने तैयारियों को तेज कर दी। बुधवार को तुलसी भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, सांसद विद्युत वरण महतो,पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा समेत अन्य शामिल रहे। मौके पर अक्टूबर माह के 3 से 5 तारीख तक प्रस्तावित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर व्यापक चर्चा की गयी। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया 3 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आदित्यपुर पुल के रास्ते शहर में प्रवेश करेंगे। 4 अक्टूबर को पोटका विधानसभा, पुर्वी और पश्चिम विधानसभा एवं 5 अक्टूबर को जुगसलाई विधानसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे। मौके पर महानगर की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन की तैयारी की जा रही है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया। सेवा पखवाड़ा में कई कार्यक्रमों की जानकारी साझा कर इसके सफलता को लेकर व्यापक चर्चा की गयी। बैठक में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान को लेकर भी चर्चा की गयी। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा झारखंड की निकम्मी भ्रष्ट सरकार से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। पूरे राज्य में भय, अराजकता का माहौल है। जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। आने वाले चुनावों में जनता झूठ और लूट की बुनियाद पर टिकी झामुमो-कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। बैठक में देवेंद्र, मिथिलेश यादव, राजेश, चंद्रशेखर मिश्रा, ब्रह्मदेव नारायण, बिनोद, दिनेश, राजन, नीरज सिंह, भरत सिंह, जटाशंकर पांडेय, डॉ राजीव, जितेंद्र, मंजीत, पप्पू, नीलू, शुक्ला, राकेश समेत अन्य मौजूद रहे।




## सामाजिक सेवा संघ ने टाटा मोटर्स के प्लांट हेड को सौपा मांग पत्र

## स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने का किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स कंपनी के सोलर प्लांट में कंपनी के पदाधिकारी संतोष सिंह के द्वारा झारखंड सरकार के निर्देश पर 75%आरक्षण देने के कानून में अवहेलना करने व बाहरी मजदूर व ठेकेदार से प्लांट में काम कराने का सामाजिक सेवा संघ ने विरोध जताया। इससे पूर्व उन्होंने झारखंड सरकार के विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ को इसकी शिकायत की। बुधवार को संघ के एक प्रतिनिधि मंडल कंपनी गेट के समक्ष प्रदर्शन किया। संघ के आवेदन के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष के सचिव द्वारा भेजे गए पत्र टाटा मोटर्स कंपनी के प्लांट हेड को सौपा गया। मौके पर उन्होंने सरकार के नियमों का पालन करने व स्थानीय मजदूरों को रोजगार से जोड़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर राजेश, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के निजी मेडिकल प्रतिनिधि राजकुमार महतो, नवल, शिवलाल, पिंकी, सूरज, सुधाकर, राजेश, अमित, छोटे, राजू, सोनू पात्रों, रोशन नायक मौजूद रहे।



### सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का चुनाव

## मूनका व केडिया ने किया नामांकन, उमड़ा व्यापारियों का सैलाब



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन टीम विजय मुनका नें सदस्यों व समर्थकों की भारी भीड़ देखा गया। बुधवार को नामांकन के दौरान काम किया है, काम करेंगे का नारे के साथ टीम मुनका के समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। युवाओं व बुजुर्ग व्यापारियों की भारी भीड़ जुटी। विजय मुनका नें कहा हम बोलने में नही काम करने में विश्वास रखते है। चैम्बर का वर्तमान स्वरूप हमारे विजन का प्रतीक है। उद्योग के अलावा पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा का हब बनाना जमशेदपुर को मेरी टीम की प्राथमिकता होगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया चैम्बर के चतुर्दिक विकास हेतु टीम मूनका व केडिया को एक मौका अवश्य दें।

## व्यापारियों के लिए चेंबर का दरवाजा 24 घंटे रहेगा खुला : सुरेश संथालिया




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में नामांकन के अतिंम दिन सुरेश सोंथालिया ने टीम के सदस्यों साथ नामांकन किया। बुधवार को नामांकन के दौरान सुरेश सोंथालिया ने कहा व्यापारियों के कहने पर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया। उन्होंने कहा वर्तमान अध्यक्ष विजय आनंद मुनका एकला चलो की तर्ज पर काम करने में विश्वास करते है। व्यापारियों के साथ किए अपने वादे को पूरा नहीं किया। जिसके कारण व्यापारियों में असंतोष है। उन्होंने कहा व्यापारियों के आग्रह पर चुनाव मैदान उतरे हैं। ताकि व्यापारी व सरकार के बीच सेतू का काम कर विकास का कार्य तेजी से बढ़ा सके। उन्होंने कहा इस बार अगर सदस्य का आशीर्वाद मिला तो एक पान दुकान से लेकर फैक्ट्री के मालिक तक के व्यापारियों के लिए चेंबर की दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। व्यापारियों के लिए जिला प्रशासन व सरकार के साथ समन्वय स्थापित करना, कोल्हान में ज्यादा से निवेश कराने का प्रयास करने के साथ ऑन लाइन ट्रेड को नियंत्रित करने के लिए प्रयास करना प्राथमिकता होगी। श्री संथालिया ने कहा व्यापारियों के लिए चैंबर का दरवाजा 24 घंटे खुला रहेगा। व्यापारियों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने चुनाव में व्यापारियों का मन में परिवर्तन आया है। जल्द चुनाव का परिणाम सामने आयेगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## महिला की गड़ासा से गला काट कर हत्या करने का आरोपी देवर गिरफ्तार




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गत 11 सितंबर की शाम मझिआंव थाना क्षेत्र के अधौरा चाका निवासी स्व. हरिनंदन राम की पत्नी अनीता कुवर की मौत गला काटने से हुई थी। उक्त घटना के संबंध में प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि अधौरा टोला चाका निवासी सुरेश राम के पुत्र अभिनंदन अपनी बड़ी भाभी अनीता कुंवर की गड़ासा से गर्दन पर वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर फरार हो गया। जख्मी अनीता कुंवर की गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में रात्रि 9:00 बजे मौत हो गई। उक्त घटना के संबंध में मृतका के भाई संजय राम के बयान पर मझिआंव थाना में घटना का कांड दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। फरार प्राथमिकी अभियुक्त अभिनंदन राम की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर त्वरित गति से छापामारी करते हुए उसे पलामू जिला के पाटन थाना मोतिया खाला से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त गड़ासा बरामद कर लिया गया। छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, विकास कुमार एवं सशस्त्र बाल शामिल थे।

## झामुमो खपरो पंचायत युवा मोर्चा कमेटी का गठन, खुर्शीद हजाम बने अध्यक्ष



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत खपरो पंचायत में झामुमो युवा मोर्चा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से खुर्शीद हजाम को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि कुर्बान अंसारी को सचिव, गुलाम नबी को कोषाध्यक्ष तथा शिव कुमार भुईया, जमील अख्तर, परवेज आलम, जाविद अंसारी, अजीत कुमार यादव, को उपाध्यक्ष और तैंतीस लोगों को सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर खपरो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जफर अंसारी, गढवा अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम, सत्येंद्र यादव, हसीब अंसारी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## मुखिया एवं झामुमो पंचायत अध्यक्ष ने किया धोती साड़ी का वितरण



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत के सिंजो गाँव में झारखण्ड के हेमंत सरकार सोना सोबरण योजना के तहत मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव एवं झामुमो पंचायत अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने ग्रामीण महिला पुरुष लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। धोती साड़ी पाकर ग्रामीण लाभुकों ने हेमंत सरकार तथा झारखण्ड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढवा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर को बधाई दी है। इस अवसर पर बुधन यादव सहित गाँव के बुजुर्ग महिला पुरूष काफी संख्या में उपस्थित थे।

## अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो की टीम 4 -2 से विजयी रही



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला फुटबाल संघ के द्वारा स्थानीय रामा साहू के मैदान में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को गढ़वा एवं बोकारो की टीम के बीच मैच खेला गया।जिसमें बोकारो की टीम 4 - 2 से विजयी रही। मैच के अंतिम 3 मिनट के अंदर बोकारो टीम के खिलाड़ी पदमा डोले ने दो गोलकर अपने टीम को जीता दिया। मैन ऑफ द मैच पदमा डोले को दिया गया।इससे पहले मैच का उद्घाटन उप विकास आयुक्त राजेश राय ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गढ़वा में इस तरह का आयोजन बहुत ही सराहनीय है ।इस प्रतियोगिता से यहां के खिलाड़ियों को एक मौका है जो अपने प्रतिभा को निखार सकेंगे मौके पर फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सह आयोजन समिति के सचिव आलोक मिश्रा, क्रिकेट संघ के सचिव राघवेन्द्र नारायण सिंह, मैच कमिश्नर मोहम्मद फरीद, जगन्नाथ राम, राजेश पांडेय अशोक तिवारी, अजय कांत आदि लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** रंका और गढ़वा प्रखंड के दो दर्जन कार्यकर्ता झामुमो छोड़ कर भाजपा में हुए शामिल

# वर्तमान जनप्रतिनिधि से क्षेत्र की जनता पूरी तरह से ऊब चुकी है : सत्येंद्रनाथ

**सभी को पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी और भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में रंका और गढ़वा प्रखंड के दो दर्जन कार्यकर्ता झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। सभी को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी और भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

मौके पर पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि के क्रियाकलाप से क्षेत्र की जनता पूरी तरह से ऊब चुकी है। चारों तरफ अराजकता का माहौल कायम हो गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अब मंत्री की गुंडागर्दी नही चलने दी जाएगी। सत्ता के बल पर मंत्री क्षेत्र के लोगों को डराने का प्रयास कर रहे हैं। वह क्षेत्र के सभी गांवों में जाकर पिछले चार सालों में मंत्री के द्वारा किए गए काले कारनामें का पदार्फाश करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक सिर्फ दिखावे के लिए अलग-अलग हैं। जबकि दोनों आज भी मैच फिक्सिंग के तर्ज पर काम कर रहे हैं। मौके पर पार्टी में शामिल होने लोगों ने कहा कि वे लोग पढ़े लिखे बेरोजगार हैं। सरकार गठन से पहले चुनाव-प्रचार के दौरान स्थानीय विधायक सह मंत्री ने नौकरी नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी। वहीं महिलाओं को चूल्हा खर्चा के तौर पर सलाना 72 हजार रुपए देने की बात कही थी। लेकिन मंत्री की घोषणा के अनुसार उक्त लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के जनता के प्रति जुझारूपन को देखते हुए उक्त सभी लोग भाजपा में शामिल होकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में पंकज कुमार चंद्रवंशी, रवि कुमार चंद्रवंशी, अर्जुन कुमार चंद्रवंशी, ब्रजेश कुमार राम, चंदन कुमार चंद्रवंशी, निशांत कुमार चौधरी, किरण देवी, हुल्मणी देवी, जुगुल साह सहित दो दर्जन लोगों के नाम शामिल हैं।

मौके पर जिला महामंत्री संतोष दुबे, विवेकानंद तिवारी, मंगलमूर्ति तिवारी, रितेश चौबे, परी पांडेय, विकास तिवारी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुभांगी के डिप्टी कलेक्टर बनने पर कसौधन समाज ने किया सम्मानित

**समाज के युवाओं को सुभांगी गुप्ता से प्रेरणा लेने की जरूरत है : अध्यक्ष उमेश कश्यप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कसौधन समाज के पूर्व उपसचिव मनीष कश्यप की भांजी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में चयनित व डिप्टी कलेक्टर बनने पर कसौधन समाज गढ़वा की ओर से गढ़वा (ननिहाल) आगमन पर सुभांगी गुप्ता, पिता हरिनारायण गुप्ता, माता संध्या गुप्ता का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया।

मेलोडी मंडप छठ घाट के समीप कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा की गयी। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक गोपाल कश्यप के द्वारा किया गया। समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा सुभांगी गुप्ता को मोमेंटों एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। महिला मंच की पदाधिकारी कंचन कश्यप, अर्चना कश्यप, ममता कश्यप, नमिता कश्यप के द्वारा अंगवस्त्र देकर सुभांगी गुप्ता को सम्मानित किया गया। पिता हरिनारायण गुप्ता को सचिव संतोष कश्यप के द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। माता संध्या गुप्ता को महिला मंच की अध्यक्ष शोभा कश्यप के द्वारा अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी महिला पदाधिकारी के द्वारा सुभांगी गुप्ता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। युवा संघ के अध्यक्ष एवं टीम उत्तम, रॉबिन, हर्ष सीटू, राहुल, सूरज, मोहित, सभी लोगों ने मिलकर शुभांगी गुप्ता को मां गढ़देवी का चित्र समर्पित किया।

अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि गढ़वा की भांजी ने छत्तीसगढ़ में समाज का नाम रौशन करने का कार्य किया। इतने कम उम्र में इतना ऊंचा पद हासिल कर इन्होंने पूरे भारत के समाज का मान बढ़ाने का कार्य किया। समाज के युवा बच्चे-बच्चियों को सुभांगी गुप्ता से प्रेरणा लेने की जरूरत है। समाज के लोग बच्चे और बच्चियों में फर्क ना रखें। सभी को समान अधिकार देकर और पूरी लगन के साथ उन्हें पढ़ाएं। समाज के संरक्षक लखन कश्यप ने कहा कि सुभांगी गुप्ता ने समाज के साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया। पूर्व अध्यक्ष रघुवीर कश्यप ने कहा कि शुभांगी गुप्ता ने एक खानदान का नहीं दो खानदान का नाम रोशन किया। नाना नानी एवं दादा दादी का।

मौके पर शुभांगी गुप्ता ने कहा कि पूरी लगन और निष्ठा से पढ़ाई करने की आवश्यकता है, आपको अपना लक्ष्य जरूर हासिल होगा।

मौके पर प्रदेश महिला उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता पूर्व अध्यक्ष मथुरा प्रसाद कश्यप, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश कश्यप, सुभाष कश्यप, पृथ्वीनाथ कश्यप, पारस नाथ कश्यप, अनिल कश्यप, विवेक कश्यप, रंजीत कश्यप, संतोष कश्यप, नागेंद्र कश्यप, अर्चना कश्यप, कंचन कश्यप, ममता कश्यप, नमिता कश्यप, श्यामा दुलारी कश्यप सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## करोड़ों की लागत से हो रहा सदर अस्पताल का सुंदरीकरण, लेकिन नहीं है डेंगू जांच की व्यवस्था

**सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल ने उपायुक्त से मिलकर समस्या से अवगत कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** संसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल ने उपायुक्त से मिलकर शहर में बढ़ रहे डेंगू मरीजों की संख्या और जांच की स्थिति की इस गंभीर समस्या से अवगत कराया एवं अतिशीघ्र समस्या का समाधान का आग्रह किया।

सदर अस्पताल में यथाशीघ्र डेंगु की जांच के लिए इलाइजा टेस्ट की व्यवस्था कराते हुए समुचित इलाज हेतु जागरूकता एवं सघन आबादी वाले क्षेत्रों में फॉगिंग की व्यवस्था करायी जाए

गढ़वा जिला अंतर्गत डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। करोड़ो रुपये की लागत से सदर अस्पताल गढ़वा की सुंदरीकरण का कार्य हो रहा है। परंतु अभी तक सदर अस्पताल में डेंगू की जांच के लिए एलाइजा टेस्ट की व्यवस्था नहीं है तथा संभावित मरीजों के सैंपल मेदिनीनगर,रिम्स रांची भेजा जा रहा है। विदित हो कि डेंगू के मरीजों का यथाशीघ्र पहचान कर समय पर समुचित ईलाज नहीं किया जाये तो यह जानलेवा साबित हो सकता है दूसरी ओर गढ़वा एक ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां बी०पी०एल० परिवारों की संख्या ज्यादा है एवं सुखाड़ के कारण इनकी आर्थिक स्थिति और भी दयनिय हो गई है। इन सब के बावजूद डेंगू के जांच के लिए प्राईवेट अस्पतालों (जाँच घर ) पर निर्भर होने के लिए विवश है।।

## मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के सेवा काल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति करने हेतु पूर्व में आयोजित जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जिला समाहरणालय संवर्ग अंतर्गत वर्ग-03 (निम्न वर्गीय लिपिक) एवं वर्ग- 04 (अनुसेवक) के पद पर नियुक्ति हेतु आज दिनांक 13 सितंबर 2023 को उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में आनंद कुमार पांडे, निम्न वर्गीय लिपिक, अनुरूपा बखला, निम्न वर्गीय लिपिक एवं शिवम कुमार रजक, निम्न वर्गीय लिपिक शामिल हैं। उपायुक्त श्री जमुआर ने सभी नवनियुक्त लिपिकों को शुभकामनाएं दी तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी अनुरूप निष्ठा से करने की बात कहते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त मौके पर स्थापना उप समाहर्ता अरुण उरांव, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार सिंह एवं कर्मी ऋचा कुमारी उपस्थित थीं।

## दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव ने राज्यपाल से मिल कर क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



**कांडी (आजाद सिपाही)।** दृष्टि यूथ ऑगेनाईजेशन के प्रधान सचिव सह युवा समाज सेवी शशांक शेखर मंगलवार की देर शाम राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात कर गढ़वा जिले के कई ज्वलंत समस्याओं सहित कांडी प्रखंड की समस्याओं से महामहिम को अवगत कराया। उनके द्वारा दिये गए पत्र में 9 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यानाकृष्ट कराया है, 9 महत्वपूर्ण बिंदुओं में मुख्य रूप से राज्य में व्याप्त भ्ष्टाचार्र, गढ़वा पलामू के किसानों द्वारा लगातार दो वर्षों से सुखाड़ की मार झेलना व नीलगाय के द्वारा लहलहाते फसलों को बर्बाद करना, वर्षों से लटके मंडल डैम के अवशेष कार्यों को पूरा करना, गढ़वा जिले के खजूरी डैम के अवशेष को पूर्ण कर चालू करवाना, कधवन डैम के कार्य को पूर्ण करना तथा कांडी प्रखंड के सोन नद के किनारे पर हजारों एकड़ भूमि उपलब्ध हैं जंहा सोलर प्लांट लगाया जा सकता है, कांडी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों का नही बैठना, पूरे प्रखंड में एम्बुलेंस की व्यवस्था नही होना। कांडी में आई टी आई कि शिक्षा की शरुआत किया जाए ताकि क्षेत्र के युवक लाभ ले सकें। उसके अलावें उन्होंने अपने दिए गए पत्र में जिक्र किया है कि ईमानदारी पूर्वक कार्य करने वाले अधिकारियों का तबादला कर दिया जाता है जिसमें उन्होंने जिले के अधिकारी रमेश घोलप का उदाहरण दिया है। इन्ही बिंदुओं को लेकर एक पत्र के माध्यम से शशांक ने राज्यपाल से सरकार का इन सभी बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराने का अनुरोध किया है।

## मेराल प्रखंड के बीआरपी शिव शंकर त्रिपाठी के निधन पर शोक व्यक्त

**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल प्रखंड शिक्षा विभाग के बीआरपी तथा गढ़वा प्रखंड के दुबे मरहटिया गांव निवासी, शिव शंकर त्रिपाठी का निधन बुधवार को इलाज के दौरान रांची के सैनिक अस्पताल में हो गया। जानकारी के अनुसार शिव शंकर त्रिपाठी विगत कुछ महीनो से लीवर की बीमारी से ग्रसित थे। उनके निधन पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा, चौबे, बीपीओ पूनम श्री, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा कुमार गौरव नवनीत मिश्रा अनूप शुक्ला सत्येंद्र चौबे अंशुमान घर दुबे, अशोक विश्वकर्मा, रामप्रवेश प्रसाद संजय सिंह आकाशदीप, त्रिपुरारी तिवारी, सूर्य देव तिवारी, सत्येंद्र पांडे, पीयूसीएल के एसएन पाठक सुरेश मानस आदि ने शिव शंकर त्रिपाठी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
(प्रथम अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)
ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/GIRIDIH/1117 दिनांक :– 11.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, गिरिडीह अन्तर्गत बगोदर बाईपास के पास Old GT Road के पथांश कि0मी0 31.900 से कि0मी0 36.154 तक पथ (कुल लम्बाई – 4.254 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य वर्ष 2023–24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू0 13,52,35,019.00 (तेरह करोड़ बावन लाख पैंतिस हजार उन्निस रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 04 (चार) माह |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2023 12:00 बजे दिन तक |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 15.09.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 06532 – 227054 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651 – 2401010 |

नोट :– प्राक्कलीत राशि घट बढ़ सकती है।
अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह।
PR.NO.306845 Road(23-24):D

**कार्यक्रम :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# डिजिटल साक्षरता ने वर्तमान जीवन को बेहतर बनाया है : मदन केशरी

**आज के बदलते परिवेश में डिजिटल का ज्ञान हम समस्त लोगों के लिए अनिवार्य हो गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में डिजिटल का ज्ञान हम समस्त लोगों के लिए अनिवार्य हो गया है। डिजिटल साक्षरता शब्द एक अवधारणा है। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने हमें मोबाइल और कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक संसाधन बनाने में सक्षम बनाया है। उन्हीं संसाधनों का पूरी तरह से उपयोग करने की क्षमता डिजिटल साक्षरता है। इस समय हम लगातार डिजिटल इंडिया की अवधारणा सुन रहे हैं। हर आवश्यक वस्तु और सेवा ऑनलाइन उपलब्ध है। इसी तरह ऑनलाइन शिक्षा और सोशल मीडिया के स्तर पर मोबाइल या कंप्यूटर का ठीक से उपयोग करने में सक्षम होना एक आवश्यकता बन गई है। अभी हर नागरिक इंटरनेट की दुनिया से जुड़ रहा है। इसके लिए एक निश्चित, कंप्यूटर भाषा और कुछ तकनीकी मुद्दों और अव धारणाओं की आवश्यकता होती है, जिसके बिना आपके लिए आसानी से डिजिटल रूप से साक्षर बनना असंभव है।

इंटरनेट की वजह से पूरी दुनिया करीब आ गई है। इंटनेट के बढ़ते उपयोग को देखते हुए, यदि अधिकांश लोग इसका उपयोग कर सकते हैं, तो हम इंटरनेट की एक अलग दुनिया देखेंगे। इसके लिए भविष्य में सभी लोगों को डिजिटल रूप से साक्षर होने की जरूरत है। वर्तमान में स्कूली बच्चे और युवा पीढ़ी शिक्षा और अन्य सुविधा का काम ऑनलाइन कर रहे हैं उनके लिए डिजिटल रूप से साक्षर बनना बहुत आसान है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, उदय प्रकाश, संजीव कुमार, मुकेश कुमार भारती, आलोक सिन्हा, नीरा शर्मा, सुनिता कुमारी, नरेन्द्र सिन्हा, रिजवाना शाहिन, सरिता दूबे, निलम कुमारी, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी

टेन्डर रेफरेंन्स न0–प0नि0वि0/खूँटी/726 ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस दिनांक: 13.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | मुरहू (जीवनटोली) – इन्दीपीढ़ी – सर्वदा – बिरबांकी – कोचांग – बन्दगॉव पथ के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 31.00 तक में Retaining Wall / Breast Wall निर्माण कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 99,99,500.00 (रूपये निनावें लाख निनावें हजार पांच सौ) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राषि | रू0 2,00,000.00 (दो लाख) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | तीन माह |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय | 06/10/2023 12.00 बजे दोपहर तक। |
| 6. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 03/10/2023 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06528–221215 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आवश्यक हैं।
- प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट – बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र में देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईड http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रण्मडल, खूँटी
PR 306912 (Road)23-24*D

## मवेशी चराने के विवाद में हुई थी नारायण मुंडा की हत्या, दो आरोपित गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के सरीदकेल साकेटोली गांव के नारायण सिंह मुंडा की हत्या महज मवेशी चराने के विवाद में कर दी गयी थी। गत छह सितंबर को नारायण सिंह मुंडा की गोली मारकर और धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों मंगरा हस्सा उर्फ राय हस्सा उम्र 21 वर्ष ग्राम सारिदकेल साकेटोली और मंगरा पाहन उर्फ पका पाहन उम्र 20 वर्ष ग्राम सरितकेल सिगिनटोला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक अन्य आरोपित सुखराम मुंडा को पुलिस पहले ही नौ सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। इस आशय की जानकारी देते हुए खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नारायण सिंह मुंडा और मंगरा हस्सा पड़ोसी थे। कुछ दिन पहले नाराण के मवेशी मंगरा के खेत में चले गए और फसल को नुकसान पहुंचाया था। इस बात को लेकर नारायण और मंगरा के बीच विवाद हुआ था। उसी रात को मंगरा अपने साथियों पका पाहनए सुखराम मुंडा और अन्य सहयोगियों के साथ नारायण सिंह मुंडा के घर पहुंचा और हड़िया पीने के बहाने दरवाजा खुलवाया। जैसे ही नारायण ने दरवाजा खोलाए अपराधियों ने गोली माकर और टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में मृतक के पुत्र सुनील मुंडा के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में हत्या के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम में खूंटी के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पिंकू कुमार यादवए एससी एसटी थाना प्रभारी कामेश्वर कुमारए पुलिस अवर निरीक्षक चंद्रशेखर पिंगुवाए रवि सोनीए सुधीर कुमारए राजेश हाजराए भजनलाल महतोए अखिलेश कुमार और खूंटी थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। एसडीपीओ ने बताया कि छापामारी टीम द्वारा बुधवार को दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया और मंगरा हस्सा की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की टांगी और एक मोबाइल बरामद किया गया। हत्याकांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत खूंटी टोली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मिट्टी संग्रह



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** देश के रक्षा में स्वतंत्र सेनानियों और वीरों को सम्मान देने के लिए भाजपा द्वारा चलाये जा रहे मेंरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के बुधवार को भाजपा खूंटी नगर मंडल क्षेत्र में खूंटी टोली में पवित्र मिट्टी का संग्रह किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गांवों की इस पवित्र मिट्टी से देश की राजधानी दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा।

## आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा। यह अंत्योदय की अवधारणा से प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का प्रयास है। जिला जन संपर्क विभाग जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि 13 सितंबर को आयुष्मान भव का ऑनलाइन शुभारंभ राष्ट्रपति द्वारा किया गया। जिला और प्रखण्ड स्तर पर ऑनलाइन माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इसका आयोजन किया गया। बताया गया कि आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा में आयुष्मान आपके द्वार 3.0 आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड का निर्माण और वितरण के लिए फ्रंट लाइन वर्कर, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका और आयुष्मान मित्र द्वारा गृह भ्रमण किया जाएगा। साथ ही आयुष्मान मेला सेवा पखवाडा के तहत प्रत्येक हेल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्र में स्वास्थ्य संबंधी स्क्रीनिंग तथा टेलीमेडिसिन ज्मसम डमकपबपदम की गतिविधि की जायेगी, जिसमे प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को एचडब्ल्यूसी आयुष्मान मेला लगाया जाना है।

## पिपरवार के कल्याणपुर में एतिहासिक जितिया मेला को लेकर कमेटी का गठन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर सरना क्लब मे तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला के आयोजन को लेकर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी और संचालन शिवशंकर साव ने किया। बैठक में आगामी 8 अक्टुबर से 10 अक्टुबर तक कल्याणपूर मे तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया,साथ ही मेला के सफल आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया। जिसमे संरक्षक टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी, फूलचंद टाना भगत, अलेकजेंडर तिग्गा, धनेश्वर, क्यूम, नागेश्वर, रमेश, शिवशंकर साव वही अध्यक्ष फूलदेव टाना भगत, उपाध्यक्ष निर्मल उरांव, सचिव बालेश्वर उरांव, सह सचिव बालकंत उरांव, कोषाध्यक्ष मानेश्वर, अरुन उरांव को बनाया गया। इसके अलावे दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## कंपनी के अंदर जागरूकता अभियान चलाया गया



**टायमारा (आजाद सिपाही)।** दशमफाल थाना क्षेत्र के पांचा गांव मे स्थित बिनायका कंपनी मैं कार्यरत महिला /लड़की को महिला सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान के तहत महिला थाना बुंडू के स0 अ0 नि0 नीता कुमारी के द्वारा कंपनी के अंदर महिला के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर दशमफाल थाना प्रभारी प्रेम प्रकाश मौजूद थे।

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने उलिहातू में लगाया एलपीजी शिविर

## जागरूक दृष्टिकोण अपनाते हुए एलपीजी गैस का उपयोग करें ग्रामीण : उपायुक्त

**प्रखंड विकास पदाधिकारी को सभी छूटे हुए लोगों से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिये।**




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में बुधवार को एलपीजी शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन करते हुए उपायुक्त लोकेश मिश्र ने उलिहातू गांव के सर्वांगीण विकास को ले कर जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। उपायुक्त ने कहा कि गांव में स्वच्छ ईंधन एलपीजी के उपयोग को बढ़ाने और उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को उलिहातू गांव में एलपीजी शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने ग्रामीणो से आग्रह किया कि वे इस एलपीजी का उपयोग करें। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सभी छूटे हुए लोगों से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए। शिविर में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पल्लव कुमार महाप्रबंधक खूंटी टर्मिनल ने बताया कि इस तरह के आयोजन को हम लोग एलपीजी पंचायत कहते हैं, जहां आईओसीएल के अधिकारी ग्रामीणों के बीच जा कर उनकी एलपीजी कनेक्शन से संबन्धित समस्याओं को हल करते है और एलपीजी उपयोग से जुड़ी कार्यविधि, सुरक्षा और सावधानी के बारे में जागरूक करते हुए प्रत्यक्ष प्रदर्शन देते हैं। इसी क्रम में उलिहातू प्रज्ञा केंद्र के नवाकर्षित भवन के प्रांगण में उपायुक्त ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया।

### भाजपा कार्यालय में सोशल मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला आयोजित

## लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया की बहुत बड़ी भूमिका होगी: राहुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में शंखनाद अभियान के तहत सोशल मीडिया विभाग को सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए जिला स्तरीय सोशल मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा के सोशल मीडिया संयोजक राहुल अवस्थी और शंखनाद अभियान के खूंटी जिला प्रभारी राहुल शाहदेव ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। मुख्य अतिथि प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक राहुल अवस्थी ने कहा कि सोशल मीडिया की मजबूत एवं प्रभावी टीम के साथ पार्टी लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का रूप बदलता जा रहा है। इस बदलाव के साथ अपनी कार्यपद्धति को लगातार बदलना है। लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर युवा शक्ति का है। युवा शक्ति सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा सक्रिय है। युवाओं के बीच अपनी बात पहुंचाने का सोशल मीडिया ही सबसे बेहतर तरीका है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया लोगों तक अपनी आवाज और अपने किये गये कार्यो को पहुंचाने का ससक्त माध्यम है। सोशल मीडिया जिला प्रभारी राहुल शाहदेव ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष में हुए सकारात्मक बदलाव की सच्ची तस्वीर हर हाल में जनता तक पहुंचनी चाहिए। इसके लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से ज्यादा ताकतवर मंच और कोई नहीं हो सकता है। इसलिए अपने मण्डलों के सोशल मीडिया टीम को मजबूत करें। जिला महामंत्री बिनोद नाग ने भी सोशल मीडिया की भूमिका की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल और धन्यवाद ज्ञापन सोशल मीडिया सह प्रभारी महावीर राम ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष संजय आइटी संयोजक गुलाब अमित कश्यप अर्जुन पाहन टिबू नाग सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जन समस्याओं के समाधान में जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में अड़की प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, कर्मियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें अनुमंडल पदाधिकारी, सभी मुखिया, पंचायत समिति के सदस्य, ग्राम प्रधान और प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान के लिए सरकार के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने गांव के विकास के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा लोगों से सहयोग का आग्रह किया। इस दौरान उपायुक्त ने सड़क, पेयजल, 15वें वित्त की योजनाएं, आवास का लाभ, मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के लाभ, स्वास्थ्य, कृषि, विद्युतीकरण, आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधा समेत अन्य योजनाओं का लाभ देने को लेकर चर्चा की और प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित मुखिया समेत अन्य जन प्रतिनिधियों को शत प्रतिशत लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि 15वें वित्त की योजनाओं के चयन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में हैंडवाश यूनिट, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, बिजली, आधारभूत संरचना सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाना महत्वपूर्ण है। इसके लिए ग्राम पंचायत और सभी जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से जागरूक रह कर कार्य करने की आवश्यकता है।

बाद में उपायुक्त ने विद्यालय में घूम घूम कर पठन पाठन, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, साफ सफाई, शौचालय, पानी और बिजली आदि सुविधाओं का जायजा लिया और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार से बेहतर परिणाम मिलेगा। विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा मिले, इसके लिए आधारभूत संरचना को विकसित कर विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाया जा रहा है। विद्यार्थियों को सही शिक्षा मिले इसके सभी को प्रयास करना हर स्तर पर आवश्यक है।

### 21 सितंबर को तोरपा पहुंचेगी भाजपा की संकल्प यात्रा, होगा जोरदार स्वागत

## हर कार्यकर्ता राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले : कोचे मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी द्वारा भोगनाडीह से शुरू की गई संकल्प यात्रा 21 सितंबर गुरुवार को तोरपा पहुंचेगी। तोरपा में संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया जायेगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर तोरपा नगर भवन में बुधवार को तोरपा विधाननसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की हुई बैठक में विचार विमर्श किया गया और कार्यकताओं को जिम्मेवारियां सौंपी गयी। बैठक में तोरपा के विधायक कोचे मुंडा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थेए जबकि कार्यक्रम के तोरपा और खूंटी विधानसभा प्रभारी और भाजपा के प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। भाजपा तोरपा मंडल के अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने आंगतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने संकल्प यात्रा के संबंध में बताया कि संकल्प यात्रा संताल परगना के भोनाडीह से 17 अगस्त को शुरू की गई है और 10 अअक्टूबर को इसका समापन होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार झारखंड को गर्त में पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अधिकारी निरंकुश हो गए हैं। विधायक ने कहा कि राज्य में बिना घूस दिये कोई का नहीं होता। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता राज्य की निकम्मी हेमंत सरकार को उखाड़ कर फेंकने का संकल्प ले। इसीको लेकर राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में सकल्प यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि 21 सितंबर को संकल्प यात्रा के पहुंचने पर एक सौ से अधिक मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ उसका स्वागत किया जायेगा और तोरपा प्रखंड मैदान में आयोजित सभा में भारी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण भाग लेंगे। कोचे मुंडा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ही राज्य का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा ने किया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष विनोद कृष्णा तोरपा मंडल अध्यक्ष रनिया अध्यक्ष निखिल गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंहए बानो मंडल अध्यक्ष कामेश सिंहए हुरदा मंडलल अध्यक्ष ओमिन तिग्गा विनोद धानए विनय गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची-टाटा राजमार्ग पर दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल





**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू के नवरात्रि टोली निवासी किशन मिश्रा और पुराना बाजार टोली निवासी पवन जायसवाल का दुर्घटना रांची टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर बुधवार को हो गयी है दोनों जे एच 01 ईयू 1888 से चांडिल थाना क्षेत्र के चिलगू के समीप अपने रिश्तेदार के घर गये थे वापसी के दौरान दुबराजपुर के पास दुर्घटना के शिकार हो गये दुर्घटना में दोनों के हाथ टूट गया है और हालत गंभीर बनी हुई है जिन्हें बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### ईचागढ़ में पोषण माह का किया गया आयोजन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर के सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय पोषण माह का आयोजन बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से किया गया। पोषण माह एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक हर आंगनवाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र में मनाया जाता है,ओर गर्भवती माता,धात्री माता,ओर छोटे बच्चे की मां को पोषण के बारे विस्तृत जानकारी दिया जाता है, इस बार झारखंड सरकार ने सुपोषित झारखंड, साक्षर झारखंड ओर सशक्त झारखंड का स्लोगन के अनुरूप पोषण माह मना रहा है, इसी बीच अनुमंडल पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर पोषण रथ वाहन को प्रखंड परिसर से रवाना किया। इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा,बीडीओ कीकू महतो, सीओ भोला शंकर महतो, महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री, जया पाण्डेय, प्रखंड प्रमुख गुरुपद मारडी, सहित सैकड़ों सेविकाएं उपस्थित थे ।

### असंगठित मजदूरों को स्थाई करे प्रबंधन : अब्दुल्ला



**खलारी (आजाद सिपाही)।** असंगठित मजदूर की बैठक बुधवार को डकरा स्टेडियम में सोनू पांडे की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी शामिल हुए । बैठक के संबोधित करते हुए मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि देश की सेवा के लिए रात दिन असंगठित मजदूर मेहनत कर रहे है। सभी असंगठित मजदूर को स्थाई करना चाहिए। क्योंकि आज कोयला उत्पादन के लिए असंगठित मजदूर का मेहनत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता गई। इसलिए देश के सभी असंगठित मजदूर प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द सभी मजदूर को स्थाई कर देना चाहिए। इस बैठक में मुख्य रूप से सुनील सिंह, अशोक सिंह, कृष्णा सिंह, अमजद खान, अरविंद कुमार, अफजाल अंसारी, रवि केसरी, इरशाद खान, मिथुन राणा ,विकास लोहार, विजय कुमार, वसीम अंसारी, मुमताज अंसारी, प्रमोद कुमार ,धर्मेंद्र चौहान, विनोद कुमार आदि शामिल थे।

### यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन डकरा शाखा की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन डकरा शाखा की बैठक बुधवार को क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मनोज कुमार ने की। बैठक में शाखा सचिव दिनेश भुइया के द्वारा यूनियन का रिपोर्ट सौपा गया। इस दौरान शाखा प्रभारी के द्वारा बताया गया कि डकरा परियोजना कार्यालय में मजदूरों के काम में परेशान किया जा रहा है। मजदूरों का मेडिकल कार्ड बनाने, सर्विस रिकॉर्ड में नाम जोड़ने या हटाने, आवास आवंटन समेत कई कार्यो के लिए परेशान किया जा रहा है। जिस पर निर्णय लिया गया कि सभी बातों को महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के अधिकारियों से अवगत कराया जायेगा। इसके अलावा कॉलोनी में लाइट लगाने, बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने, पानी की नियमित आपूर्ति करने, कॉलोनी की साफ सफाई करने, मजदूरों की पदोन्नति समिति कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा चौहान, क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश भर, अशोक राम, लुकदेव उरांव, भरत गंझु, मयूर गंझु, मनोज कुमार, रामू, बीफा गंझु, बुधन गंझु समेत कई लोग मौजूद थे।

### संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा संपन्न



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत नवाडीह आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा संपन्न हुआ। वार्षिक आम सभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में पेड़ायडीह मुखिया अनिता देवी तथा डोमन सिंह मुंडा विशेष रूप से उपस्थित हुए जिनका भव्य स्वागत महिला समुह के बहनों के द्वारा किया गया। महिला दीदियों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि जेएसएलपीएस महिला सशक्तिकरण का एक महत्वाकांक्षी योजना है जिससे जुड़कर महिलाएं स्वालंबन और आत्मनिर्भर तथा जागरूकता के आगे बढ़ सकती है। देश की वित्तीय व्यवस्था को संभालने वाली महिला है। मुखिया अनिता देवी ने भी अपने वक्तव्य में महिला उत्थान के लिए कई जानकारियां दीं। वहीं सीएलएफ दीदी रानी परवीन, दीदी पंचमी, दीदी पार्वती ने वार्षिक कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम में होलिका देवी, चांदमनी देवी,ललिता देवी, विन्ध्येश्वरी ,संज्योति देवी, अनिता देवी तारिणी देवी, उमेश्वरी देवी सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल थीं।

### विश्वकर्मा पूजा की तैयारी जोरों पर



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा की तैयारी पूरे जोर-शोर से की जा रही है। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां बड़े पैमाने पर विश्वकर्मा पूजा की जाती है। पिपरवार क्षेत्र के सभी परियोजना कार्यालय, ट्रांसपोर्टिंग कार्यालय,विद्युत सब स्टेशन सभी गैरेज सहित अन्य जगहों पर धूमधाम के साथ विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया जाता है। अशोक परियोजना के वर्कशॉप में विश्वकर्मा पूजा को लेकर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पूजा के सफल आयोजन को लेकर विश्वकर्मा पूजा समिति का गठन किया गया। कमेटी में संरक्षक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, अध्यक्ष खान प्रबंधक एसके सिंह, उपाध्यक्ष शंभु शरण प्रसाद, मनोज कुमार, कौशल आर्य, अजित कुमार भंडारी, सचिव मिथिलेश कुमार, सह सचिव शेषनाथ प्रसाद, जैनुल अंसारी, राजेश प्रजापति, लखन साव, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार महतो, सह कोषाध्यक्ष स्वरूप सनायमत को बनाया गया। इसके अलावा सिंह,ओम प्रकाश चौहान, प्रदीप कुमार सहित कई लोगों को समिति में शामिल कर उन्हें अलग-अलग जिम्मेवारी दी गयी है।

## आजसू पार्टी के 16 सितंबर को हटिया विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने का निर्णय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** आजसू पार्टी नगड़ी प्रखंड समिति की बैठक टिकरा टोली स्थित मेहता बैंक्वेट हॉल में हुई। बैठक में ग्राम अध्यक्ष और ग्राम प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है, जो हमेशा स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देती है। हमें अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने की जरूरत है। ग्राम प्रभारी ईमानदारीपूर्वक अपने काम में लग जायें। जो भी संसाधन की जरूरत होगी पार्टी उसे पूरा करेगी।

बैठक की अध्यक्षता करते आजसू पार्टी के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांशी ने कहा कि हटिया विधानसभा के जन जन को पार्टी के नीति सिद्धान्त के बारे अवगत कराना है। आजसू पार्टी ही प्रदेश को विकास की राह में ले जाने की ताकत रखती है। आगामी 16 सितंबर को आजसू पार्टी का हटिया विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन नगड़ी स्थित लालगुटवा बैंक्वेट हॉल में किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो उपस्थित होकर हटिया विधान सभा के हजारों कार्यकर्ताओं को संदेश देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना आजसू पार्टी के एक- एक कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है। बैठक का संचालन अरबिंद भगत ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन लाल प्रेमप्रकाश शाहदेव ने किया। मौके पर सपौर तिग्गा, आजम अंसारी, राजाराम महतो, गुलरेज अंसारी, चिंटू मिश्रा, त्रिलोकी महतो, विशाल कुमार, नवल महतो, मीना तिग्गा, बबिता देवी, सुशांति खेस, इरफान अंसारी, लक्ष्मी मिर्धा, जहाना प्रवीण सहित सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अनगड़ा के बीसा पंचायत में डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित चलंत लोक अदालत सह जागरूकता वैन बुधवार को बीसा गांव पहुंचा। जहां ग्रामीणों को डायन-बिसाही सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता कविता काथी, शिवानी सिंह, बेबी सिन्हा, लता कुमारी, तारा मिंज, शीला देवी, युधिष्ठिर महतो, मुन्नी देवी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। मौके पर डालसा के अधिवक्तागण एवं पीएलवी नें लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया तथा बाल विवाह, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, पीड़ित मुआवजा आदि के संबंध में न्याय प्राप्ति हेतु उपाय के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने नालसा व झालसा के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी तथा न्यायालय में चल रहे विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से निपटारा करने पर बल दिया। मौके पर बीसा एवं अनगड़ा बाजार में मोबाइल वैन से जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों के बीच पम्पलेट एवं लीफलेट का वितरण किया गया।

## जिला ग्रामप्रधान संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** ग्रामप्रधान संघ जिला रांची के अध्यक्ष उमेश बड़ाईक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की तथा विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से पेसा कानून के तहत छोटानागपुर प्रमंडल में चयनित ग्राम प्रधानों को कोल्हान एवं संथालपरगना के ग्राम प्रधानों की तरह अधिकार एवं सुविधा प्रदान करने, ग्रामप्रधानों को भी लगान रसीद निर्गत करने का अधिकार देने, सभी ग्राम प्रधानों के लिए परिचय पत्र निर्गत करने, राजस्व ग्राम में रिक्त ग्राम प्रधान पद पर चयन करने, राजस्व ग्राम अंतर्गत जमीन की खरीद-बिक्री एवं नामांतरण से पूर्व ग्रामसभा से इसका अनुमोदन कराने, बालू घाट, हाट-बाजार के बंदोवस्त का अधिकार ग्रामसभा को देने, ग्राम प्रधानों के मानदेय में वृद्धि करने, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन का उपयोगिता प्रमाण पत्र ग्रामसभा के माध्यम से निर्गत करने का अधिकार देने आदि मांग शामिल है। मौके पर मनीष कुमार महली, रीतू पुरण सिंह मुण्डा, रामलगन मुण्डा, बाबुलाल बड़ाईक, ठाकुर मनमोहन सिंह मुण्डा, सोमरा उरांव आदि मौजूद थे।

## बिहार विधानसभा में एमएलसी रहे स्व. छत्रपति शाही मुंडा की पुण्यतिथि मनायी गयी



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा में एमएलसी रहे स्व. छत्रपति शाही मुण्डा का द्वितीय पुण्यतिथि बुधवार को उनके पैतृक गांव नवागढ़ में मनायी गयी। कुशल नेतृत्व के धनी स्व. छत्रपति शाही मुण्डा संवैधानिक ज्ञान एवं सीएनटी एक्ट के जानकार के साथ-साथ प्रखर वक्ता भी थे। उन्होंने आदिवासियों को एकजुट कर अपने हक एवं अधिकार की लड़ाई के लिए जीवन के अंतिम समय तक मार्गदर्शन करते रहे। वे राजनीतिक क्षेत्र में रहते हुए समाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाते रहे। आज उनके द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पुत्र सह आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुण्डा, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, आदिवासी जन परिषद के जिला अध्यक्ष सावना मुण्डा, राजेश पहान आदि ने सर्वप्रथम अपने हड़गड़ी स्थल पर पूजा अर्चना करने के पश्चात उनके फोटो में पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही उनके बनाये मार्ग में चलने व उनके अधूरे स्वप्न को पूरा करने का संकल्प लिया। मौके पर लखीचरण मुण्डा, मुचीराम मांझी, दिनेश कुमर बेदिया, फनी बेदिया, मनोहर सिंह मुण्डा, रघु बेदिया, विवेकानंद शाही, सोमरा बेदिया, रोहित शाही, विनय सिंह मुण्डा, प्रमेशवर सिंह मुण्डा, पंचम भोगता, तुलसी महतो एवं अन्य लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** जोन्हा में विश्व आदिवासी अधिकार दिवस समारोह सह संगोष्ठी आयोजित

# यूसीसी कानून बना तो फिर आदिवासियों की पहचान मिट जायेगी : प्रेम शाही मुंडा

**समारोह में आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिए एकजुट होने का लिया संकल्प**

**मैट्रिक, इंटर सहित खेलकूद में शानदार प्रदर्शन करने वाले आदिवासी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** आदिवासी अधिकार विकास मंच के तत्वावधान में बुधवार को डहुवा मैदान जोन्हा में विश्व आदिवासी अधिकार दिवस समारोह सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस समारोह में हजारों की संख्या में आसपास के आदिवासी समुदाय सहित रांची जिले के विभिन्न प्रखण्डों के आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए तथा अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आदिवासी जन विकास परिषद के प्रेम शाही मुण्डा, प्रभाकर नाग, नामकुम जिप सदस्य विपीन टोप्पो, निरंजना हेरेंज, जगन लिण्डा, किष्टो कुजूर, रामानंद बेदिया, रोशन लाल मुण्डा, विक्की पहान, हिरदू उरांव, रविन्द्र कुमार, आनंद पहान आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मैट्रिक, इंटर बोर्ड सहित खेलकूद में शानदार प्रर्दशन करने वाले आदिवासी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मौके पर बोलते हुए प्रेमशाही मुण्डा ने कहा कि यूसीसी कानून के बहाने आदिवासियों के अस्तित्व को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। कहा कि यदि यूसीसी कानून बना तो फिर आदिवासियों के सारे संवैधानिक अधिकार छिन जाएंगे। ग्रामसभा को खत्म कर आदिवासियों के रूढ़ीवादी परंपरा को खत्म करने की साजिश हो रही है। वहीं पेसा कानून को पूर्णतः लागू नहीं कर जल, जंगल और जमीन के अधिकार से भी आदिवासियों को वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने आदिवासियों को अपने हक अधिकार के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़ने तथा यूसीसी का सड़क पर उतरकर विरोध करने का आहवान करते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने तथा संवैधानिक अधिकार के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाना होगा।

निरंजना हेरेंज ने कहा कि राजनीतिक दल आदिवासियों को वोट बैंक के रूप में उपयोग करते हैं। शहर में बाहरी लोग जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। कहा कि जिस तेजी के साथ बाहरी लोग यहां आबाद हो रहे हैं वह दिन दूर नहीं जब आदिवासी यहां अल्पसंख्यक बन जाएंगे। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रिझुवा मुण्डा ने, संचालन हरदयाल मुण्डा व विनोद उरांव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन भारत सिंह भोगता ने किया। कार्यक्रम को सफल करने में रिझुवा मुण्डा, हरदयाल मुण्डा, राजू उरांव, बिरू उरांव, बिरसा उरांव, बिरसा तिर्की, संजय मुण्डा, विषमशाही मुण्डा, गोपाल लोहरा, भगत सिंह भोगता, कृष्णा मुण्डा, सोमरा उरांव, सोनू उरांव, बुथरू उरांव, विजय खलखो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट गेतलसूद में 24 नवंबर से

**केके सोन बनाये गये टूर्नामेंट के मुख्य संरक्षक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन गेतलसूद स्कूल मैदान में 24 नवंबर से किया जाएगा। फाइनल 10 दिसंबर को खेला जाएगा। उक्त निर्णय बुधवार को गेतलसूद स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजन समिति राजेन्द्र यूनाइटेड के सदस्यों की हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र शाही मुडा ने की। केन्द्र सरकार में श्रम विभाग के संयुक्त सचिव केके सोन लगातार 15वीं बार टूर्नामेंट के मुख्य संरक्षक बनाये गये।



### सात लाख रुपये का रखा गया है इनाम

18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट में कुल सात लाख रुपए का इनाम रखा गया है। चैंपियन टीम को डेढ़ लाख, उपविजेता टीम को एक लाख नकद सहित तीसरे व चौथे स्थान पर रही टीम को पचीस-पचीस हजार रुपए नकद दिये जाएंगे। प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट को एलइडी टीवी अभिषेक वस्त्रालय गोंदलीपोखर की ओर से दिया जाएगा। प्रत्येक मैच के प्लेयर आफ मैच को नकद पुरस्कार एक हजार रुपया दिया जाएगा। विशेष जानकारी के लिए आयोजन समिति के सचिव अनिल कुमार चौधरी के मोबाइल नंबर 9431326982 व 9905758173 पर संपर्क किया जा सकता है। आयोजन समिति के सीइओ जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस बार कोलकाता लीग खेलनेवाली दो टीमों के अलावा उड़ीसा व यूपी की टीम टूर्नामेंट में शामिल होगी।

पूरी कमेटी इस प्रकार है। अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुण्डा, महाप्रबंधक सागर साहू, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, सचिव अनिल कुमार चौधरी, प्रबंधक संतोष कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजन महतो, प्रवक्ता शिवदास गोस्वामी, कार्यालय प्रभारी विक्रम बैठा, स्वागत समिति का अध्यक्ष संजय नायक, सलाहकार समिति संजय कुमार महतो, उमेश गोप, सोमनाथ मुण्डा, पन्नालाल बर्डमैन, संरक्षक डा. प्रदीप वर्मा, नवनीत सिंह, डा. अमर कुमार चौधरी, प्रमुख दीपा उरांव, विजय भरत, शांति मुण्डा, रामानंद बेदिया, मधुसूदन मुण्डा, कार्यकारी अध्यक्ष पारसनाथ भोगता, रामपोदो महतो, रामकृष्ण चौधरी उर्फ मदारी, उमेश गुप्ता, भुवनेश्वर बेदिया, जाकिर खान, भोला महतो, राजेश लोहरा, रणवीर कुजूर, उपाध्यक्ष शंकर बैठा, रामसाय मुण्डा, पंकज कुमार महतो, कामेश्वर महतो, अजय उरांव, गौरीशंकर मुण्डा, बिनोद चौधरी, हेमनाथ महतो, सुरेश कुमार महतो, राजेश ठाकुर, बिगेश्वर महतो, वीरेन्द्र सिंह भोगता, सुनील बांडो, विपिन मुण्डा, संयुक्त सचिव सौरव कुमार महतो, शिवलाल महतो, राहुल मुण्डा, अमित महतो, विक्की टाइगर, धर्मवीर नायक, नारायण महतो, अनंत चौधरी, फूलेन्द्र लोहरा, राज बैठा, दिलीप मुण्डा, बिटटू लोहरा, गणेश लोहरा, शिबू लोहरा, जितेन्द्र मुण्डा, राजेन्द्र लोहरा, सूरज नायक, मुन्ना नायक, मुकेश लोहरा, जीतून महतो, संजीव कुमार सिंह, भीम महतो को बनाया गया।

## दुघर्टना में चुटूपालु गांव के एक युवक की मौत, दो गंभीर

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चुटूपालु गांव के युवक अमित साहू उर्फ मुन्ना पिता स्व. नरेश साहू, फैजान अंसारी, पिता फिरोज अंसारी व प्रवीण कुमार पिता बसंत सिंह मोटरसाइकिल नं. जेएच 24के0317 में रामगढ़ से चुटूपालु आ रहे थे। संध्या सात बजे के करीब आगे जा रहे ट्रक नं. सीजे 04 एन एच 5226 से टक्कर हो जाने से अमित साहू उर्फ मुन्ना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं प्रवीण व फैजान गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज सदर अस्पताल रामगढ़ में चल रहा है।

## विधायक ने फुटबाल स्टेडियम का किया शिलान्यास

**इटकी (आजाद सिपाही)।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को इटकी पश्चिमी पंचायत के सियार टोली गांव में फुटबॉल स्टेडियम का शिलान्यास किया। विधायक ने इस क्रम में गांव के ग्रामीणों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इससे पूर्व विधायक ने गढ़गांव पंचायत भवन के पास हर घर नल जल योजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास के मौके पर उप प्रमुख प्रवेश राजा, रमेश महली, बलराम गोप, राजन किस्पोट्टा, सुनील उरांव, अनमोल लकड़ा, अजय कुमार, प्रभात लकड़ा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** वाइबीएन विश्वविद्यालय में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन

# कार्यक्रम में रांची सांसद ने सभी को पंचप्राण की शपथ दिलायी

**सभी को अपने गांव की मिट्टी से जुड़कर रहने की आवश्यकता है तभी राष्ट्र सुदृढ़ होगा : संजय सेठ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** वाई.बी.एन विश्वविद्यालय रांची द्वारा बुधवार को युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रांची सांसद संजय सेठ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी को पंचप्राण की शपथ दिलायी। विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा गांव की माटी कला के रूप में विश्वविद्यालय के द्वारा उन्हें दी गयी। जिसे वे भारत सरकार को सौंपेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी को अपने गांव की मिट्टी से जुड़कर रहने की आवश्यकता है तभी राष्ट्र सुदृढ़ होगा।



इस अवसर पर मैराथन का आयोजन रेड रिबन क्लब अंतर्गत किया गया। जिसे सांसद एवं विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुरुष वर्ग के लिये 5 किलोमीटर और महिला वर्ग के लिये 3 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। इस दौड़ प्रतियोगिता में कुल 140 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सफल होने वाले प्रतिभागी पुरुष वर्ग में मोहम्मद इमरान अजीज, विनय, विकास, दयानिधि पात्रा, ज्ञान कपरी एवं महिला वर्ग में पूनम टोपनो, ममता कुमारी, तियाराज, मनीता किस्कू, एवं मनीषा तिर्की शामिल हैं। इस अवसर पर एनएसएस स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ बृजेश कुमार सिंह, एन.वाई के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एस पी सिंह, एन वाईके के गौरव अग्रवाल अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, सिल्वे मुखिया नूतन पाहन, चेयरमैन रामजी यादव, सीईओ इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति डॉ एसपी यादव, कुलसचिव श्रीरमण दुबे, डीएसडब्ल्यू डॉ. अर्पणा शर्मा, एनएसएस कोऑर्डिनेटर कौशल कुमार, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अंजनी कुमार सिंह, एनएसएस एवं आरआरसी समिति और स्पोर्ट्स कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा ने 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत चेतनबारी में किया मिट्टी संग्रह



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** देश के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले करोड़ों वीरों व वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रारंभ 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम चलाया जा रहा है।कार्यक्रम के तहत बुधवार को ओरमांझी मंडल के ग्राम चेतनबारी में भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी घरों से पवित्र माटी संग्रह किया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, शशि मेहता, राजकिशोर साहू, अजय साहू, रामलखन महतो, कामेश्वर महतो, मनोज महतो सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मिट्टी संग्रह




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बुधवार को नरकोपी व बेड़ो भाजपा मंडल महामंत्री बलराम सिंह व राजेश साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के दिघिया व जरिया पंचायत के गांव में जाकर घर-घर से मिट्टी संग्रह करने का कार्य किया। मौके पर बलराम सिंह ने कहा शहर से लेकर गांव तक प्रत्येक घर की एक मुठ्ठी माटी कलश में एकत्रित की जा रही है। जिसके लिए प्रत्येक गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली काम कर रही है। उन्होंने कहा भारत के प्रत्येक नागरिक पर अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी है। यह अभियान पर्यावरण के लिए अमृत साबित होने वाला है। इस कार्यक्रम में भाजपा के आदित्य ताम्रकार अरूण प्रसाद गुप्ता, विनोद साहू, अनिल साहू, सुरेश साहू, राजेंद्र साहू, संदीप ठाकुर, कृष्णा खलखो, दिलीप खलखो, विनोद महतो सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के बीच छात्रवृति व पुस्तक का किया गया वितरण

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा के छात्रों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना 'विज्ञान ज्योति' के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके झा, जेएनवी रांची के उपप्राचार्य डीके साहू, जेएनवी रांची के आचार्य आनन्द प्रकाश मिश्रा, मॉडल स्कूल बीआईटी मेसरा रांची के द्वारा कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्राओं को छह महीनों का छात्रवृत्ति और लगभग बारह हजार की प्रतियोगी किताबों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को विज्ञान के प्रति रुचि और भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में योगदान देना और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बच्चों के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय के विज्ञान ज्योति प्रभारी रंजन कुमार, गणित विभाग के दिनेश कुमार, चिलदग स्कूल की विज्ञान शिक्षिका होलिका महतो, मॉडल स्कूल के शिक्षक हकेश राजू ,विज्ञान विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षकतेर कर्मचारी उपस्थित थे।

## झारखंड पब्लिक स्कूल का 18वां स्थापना दिवस मना




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी प्रखंड के मनातू में स्थित झारखंड पब्लिक स्कूल का 18वां स्थापना दिवस मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, जिपपू सरिता देवी, पंसस रश्मि रेखा मुंडा, उप मुखिया राज किशोर साहू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर स्कूल के बच्चों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि सुदूर देहात में स्कूल खोलकर शिक्षा का अलख जगाना बहुत ही प्रशंसनीय है। कार्यक्रम को प्रमुख अनुपमा देवी, जिपपू सरिता देवी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर स्कूल परिवार के विक्रांत तिवारी,अलखनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## मांडर थाना प्रभारी ने की पेट्रोप पंप संचालकों के साथ बैठक



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना स्थित इंस्पेक्टर कार्यालय में बुधवार को थाना प्रभारी विनय कुमार यादव की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक हुई। जिसमे सीसीटीवी कैमरा, लॉकर फैसिलिटी, कैश को बैंक तक पहुंचाने के दौरान रास्ते पर सुरक्षा, पंप के अगल बगल असमाजिक तत्व पर निगरानी, कैश काउंटर में ताला लगाने, पंप के सामने वाले मुख्य पथ पर अच्छे किस्म का कैमरा लगाने, पंप के सामने अनावशयक वाहन का पड़ाव नहीं होने, हर पंप में रात्रि में एक व्यक्ति तैनात करने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से अवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, मौके पर इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, सुदीप तिग्गा, मनोहर साहू, अशोक शाह, विकास सिंह, मिथलेश प्रताप, मुस्लिम अंसारी उपस्थित थे।

## प्राकृतिक तरीके से संभव है बहुत सी बीमारियों का इलाज : रामटहल चौधरी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, अनिद्रा सहित मानसिक और शारीरिक रोगों से ग्रस्त हो चुके है और दवाओं के सहारे जी रहे है तो एक बार प्राकृतिक तरीके से अपनी बीमारियों का उपचार कराने के लिये खुद को तैयार करें। यह तरीका अन्य तरीकों से ज्यादा सुरक्षित और कारगर हो सकता है। इसके लिये आपको मदद करेगा झारखंड एक्यूप्रेशर परिषद टाटीसिलवे सेंटर उक्त बाते बुधवार को रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने एक्यूप्रेशर सेंटर टाटीसिलवे में कही। गौरतलब है कि श्री चौधरी और वाक्सपोल रांची के मैनेजर विश्राम चौधरी टाटीसिलवे स्थित एक्यूप्रेशर सेंटर पहुंचे और सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेंटर के विधि व्यवस्था एवं इलाज की पद्धति को बारीकियों से देखा व समक्षा, साथ ही उन्होंने इसके प्रति समर्पित भाव से सेंटर का उत्थान एवं विकास पर विचार विमर्श किया और जल्द ही सेंटर की मरम्मती और रंग रुहान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे, डॉ बलराम महतो, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ रुकमणी कुमारी, मां एक्यूप्रेशर के चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# झारखंड सोशल एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजे गये पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल

## नेपाल, भूटान, सिंगापुर, मलेशिया सहित देश व विदेश के कई प्रांतों में पर्यावरणविद को अब तक मिल चुका है 58 अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रांची के होटल चाणक्या बीएनआर में आयोजित झारखंड सोशल एक्सीलेंस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता के साथ रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, डीजीपी अजय सिंह ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर अतिथियों ने राज्यभर से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

उक्त कार्यक्रम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को अतिथियों ने शॉल व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने के बाद अपने संबोधन में पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल ने देशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा है कि दूर दृष्टि, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा के साथ किये गये निःस्वार्थ कार्य कभी बेकार नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पांच दशक से उनके द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में लगाय गये पौधा अब फल देने लगा है। यही कारण है कि अक्टूबर से सितंबर माह के इस 11 महीने की अवधि में अबतक सूबे के राज्यपाल,विस अध्यक्ष सहित कई नामीगिरामी हस्तियों के हाथ नौ अवार्ड मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं।

वन राखी मुवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि इस वर्ष उन्हें सूबे के राज्यपाल, सीपी राधाकृष्णन जी से दो बार, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रांची सांसद संजय सेठ,राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पलामू प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी, तत्कालीन उपायुक्त ए दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित कई स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा उन्हें अवार्ड मिला है।

उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें और उनकी धर्मपत्नी सह डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को इस वर्ष मलेशिया में आयोजित कार्यक्रम में आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान नामक अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। जो उनके जीवन में गौरव का क्षण है। कार्यक्रम में रांची विवि के वाईस चांसलर, विधायक सीपी सिंह समेत सूबे के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# पलामू आइजी ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए गठित की टीम

## पलामू, गढ़वा, लातेहार के 200 अपराधियों की बनायी लिस्ट

आजाद सिपाही संवाददता



**मेदिनीनगर।** पलामू के आईजी कार्यालय में आईजी राज कुमार लकड़ा ने अपराधियों की नकेल कसने के पूरी रणनीति तैयार कर ली है। पलामू, गढ़वा, लातेहार जिले में पुलिस के लिए सिरदर्द बने हैं वैसे अपराधियों के लिए तीनों जिलों की पुलिस एक खाका तैयार कर उन्हें चिन्हित कर रही है। पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा बताया कि पलामू, गढ़वा और लातेहार में कुल 200 से अधिक अपराधी है। जिसमे 50 अपराधी मोस्ट वांटेड है। इनको पकड़नें के लिए पुलिस अपना काम कर रही है। अगर वह पुलिस की पकड़ से बाहर है तो वैसे अपराधियों को सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करना। साथ ही इन अपराधियों की सत्यापन की जाएगी और उसकी सूची बनायी जायेगी। उन्होंने बताया कि अभी वर्चुअल मोड में सत्यापन की व्यवस्था की जा रही है। और पलामू, गढ़वा और लातेहार जिला में स्पेशल टीम का गठन किया गया है जो अपने स्तर से कार्य करेगी। श्री लकड़ा ने कहा कि अपराधी कितना भी शातिर हो उसके लिए पुलिस तैयार है। अब अपराधियों की जगह जेल में हैं।

# विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**मनातू (पलामू) (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा समिति चक शिव मंदिर के प्रांगण में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अशोक कुमार अग्रवाल ने की। बैठक में प्रमुख रूप से इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने हेतु चर्चा किया गया। साथी साथ दुर्गा पूजा मनाने हेतु पूजा समिति का भी गठन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी ग्रामवासी पूजा समिति के सदस्यों द्वारा सर्व समिति से उदेश यादव को अध्यक्ष बनाया जबकि सचिव विनोद कुमार प्रजापति तथा कोषाध्यक्ष संतोष यादव को बनाया गया। इसके उपरांत नए पदाधिकारी को बधाई और शुभकामना दिया गया। बैठक में सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सोना सोबरन योजना के तहत वार्ड तीन में धोती - साड़ी का हुआ वितरण



**विश्रामपुर / पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड तीन में सोना सोबरन योजना के तहत बुधवार को कार्डधारियों के बीच धोती - साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। लाभुकों के बीच धोती - साड़ी का वितरण कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने किया। श्री पांडेय ने कहा कि झारखंड सरकार आम लोगों के भलाई हेतु कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।बस जरूरत है सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की। उन्होंने कहा कि सोना सोबरन योजना से प्रदेश की लगभग आबादी लाभान्वित हो रही है। मौके पर डीलर उर्मिला देवी, चंद्रशेखर दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# बीपीएस स्टूडेंट्स काउंसिलिंग का चुनाव संपन्न, साक्षी कुमारी बनी स्कूल कप्तान

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के बुन पब्लिक स्कूल परिसर में स्टूडेंट्स काउंसलिंग का चुनाव सम्पन्न हुआ। स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों से छात्रों के हित के लिए स्कूल कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्कूल हेड बॉय, स्कूल हेड गर्ल का चुनाव हुआ, इस चुनाव में क्लास फाइव से क्लास टेन तक सभी छात्र- छात्राओं ने भाग लिया, स्कूल के छात्र- छात्रा ने अलग-अलग पद के लिए अपना नामांकन कर बच्चों के बीच अपने लिए वोट मांगे, सभी पदों के लिए बच्चों ने इवीएम का बटन दबाकर अपना अपना वोट डाला, वोटिंग की शुरूआत स्कूल के निदेशक मयंक भूषण सिंह और सीईओ बिरेंद्र कुमार ने इवीएम का बटन दबाकर किया। निर्वाचन पदाधिकारी सोनू कुमार और शिक्षिका विभा राय को पोलिंग पदाधिकारी बनाया गया। इस चुनाव में स्कूल कैप्टन के लिए साक्षी कुमारी और सलोनी कुमारी वाइस कैप्टन के लिए निर्वाचित हुए। वही हेड गर्ल के लिए स्वीटी कुमारी और प्रत्युश उपाध्याय हेड बॉय के पद पर निर्वाचित हुए।

# बिश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त को दी गयी सम्मानपूर्वक विदाई



**बिश्रामपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद कार्यालय परिसर में बिदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। समारोह में सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज को सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी। बताते चलें कि मो. प्रवेज का बिश्रामपुर से तबादला हो चुका है। समारोह में नवपदस्थापित सहायक नगर आयुक्त दानिश हुसैन का स्वागत भी किया गया। निवर्तमान वार्ड पार्षदों और नप पदाधिकारियों-कर्मियों ने दोनो अधिकारियों को सम्मानित किया। मो.प्रवेज ने कहा कि सरकारी सेवा में तबादला - पदस्थापना एक प्रक्रिया है। जिससे सभी सरकारी अधिकारियों - कर्मियों को गुजारना पड़ता है। हमने साढ़े तीन वर्ष के अपने कार्यकाल में बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के विकास का भरपूर प्रयास किया। जिसमें सभी का सहयोग भी मिला। समारोह में सीओ बिक्रम आनंद, छतरपुर दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह, सिटी मैनेजर सुभाष हेमब्रेम, प्रभात कुमार, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, समाजसेवी मनउवर खान, इदरीश हवारी, ज्वाला गुप्ता, नजमुदीन नूरी, सोनू दुबे, सुबोध केशरी, दीपक कुमार, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, रंजीता देवी, जेई विभूति भूषण, शमीम अंसारी, रवि कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# खेलो झारखंड के तहत बक्शी उच्च विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** खेलो झारखंड 2023 -24 के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुसैनाबाद के बक्शी उच्च विद्यालय के प्रांगण में किया गया। 11 सितंबर से आयोजित खेल प्रतियोगिता का समापन 12 सितंबर की शाम को किया गया।इस दौरान विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन का किया गया। 100 मीटर से 1500 मीटर का दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक, कबड्डी, खो-खो का मैच कराया गया। जिसमें कबड्डी और खो- खो बालक वर्ग में उच्च विद्यालय हार्वे सोन भैली प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में कबड्डी में राजकीय प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी खेल और टीम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम ने किया। पूरे खेल का संपादन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयराम मेहता,प्रखंड संसाधन केंद्र हुसैनाबाद के द्वारा कराया गया। खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में रिसोर्स शिक्षक विनोद कुमार, बक्शी उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, शिक्षक सुशील सिंह, शिक्षक आलोक कुमार यादव, खेल शिक्षक जगदीश कुमार यादव, शशिकांत यादव, धर्मेंद्र यादव मनोज शर्मा, रंजीत कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

जिप उपाध्यक्ष व सदस्य ने किया निरीक्षण, निर्माण कराया बंद, कहा

# कुसुमडिपा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में अनियमितता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भौंरो मलंग टोली के नाम पर मलंग टोली से पांच किलोमीटर दूर बलसोता कुसुम डिपा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण बुधवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव और जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने किया है। इस दौरान कुसुमडिपा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में काफी अनियमितता देखने को मिली है। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव ने कहा कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लोहरदगा द्वारा 55 लाख रुपये की लागत से योजना का क्रियान्वयन भंडरा प्रखंड के मलंग टोली में किया जाना था। इससे भंडरा प्रखंड के मलंगटोली गांव सहित सीमांत के गुमला जिले के भी कई गांव के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलता। साथ ही उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती गयी है। इसकी जानकारी उपायुक्त डाक्टर कृष्ण प्रसाद बाघमारे को देने के बाद जिला परिषद की बैठक में रखा जायेगा। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य को बंद रखने का निर्देश दिया है।

## स्पोर्ट्स



वनडे इतिहास में पहली बार पूरे 10 विकेट स्पिनर्स के खिलाफ गंवाए। श्रीलंका के लेफ्ट आर्म स्पिनर दुनिथ वेल्लालागे ने 5 और ऑफ स्पिनर चरिथ असालंका ने 4 विकेट लिए। मिस्ट्री स्पिनर महीश तीक्षणा को एक विकेट मिला।

# रोहित के 10 हजार वनडे रन पूरे, जडेजा एशिया कप में टॉप इंडियन बॉलर बने

एजेंसी



**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका को एशिया कप में 41 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने 53 रन बनाए, इसी के साथ उन्होंने वनडे क्रिकेट में 10 हजार रन भी पूरे कर लिए। एशिया कप में यह उनका 10वां फिफ्टी प्लस स्कोर रहा, उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा।

**एशिया कप में भारत के टॉप बॉलर बने जडेजा:** रवींद्र जडेजा ने श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट लिए। इसी के साथ उनके वनडे एशिया कप में 24 विकेट हो गये और वे टूर्नामेंट इतिहास में भारत के सबसे सफल गेंदबाज बन गये। उन्होंने लेफ्ट आर्म पेसर इरफान पठान का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 22 विकेट लिए हैं।

कुलदीप यादव इस रिकॉर्ड में तीसरे नंबर पर पहुंचे। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 4 विकेट लिए, अब उनके वनडे एशिया कप में 19 विकेट हो गये हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 17 विकेट हैं।

**श्रीलंका ने लगातार 14वें मैच में विपक्षी टीम को ऑलआउट किया:** श्रीलंका ने लगातार 14वें वनडे में विपक्षी टीम को ऑलआउट किया। श्रीलंका विपक्षी टीम को ऑलआउट करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम लेकर चल रहा है। दूसरे नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका ने 10-10 बार विपक्षी टीम को ऑलआउट किया है।

**पहली बार भारत के सभी 10 विकेट स्पिनर्स ने लिए**

टीम इंडिया 213 रन बनाकर 49.1 ओवर में ऑलआउट हो गयी टीम ने वनडे इतिहास में पहली बार पूरे 10 विकेट स्पिनर्स के खिलाफ गंवाए। श्रीलंका के लेफ्ट आर्म स्पिनर दुनिथ वेल्लालागे ने 5 और ऑफ स्पिनर चरिथ असालंका ने 4 विकेट लिए। मिस्ट्री स्पिनर महीश तीक्षणा को एक विकेट मिला। इससे पहले, भारत ने 1997 में श्रीलंका के ही खिलाफ एक वनडे में पारी में स्पिनर्स के खिलाफ 9 विकेट गंवाए थे। श्रीलंकाई स्पिनर्स ने कोलंबो के मैदान पर अपना ही रिकॉर्ड सुधारा और सभी 10 विकेट झटक लिए।

**सबसे तेज 1000 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप:** रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने 80 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। इसी के साथ दोनों के बीच महज 12 पारियों में कुल एक हजार रन की साझेदारी हो चुकी है। दोनों सबसे तेजी से इस मुकाम तक पहुंचे। उन्होंने पाकिस्तान के फखर जमान और इमाम-उल-हक का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 15 पारियों में एक हजार रन की साझेदारी की थी।

**रोहित का एशिया कप में 10वां 50+ स्कोर, सचिन को पीछे छोड़ा:** रोहित शर्मा ने वनडे में लगातार तीसरी फिफ्टी लगायी। उन्होंने 48 गेंद पर 53 रन बनाये। इसी के साथ वे वनडे एशिया कप में सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 9 फिफ्टी प्लस स्कोर हैं। रोहित शर्मा ने एशिया कप में कुल 9 फिफ्टी और एक सेंचुरी लगाई है, जबकि सचिन ने 7 फिफ्टी और 2 शतक लगाए हैं।

**रोहित शर्मा ने 10 हजार वनडे रन पूरे किये:** रोहित शर्मा के वनडे करियर में 10 हजार रन पूरे हो गए। उन्होंने पारी में 22वां रन बनाते ही यह रिकॉर्ड बनाया। वे 10 हजार रन बनाने वाले छठे भारतीय बने। उनसे पहले विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, महेंद्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ ही ऐसा कर सके हैं। रोहित ने 10 हजार रन के लिए महज 241 पारियां लीं, जो दुनिया में विराट के बाद सबसे तेज है। विराट ने 205 पारियों में ही 10 हजार रन पूरे कर लिए थे।

**भारत एशिया कप के फाइनल में: लगातार 13 वनडे जीतने के बाद 41 रन से हारा श्रीलंका, कुलदीप ने झटके 4 विकेट**

भारत ने एशिया कप 2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने चौथे सुपर-4 मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका को 41 रनों से हराया। श्रीलंका को लगातार 13 वनडे जीतने के बाद हार मिली। सबसे ज्यादा लगातार वनडे जीत के मामले में टीम दूसरे नंबर पर रही। 21 जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया पहले पर है।

रेल प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगा रेल विस्थापित संघर्ष समिति ने किया मैथन मोड़ में सभा का आयोजन

# अपनी बातों से मुकर रहा है रेल प्रबंधन जरूरत पड़ी तो करेंगे आंदोलन : अरूप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चिरकुंडा।** विस्तारीकरण के नाम पर रेलवे प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ एवं पुनर्वास के मुद्दे पर बुधवार को मैथन मोड़ में रेल विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले जन सभा का आयोजन किया गया। सभा मे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, जिला परिषद सदस्य बादल बाउरी माले नेता नागेन्द्र कुमार, मनोरंजन मलिक मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि रेल कोरीडोर के लिए जमीन के मामले पर रेल प्रबंधन व रेल कोरीडोर प्रबंधन से पूर्व में बातचीत हुई थी, 40-45 मीटर तक जमीन पर लेने पर सहमति बनी थी लेकिन मध्य पंचायत के सलीका से लेकर शिवलीबाडी पूरब एवं मेढा पंचायत में करीब 120 मीटर तक में बसे लोगो को नोटिस दिया गया है और झारखंड सरकार के जमीन पर बसे लोगो को भी नोटिस देकर लोगों में आतंक फैलाया जा रहा है। रेल प्रबंधन अपनी बातों से मुकर रहा है इसके लिए फिर से संबंधित अधिकारियों से बातचीत होगी और जरूरत पड़ी तो आंदोलन किया जायेगा। विस्तारिकरण में विस्थापित होने वाले परिवारो के पुनर्वास को लेकर राज्य सरकार से भी बातचीत होगी। अगर बात नही बनी तो आरपार की लडाई लड़ी जायेगी। मौके संतू चटर्जी, कल्याण राय, मनोज यादव, कमलेश सिंह, सूरज पासवान, सत्येन्द्र चौहान, मुख्तार अंसारी, संजीत यादव, बिहारी यादव, सूरज सिंह, विजय सिंह, अंजू चटर्जी, मेनका मंडल, रीना चौधरी, कौशर अंसारी, भोला गुप्ता, प्रकाश सिंह सहित कई विस्थापित मौजूद थे।



## चिरकुंडा नगर परिषद के नये कार्यपालक पदाधिकारी ने लिया पदभार



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में संदीप पासवान ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। एग्यारकुंड बीडीओ सह परिषद के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने नये कार्यपालक पदाधिकारी को पुष्प गुच्छा देकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और उन्हें प्रभार सौंपा। बताते चलें कि एग्यारकुंड बीडीओ ही चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के प्रभार में थे। नव नियुक्त कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करते हुए संदीप पासवान ने कहा कि यह उनकी पहली पोस्टिंग है। आगे कहा कि चिरकुंडा नगर परिषद की अधूरे पड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जायेगा एवं क्षेत्र में विकास योजनाओं का सही तरीके से क्रियानवयन करेंगे। मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष, नगर प्रबंधक मुकेश निरंजन, पूर्व उपाध्यक्ष सहित पार्षद गण उपस्थित थे।

## मिलन समारोह में दूसरी यूनियन छोड़ दर्जनों ने ली बीसीकेयू की सदस्यता



**चिरकुंडा।** बुधवार को जूनकुंदर श्रमिक कल्याण केंद्र में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन का मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दूसरे कई यूनियन को छोड़कर दर्जनों मजदूर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन में शामिल हुए। सभी का स्वागत माला पहनाकर यूनियन के महामंत्री अरूप चटर्जी ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रवक्ताओं ने कहा की बीसीकेयू हर सदस्य के समस्या का समाधान करने के लिए कटिबद्ध है। मौके पर जीप सदस्य बादल बाउरी, चन्दन सिंह, संतु चटर्जी, कल्याण राय, माणिक गोराई, बरूण गोस्वामी, रवि घोष, नंटु गोस्वामी, भोला पोद्दार, मो कलाम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 20 सितंबर को विस्थापित दामोदर वैली वास्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले करेंगे डीवीसी प्रशासनिक भवन का घेराव




**चिरकुंडा।** दामोदर वैली वास्तुहारा संग्राम समिति द्वारा बुधवार को मैथन के डाइक एरिया स्थित समिति के प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष वासुदेव महतो ने कहा कि डीवीसी के निर्माण में विस्थापित हुए लोगों को तक न्याय नहीं मिला। डीवीसी द्वारा कई बार विस्थापितों के साथ समझौता के बाद भी विस्थापितों के साथ लगातार अन्याय करती आ रही है। विस्थापित समिति के बैनर तले आगामी 20 सितबंर को डीवीसी क्षेत्र संख्या छः स्थित प्रशासनिक भवन का अनिश्चित कालीन घेराव करेंगे। प्रेस वार्ता में सुरेंद्र नाथ मूर्मू, रवि शंकर सेन, अय्यूब अंसारी, बगाल मरांडी, बिनोद बिहारी हेंब्रम उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**कतरास।** बरोरा थाना अंतर्गत कतरास -डुमरा हिरक मार्ग पर लेडीडुमर हनुमान मंदिर के समीप बुधवार को सड़क दुर्घटना में भटमुरना निवासी 17 वर्षीय मयंक राम की दर्दनाक मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लगभग 12 बजे कतरास की ओर से आ रही मोटरसाइकिल संख्या जेएच10सीके/2181 विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल से टकरा गया। जिससे एक दुपहिया वाहन पर सवार भटमुरना निवासी मयंक रोड पर गिर गया। इसी बीच पीछे से आ रही ट्रक संख्या जेएच13एफ /8678 की चपेट में ले लिया और मयंक की मौके पर ही मौत हो गई। बताते चले कि ट्रक लिलोरी मंदिर से पूजा कराकर आ रहा था इसी बीच यह दुर्घटना घट गया। सुचना पाकर बरोरा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया।

## वेदांता में रक्तदान शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल सी एस आर, रेड क्रॉस सोसाइटी, बोकारो और सिटीजन्स फाउंडेशन के सहयोग से, 13 सितंबर 2023 को एक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन ओएचसी, 16 खाता पर हुआ और इसमें कई उत्साही दाताओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस आयोजन में मुख्यअतिथि श्री आशीष गुप्ता, सीईओ वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड और विशिष्ट अतिथि डॉक्टर यू सी मोहंती, एम ओ इंचार्ज, रेड क्रॉस सोसायटी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री आशीष रंजन, प्रमुख सामुदायिक संबंध और श्री विजय सिंधु मुख्य सुरक्षा अधिकारी भी वहा उपस्थित थे। रक्तदान शिविर का प्रमुख उद्देश्य विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों, जैसे कि लगभग 110+ कर्मचारी, व्यापारिक साथी, विक्रेता, और समुदाय के सदस्यों ने स्वैच्छिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके रक्तदान के महान कार्य का सहयोग करना था। वेदांता ईएसएल सी एस आर अपने सभी दाताओं के निस्वार्थ और सम्मानजनक योगदान देने के लिए सभी दानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। रक्तदान के तत्काल कार्य से परे, इस आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। रक्तदान करना एक सरल लेकिन गहरा संकेत है। जो जरूरतमंद लोगों की भलाई और उनके अस्तित्व पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता हैं। वेदांता ईएसएल का समाज को संवेदनापूर्ण बनाने और सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देने का संकल्प इस आयोजन के माध्यम से स्पष्ट था, क्योंकि इसका उद्देश्य समुदाय के समग्र कल्याण को बढ़ावा देना हैं। रक्तदान शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ, और वेदांता ईएसएल सी एस आर अब ऐसे प्रयासों को जारी रखकर व्यक्तियों और समुदाय के जीवन में सकारात्मक पहल करने के लिए उत्सुक है।

## उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में पुल का शिलान्यास



**गोमिया।** गोमिया प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र झुमरा पहाड़ की तलहटी में बड़की सीधावारा पंचायत के नावाडीह गांव के समीप मंडरिया नाला में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना मद से बनने वाली सवा दो करोड़ पुल का शिलान्यास बुधवार को गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया।इस अवसर पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास के कार्य कराए जा रहे हैं और लोगों की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कहा कि सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य सड़क से जोड़ा जा रहा है और पुल-पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में काफी कार्य किया जा रहा है। विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि पूरे गोमिया विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास के कार्य किये जा रहे हैं और लोगों को उनकी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क व पुल पुलिया के निर्माण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है और सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कहा कि कोई भी ऐसा ग्रामीण क्षेत्र नहीं होगा,जहाँ पर सड़क न हो।सड़क बनने पर ग्रामीण अपनी उपज का सामान शहरी क्षेत्रों में जा कर बेच सकेंगे और रोजगार से जुड़ सकेंगे। इसी प्रकार घर घर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बिजली,शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काफी कार्य किये जा रहे हैं।

## डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतरास शाखा का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**कतरास।** धनबाद जिला डेकोरेटर्स कतरास शाखा का 20वां वार्षिक अधिवेशन बुधवार को कतरास स्वास्तिक सिनेमा स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव द्वारका तिवारी ने डेकोरेटर्स संचालकों से अपने-अपने कार्य में गुणवत्ता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने संगठन पर चर्चा करते हुए कहा की संगठन मजबूत होगा तभी आप मजबूत होंगे। जिस किसी पार्टी का काम लेते हैं पूरी ईमानदारी से करें। पदाधिकारी को संगठन के प्रति जिम्मारदार होना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि 24 सितंबर को धनबाद टाउन हॉल में डेकोरेटर्स एसोसिएशन का महा अधिवेशन होने जा रहा है जिसमें 18 शाखाओं के 17 सौ सदस्य भाग लेंगे। अधिवेशन को सफल बनाने की अपील की है। कहा कि इसी दिन डेकोरेटर्स, लाइटिंग, फ्लावर, कैटर्स का 25% की बढ़ोतरी की घोषणा की जाएगी।

# विधायक बिरंची नारायण ने बोकारो में रेल सुविधा बढ़ाने की मांग की, महाप्रबंधक को दिया ज्ञापन

- विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी ने महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा को सौंपा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन दक्षिण पूर्व रेलवे आद्रा मंडल में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला रेलवे स्टेशन है। इस स्टेशन पर यात्री सुविधा का घोर अभाव है, जिससे आमजनों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जो निम्नलिखित है:-

1. बोकारो रेलवे स्टेशन से एन.एच. तक टु लेन सड़क का निर्माण किया जाय
2. रेलवे कॉलोनी में 25 बेड का अस्पताल शुरू किया जाय ताकि बोकारो जेनरल अस्पताल एवं उन्हें इलाज हेतु आद्रा जाना न पड़े। दूर इलाज कराने जाने के क्रम में उनकी स्थिति बिगड़ जाती है।
3. रेलवे कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधा देने की आवश्यकता है क्योंकि अनुरक्षण के अभाव में कर्मचारी कॉलोनी जर्जर हो चुकी है।
4. बोकारो से होकर गुजरने वाली सभी गाड़ियों में आपात कोटे की व्यवस्था हो।
5. चास स्टेशन से गुजरने वाली पैसेंजर ट्रेन का ठहराव चास स्टेशन पर हो।
6. हटिया यशवंतपुर ट्रेन तथा हटिया अनार्कुलम एक्सप्रेस रेल परिचालन कोधनबाद तक किया जाय ताकि दक्षिण भारत में बोकारो के पढ़ रहे छात्रों सहित अन्य यात्रियों को इस सुविधा का लाभ मिल सके।
7. बोकारो आद्रा के बीच तलगड़िया रेल खंड पर पैसेंजर ट्रेन देने कीआवश्यकता हैजिससे यात्रियों के साथ-साथ रेल कर्मियों को भी इसका लाभ मिलेगा।
8. बोकारो रेल क्षेत्र बड़ा है, प्रत्येक वर्ष यहां 100 युवाओं को अप्रैंटिस कराया जाय। जिसमें बोकारो के युवाओं कोप्राथमिकता दिया जाय।
9. बोकारो में ऑउट सोर्सिंग पर बहाल होने वाले कर्मियों को केन्द्र सरकार के श्रम मंत्रालय के नियम के अनुरूप मानदेय दिया जाय।
10. बोकारो औद्योगिक क्षेत्र एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। बोकारो रेलवे में तकनीकि सहयोग एवं उपस्कर की खरीद स्थानीय उद्योग एवं वेंडर से किया जाय।
11. एन.एच. से रेलवे गुड याड साईड जाने वाले पथ के मोड़ पर हाई मास्ट लाईट लगाया जाय एवं पथ का मरम्मत कराया जाय।
12. आस-पास के आवासिय क्षेत्रों में किटनाषक दवाई का छिड़काव किया जाय।
13. ऑटो रिक्सा स्टेंड में हाई मास्ट लाईट लगाया जाय।
14. बोकारो को धनबाद रेल मंडल में शामिल करना। आद्रा मंडल में सबसे ज्यादा राजस्व बोकारो देता है, लेकिन मंडल मुख्यालय आद्रा में रहने से सारा राशी वहां ही खर्च होती है, जबकि धनबाद मंडल में शामिल होने से रेल व यात्री सुविधा में विस्तार होगा।
15. धनबाद एल्लेपी एक्सप्रेस ट्रेन में लगभग 80 प्रतिषत मरीज यात्री सफर करते है जिनके लिए कोई भी सुविधा नही है। अपातकालिन आरक्षण पूर्व की भांति किया जाय वर्तमान में काफी कम है। इसे बढ़ाया जाने की आवशयकता है।
16. बोकारो हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस प्रतिदिन चलाया जाय।
17. इस्पात नगर स्टेशन सेक्टर-9 में वाशिनग लाईन और यार्ड बनाकर बड़े स्टेशन के रूप में विकसीत किया जाय। बोकारो रेलवे स्टेशन से नये ट्रेन प्रारंभ करने के नाम पर तर्क दिया जाता है कि बोकारो में वाशिंग लाईन और यार्ड नहीं है, जबकि सच्चाई यह है कि सेक्टर-9 में वर्षों पूर्व बना बोकारो इस्पात नगर स्टेशन के पास काफी मात्रा में जमीन है। इस पर वाशिंग लाईन और यार्ड बनाकर ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा सकता है।

## झरिया विधायक ने विभिन्न मुद्दों को लेकर वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री से की मुलाकात

**झरिया (आजाद सिपाही)।** बुधवार को सचेतक (सत्तारूढ दल) सह झरिया विधायक पूर्णिमा निरज सिंह ने वित्त तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एंव उपभोक्ता मामले के मंत्री रामेश्वर उरांव से मुलाकात कर जिला स्तर पर छुटे हुए गरीब परिवारों का नाम राशन कार्ड में जोड़ने, कार्ड हेतु पेंडिंग आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने, झरिया में मार्केटिंग ऑफिसर के रिक्त पद पर पदस्थापन तथा समय पर पीडीएस डीलर द्वारा लाभुकों को राशन वितरण से संबंधित मामलों पर विभाग के वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया है। विधायक ने कहा कि राशनकार्ड में नया नाम जोड़ने की प्रक्रिया में काफी विलंब हो रहा है जिस कारण राज्य सरकार की योजनाओं से लोग वंचित रह जा रहे हैं। मंत्री रामेश्वर उरांव ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन विधायक को दिया।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला**
**कचहरी परिसर, गुमला पिन : 835207**
*Email ID :- rmsagumla@gmail.com*

**अत्यावश्यक सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर अवमाननावाद संख्या 612/2022 में दिनांक 15.12.2023 को पारित अन्तिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या–21/2016 के तहत् अनुसूचित जिलों में नियुक्ति हेतु **35 (पूर्व के काउन्सेलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थी) + 12 (नवचयनित अभ्यर्थी)** लम्बित विभिन्न विषयों के अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची मूल फोल्डर के साथ निदेशक (मा.शि.), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1286, 1287, दिनांक 27.04.2023, पत्रांक 1308 दिनांक 28.04.2023, पत्रांक 1321, 1322 दिनांक 04.05.2023, पत्रांक 1354, 1355 दिनांक 09.05.2023, पत्रांक 1013 दिनांक 31.01.2023, पत्रांक 1893 दिनांक 11.07.2023, पत्रांक 1969 दिनांक 18.07.2023 एवं पत्रांक 2368 दिनांक 23.08.2023 द्वारा प्राप्त हुई है।

उक्त के आलोक में अनुशंसित सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के पूर्व उनके शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्रों की जांच/काउन्सेलिंग हेतु **दिनांक 16.09.2023** के **पूर्वाह्न 10:00 बजे** से जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय (कचहरी परिसर, गुमला) में आयोजित की गयी है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आप अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्र मूल प्रति, दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, चार फोटो, आधार कार्ड की मूल एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उक्त निर्धारित तिथि व स्थल पर ससमय निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गुमला।

PR 306870 (Jharkhand Education Project Council) 23-24 (D)



**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**कोटेशन आमंत्रण के संबंध में – Fourth Call**

जिला परिषद अध्यक्ष, कोडरमा के लिए सरकारी वाहन क्रय करने हेतु स्थानीय वाहन विक्रेताओं से मुहर बंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2255/रांची दिनांक 26.10.2022 एवं पत्रांक 2440/रांची दिनांक 28.11.2022 के निदेशानुसार क्रय किये जाने वाले वाहन का सभी कर सहित अधिकतम मूल्य 14.0 (चौदह) लाख रुपये से अधिक का नहीं होगा।

**1. क्रय किये जाने वाले वाहन की विवरणी निम्नवत् है:–**

| क्र0सं0 | वाहन कंपनी | वाहन का मॉडल | कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | कोटेशन जमा करने का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | महेन्द्रा एंड महेन्द्रा | स्कॉर्पियों क्लासिक (बेस मॉडल) सफेद रंग | 21.09.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक | जिला परिषद, कार्यालय, कोडरमा। |
| 02 | | बोलेरो नियो (सभी मॉडल) सफेद रंग | | |

2. इच्छुक विक्रेता निम्न दस्तावेज के साथ जिला परिशद कार्यालय में अपना कोटेशन निर्धारित तिथि एवं समय पर जमा कर सकते है:–

**A) तकनीकि बीड**

क) जी0एस0टी0 एवं जी0एस0टी0 अद्यतन प्रमाणपत्र
ख) वाहन के मॉडल की विस्तृत विवरणी

**B) वित्तीय बीड**

क) कोट किया हुआ दर (मुहरबंद लिफाफा में)

3. इच्छुक विक्रेताओं से प्राप्त तकनीकि एवं वित्तीय बीड को वाहन क्रय करने के लिए गठित क्रय समिति के समक्ष दिनांक 21.09.2023 के अपराह्न 03:30 बजे खोला जायेगा।

विज्ञापन की सूचना www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.306890 Panchayati Raj(23-24):D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची**

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 15 सितम्बर 2023 सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची द्वारा दिनांक 15.09.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 04:00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची में रोजगार मेला 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के निम्नांकित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No. of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Exp. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Firstchoice Readymix, Tatisilway, Ranchi, hr@firstchoicereadymix.in/ 6292159986 | Plant Head/Plant In charge | 02 | B.E/B.Tech (Civil) | 30-45 | 5-6LPA | 8-10 | |
| | | QC In charge | 03 | B.E/B.Tech (Civil) | 30-40 | 4-6LPA | 8-10 | |
| | | Sales-RMC | 04 | Any Graduate | 28-35 | 3-3.5LPA | 3-5 | |
| 02. | Heritage Toyota (A unit of Heritage Landmarks Autoworld Pvt. Ltd.)/hrsales@heritagetoyota.co.in/9341529619, 9065521308 | Sales manager | 01 | | | 40000 | 5 yrs | |
| | | General technician | 01 | | | 16000 | 2 yrs | |
| | | Sales Officer | 01 | | | 15000 | 1 yrs | |
| | | Assistant Accounts Manager | 01 | | | 25000 | 5 yrs | |
| | | Service Advisor | 01 | | | 18000 | 2 yrs | |
| | | Team Leader | 02 | | | 22000 | 3 yrs | |
| | | Body shop Advisor | 01 | | | 20000 | 2 yrs | |
| | | Service Manager | 01 | | | 30000 | 5 yrs | |
| | | Sales Officer | 01 | | | 16000 | 2 yrs | |
| | | Used Car Officer | 01 | | | 18000 | 2 yrs | |
| 03. | M/S Commando Industril Security Force, Hurhuru Road Hazaribag/9431798850/csfhzb@gmail.com | Male Security Guard | 20 | 10th | 21-45 | As per the Jharkhand Government Notification Minimum Wages | 1 yrs | |
| | | Female Security Guard | 12 | 10th | 21-45 | As per the Jharkhand Government Notification Minimum Wages | 1 year | |
| | | X-Men Security Guard | 02 | Inter | 30-60 | As per the Jharkhand Government Notification Minimum Wages | - | |
| 04. | Arohan Financial Services Limited, Kolkata/biplob.sengupta@arohan.in/6206401685 | CSR | 10 | 12th | 21-28 | 15000+CTC | NA | |
| | | SCSR | 10 | 12th | 21-28 | 20000+CTC | 1 yrs | |
| | | RE | 10 | 12th | 21-32 | 20000+CTC | 1 yrs | |
| 05. | Rinchi Trust Hospital, Kathal More, Ranchi | MBBS (GDMO) | 03 | MBBS | XX | 60-90K | 2 yrs | |
| | | B.Sc (Nurse) | 05 | B.Sc (Nursing) | XX | 20-30K | 2 yrs | |
| | | HR | 01 | MBA (HR) | XX | 20-25K | 3 yrs | |
| | | Receptionist | 03 | Graduate, English Speaking | Less 40 yrs | 12-15 K | 3 yrs | |
| | | ANM (Nurse) | 10 | ANM | XX | 12-13K | 5 yrs | |
| | | GNM (Nurse) | 10 | GNM | XX | 14-15K | 2 yrs | |
| | | Lab Technician | 02 | DMLT | XX | 12-15K | - | |
| | | Bell Desk | 03 | Intermediate | XX | 9-10K | 1 yrs | |
| | | Driver | 02 | Intermediate | XX | 14-15K | 3 yrs | Valid License |
| | | Accountant | 01 | B.com | XX | 12-15K | 2 yrs | |
| | | Dresser | 02 | Dresser | XX | 12-15K | 2 yrs | |
| | | OT Technician | 02 | OT Tech | XX | 14-15K | 2 yrs | |
| 06. | Bhagwan Mahavir Superspeciality Hospital, New Booty More, Bariatu Road, Rnchi-834009 | GRE | 05 | BHM, BA | Fresher/1-3 yrs | 10000/- NIH | 18-23 | |
| | | Pharmacist | 03 | D. Pharma/B. Pharma | Fresher/1-3 yrs | 10,000/- NIH | - | |
| | | Billing | 02 | B.com | Fresher/2-4 yrs | 10,000/- | 18-23 | |
| | | Nursing Staffs | 10 | GNM, B.Sc Nursing | 2-4 yrs | A/Q to the Grade | | |
| 07. | Best Job & HO6B Ashok Nagar Gate No. 06 Near Little Heart Hospital | Trainee Technician | 350 | 12th (I.Sc)/ITI | - | 11000 | 18-23 | |
| | | Computer Operator | 10 | Graduate/BCA | Min 01 yrs | 13000 CTC | 18-35 | |
| | | Sales Executive | 20 | 12th/Graduate | Min 01 yrs | 15000 CTC | 20-35 | |
| | | Driver | 05 | 08th/Graduate | Min 01 yrs | 15000 CTC | 22-35 | Lodging free, DL Must |
| | | Security Guard | 50 | 08th/Graduate | - | 12000 CTC-18000 CTC | 18-40 | H-5.6 W-5.5 |
| | | Accountant | 10 | 12th/B.Com | Both | 12000-35000 CTC | 20-35 | |
| | | Tele caller | 05 | 12th/Graduate | Both | 8000-15000 | 18-35 | English Communication Must |
| | | Delivery Boy | 200 | 10th/Graduate | - | 15000 CTC | 18-45 | DL Must |
| | | IT Technician | 06 | B.SC IT/BCA/MCA | Both | 12000-35000 | 20-35 | |
| 08. | Medanta Abdur Razzaque Ansari Memorial Weavers' Hospital, Irba, Ranchi | Staff Nurse | 02 | GNM/B.Sc | 03 yrs | As Per Experience | 18-30 | Exp in Critical Care Areas in Hospital |
| | | Pharmacist | 01 | D-Pharma & B-Pharma | 03 yrs | | | |
| | | Medical Officer | 04 | MBBS | 0-3 yrs | | | |
| 09. | Freedom Employability Academy, Valmiki Temple 1, Vasant Gaon Near C8/8, New Delhi-110057 | Facilitator | 10 | Graduation/Basic English | | 12000/- | No limit | Candidates will be eligible for petrol expense if your home is above 5 kms from our branch location |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा _ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुन: निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अत: चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।
रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें, एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अंतर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरूद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रूप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

PR 306863 (Labour Employment and Traning)23-24*D

## न्यूज रील्स

### केरल में निपाह वायरस को लेकर चार जिलों में अलर्ट

**कोझिकोड (आजाद सिपाही)।** केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस से दो लोगों की मौत के बाद तीन और जिले कन्नूर, वायनाड और मलप्पुरम में अलर्ट जारी किया गया है। यहां की सात ग्राम पंचायतों को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। कंटेनमेंट जोन वाले इलाकों और अस्पतालों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। केरल में निपाह वायरस के अब तक चार मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें दो लोगों की मौत हुई है।

### चंद्रबाबू की हिरासत पर 18 सितंबर तक रोक

**विशाखापत्तनम (आजाद सिपाही)।** आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू को सीआइडी ने 9 सितंबर को 371 करोड़ रुपये के स्किल डेवलपमेंट स्कैम में गिरफ्तार किया था।

इसके खिलाफ चंद्रबाबू के वकीलों ने हाइकोर्ट में दो याचिकाएं लगायीं। बुधवार को इस पर सुनवाई हुई। आंध्र हाइकोर्ट ने नायडू को 18 सितंबर तक हिरासत में न लेने का आदेश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई 19 सितंबर को होगी।

## राजधानी भुवनेश्वर में हनीट्रैप क्वीन सक्रिय, पुलिस ने किया खुलासा

# इलाज की आड़ में डॉक्टर का किया अपहरण

- बंधक के रूप में 25 लाख की मांग
- पुलिस के अनुसार, हनीट्रैप की धमकी देकर 1 लाख रुपये के साथ 9 लाख रुपये का चेक छीन लिया।



आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** कमिश्नरेट पुलिस ने हनीट्रैप की आड़ में लाखों रुपये लूटने के आरोप में एक महिला डॉन ईरानी को गिरफ्तार किया है। लेडी डॉन के रैकेट का पदार्फाश होने के बाद चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। लेडी डॉन ने एक डॉक्टर को इलाज के बहाने घर बुलाकर उसका अपहरण करने के बाद उसे हनीट्रैप में फंसाया। लेडी डन के पति और दो सहयोगी ने उनकी सहायता की। पुलिस के अनुसार, हनीट्रैप की धमकी देकर 1 लाख रुपये के साथ 9 लाख रुपये का चेक छीन लिया। सूचना मुताबिक भुवनेश्वर में रहने वाला चिकित्सा अधिकारी जो जाजपुर मधुबन सीएचसी में थे तब वे ईरानी के साथ मुलाकात हुआ था। डॉक्टर ने ईरानी का इलाज एक मरीज की तरह किया। ईरानी तब से डॉक्टर के संपर्क में थीं और कभी-कभी उनके मोबाइल नंबर पर उनसे संपर्क करती थीं। वह भुवनेश्वर आकर डॉक्टर से सैंपल दवा लेता था। 8 तारीख को एक साजिश रची गयी। ईरानी ने डॉक्टर को फोन कर बताया कि उनके पिता की तबीयत खराब है और तुरंत आने को कहा। लेडी डॉन की बातों पर विश्वास कर डॉक्टर नरगोदा में स्थित किराए के मकान पर पहुंच गया। जैसे ही डॉक्टर इलाज के लिए घर पहुंचे, ईरानी ने उन्हें गले लगा लिया। और वह जोर से चिल्लाया। पहले की योजना के अनुसार, उसके पति और दो साथियों ने दरवाजा बंद कर दिया और डॉक्टर को पीटाइ करने लगे। डॉक्टर की कार की चाबी, मोबाइल फोन और सोने का कंगन छीन लिए गये। ईरानी ने डॉक्टर को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी और 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। भयभीत होकर डॉक्टर 10 लाख रुपये देने के लिए तैयार हो गए। उसने फोनपे पर 1 लाख रुपये लिए और 9 लाख रुपये का चेक छीन लिए। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चारों लोगों की पहचान लेडी डॉन ईरानी पात्र, उनके पति निशिकांत पात्र, तमांडो के गणेश उर्फ मनोरंजन प्रधान और सजिपुट गांव के शक्तिकांत हरिचंदन के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से 30,000 रुपये, 9 लाख रुपये का चेक, एक चाकू और दो महंगे मोबाइल बरामद किए। डॉक्टर ने इजत को बचाते हुए कुछ दिनों तक चुप रहने के बाद आखिरकार पुलिस से मदद मांगी और सारे बाते पुलिस को खुल कर कहा। बीती रात पुलिस ने ईरानी के साथ उसके पति और दो साथियों को गिरफ्तार किया। इन 4 लोगों की गिरफ्तारी के बाद पूरी घटना का पता चला। बड़ी बात यह है कि पुलिस की जांच से पता चला है कि ईरानी ने हनीट्रैप के माध्यम से कई बड़े लोगों को फंसाया है। खूबसूरत चेहरे और शातिर दिमाग से उन्होंने अमीरों से लाखों रुपये लूटे हैं । इससे पहले कलिंग नगर में एक व्यवसायी ईरानी जाल में फंस गया था।

बाद में ईरानी ने उसे सेक्स का झांसा देकर 4 लाख रुपये लूट लिए. उसने इसी तरह एक अन्य व्यवसायी से भी 5 लाख रुपये लूटने की घटना सामने आई है।

## सोआ लॉ के छात्रा ने ओएएस परीक्षा उत्तीर्ण की, सम्मानित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ (स्नील) की छात्रा कुमारी राधिका शर्मा ने इस साल ओडिशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) मनोजरंजन नायक ने सम्मानित किया। कुमारी शर्मा ने इस साल ओएएस परीक्षा में 47वीं रैंक हासिल की। वह स्निल की 2014-19 बैच की बीएएलएलबी की छात्रा है। प्रो. (डॉ.) नायक ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया में कुमारी शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय सोआ को दिया और कहा कि यह उनके शिक्षकों का समर्थन था जो उन्हें यहां तक लाया है।

## ओड़िशा में तेज बारिश से बाढ़ का खतरा, छह जिलों में रेड अलर्ट



उत्तर प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ सहित 16 राज्यों में बारिश की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/भुवनेशवर।** मानसून का मौसम खत्म होने में करीब 15 दिन का समय बचा है। लौटता मानूसन कई राज्यों को भिगो कर जा रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ सहित 16 राज्यों में अगले 24 घंटे में बारिश की संभावना जतायी गयी है। वहीं, मौसम विभाग ने ओड़िशा के छह जिलों मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, कालाहांडी, बोलांगीर, कंधमाल में रेड अलर्ट जारी किया। आइएमडी भुवनेश्वर के साइंटिस्ट उमा शंकर ने कहा, तेज बारिश के चलते बाढ़ का खतरा बन सकता है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लगातार बारिश के बाद बाढ़ आ गयी है। शहर पानी से घिरकर टापू बन गया है। लोग छतों पर गुजारा कर रहे हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला हुआ है। फंसे लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है।

## एशियाई खेलों के प्रत्येक खिलाड़ी को मिलेंगे 10 लाख रुपये: नवीन पटनायक



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा ने एशियाई खेलों के खिलाड़ियों को सहायता देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सहायता की घोषणा की। सहायता के अनुसार, खिलाड़ियों को 10 लाख रुपये मिलेंगे। खबरों के अनुसार, एशियाई खेल 23 से 8 अक्टूबर तक आयोजित किए जायेंगे। इसके लिए 13 उड़िया खिलाड़ियों का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री ने सहायता राशि की घोषणा की है। इस हिसाब से हर खिलाड़ी को 10 लाख की रकम मिलेगी। इस राशि का उपयोग प्रशिक्षण, तैयारी और भागीदारी के लिए किया जायेगा।

## ब्रह्मपुर में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, मकान मालिक सहित 3 गिरफ्तार

**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ब्रह्मपुर के शक्ति नगर फर्स्ट लाइन में एक और सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया गया है। निमखंडी पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने घर के मालिक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीन युवतियों को भी हिरासत में लिया गया है। हिरासत में ली गई युवतियों में से एक आंध्र प्रदेश की है और दो युवतियां स्थानीय इलाके की हैं। हालांकि, पता चला है कि गिरफ्तार तीनों दलाल ब्रह्मपुर के हैं। पुलिस लगातार जांच कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इसमें और कौन-कौन शामिल है।




# सरकार की वजह से आज 40 लाख छात्र शिक्षा से वंचित हैं : अनिल

आजाद सिपाही संवाददाता

राज्य में 50,000 स्कूल बंद होने जा रहे हैं। आज 130,000 शिक्षक अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर लड़ रहे हैं।



**भुवनेश्वर।** ओडिशा शिक्षा व्यवस्था का काला दिन है। राज्य सरकार राज्य में पांच दिनों से चल रही शिक्षकों की हड़ताल का समाधान नहीं कर सकी। इसके परिणामस्वरूप आज राज्य में 50,000 स्कूल बंद होने जा रहे हैं। आज 130,000 शिक्षक अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर लड़ रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य के 40 लाख छात्रों का भविष्य अंधेरे में धकेल दिया गया है। यह सरकार प्रायोजित आपदा है। 8 तारीख से शुरू हुए इस आंदोलन को आज 5 दिन पूरे हो गये हैं। इन 5 दिनों में सरकार ने क्या किया शिक्षा मंत्री बीजेडी कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए समय निकाल रहे हैं। बीजू जनता दल के विधायकों, मंत्रियों, सांसदों के पास अपनी पार्टी के एक विधायक के खिलाफ मीडिया में दैनिक बयानबाजी करने का समय होता है। मयूरभंज जिलाधिकारी के पास बीजू जनता दल की बैठक में भाग लेने के लिए समय है। लेकिन सरकारी पार्टी के मंत्री, विधायक, सांसद, अधिकारियों के पास शिक्षक आंदोलन की समस्या को हल करने के लिए विरोध स्थल पर जाने का समय नहीं है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता अनिल बिस्वाल ने कहा कि ओडिशा में 40 लाख छात्रों की पढ़ाई आज आत्मविभोर प्रशासकों और लाचार राजनेताओं के कारण प्रभावित हो रहा है। ओडिशा में सरकारी शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने के लिए बीजू जनता दल सरकार में महारत हासिल करने वाले गैर-ओडिया अधिकारियों द्वारा रची गयी साजिश का यह प्रमाण है। अगर सरकार के पास 5-टी ट्रांसमिशन के नाम पर स्कूल की दीवारों और बाड़ों को हरा रंग देने पर 3,410 करोड़ रुपये खर्च करने का पैसा है, तो शिक्षकों के वेतन का भुगतान करने के लिए पैसे की कमी क्यों है। अगर सरकार के पास एक सचिव के दौरे पर 500 करोड़ खर्च करने के लिए पैसे हैं तो 40 लाख बच्चों की शिक्षा पर क्यों नहीं खर्च करतीं। अक्टूबर 2022 में, मुख्यमंत्री ने स्वयं ओडिशा से संविदात्मक नियुक्ति वापस लेने की घोषणा की। अप्रैल 2023 में फिर एक बार उन्होंने घोषणा की कि ओडिशा में स्कूली शिक्षा प्रणाली में कोई और अनुबंधित शिक्षक नहीं होंगे। सरकार ने जो घोषणा की है उसका पालन क्यों नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय के पास झूठे घोषणापत्र बनाने का रिकॉर्ड है। आज शिक्षकों के वेतन, नियुक्ति और पदोन्नति को लेकर जो समस्याएं उत्पन्न हुई हैं, उसके लिए राज्य सरकार स्वयं जिम्मेदार है। ओडिशा में शिक्षकों को इतनी श्रेणियों में क्यों बांटा गया है। 6 मई 2021 को माननीय उच्च न्यायालय ने ओडिशा सरकार से सवाल किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्राथमिक शिक्षा को लेकर सरकार सिर्फ मगरमच्छ का रोना रो रही है। हाईकोर्ट के मामले पर राज्य सरकार ने क्या कार्रवाई की। विश्वाल ने कहा, राज्य सरकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समान काम के लिए समान वेतन के कानून का पालन क्यों नहीं कर रही है। देशभर में स्कूली शिक्षा के गुणवत्ता मानकों के प्रदर्शन सूचकांक में ओडिशा के स्कूल सबसे खराब सूचकांक में आ रहे हैं। राज्य में हर समय शिक्षक अपने न्यूनतम अधिकारों के लिए आंदोलन करने को मजबूर हैं। लेकिन सरकार बच्चों के कपड़ों और स्कूल की दीवारों और बाड़ों को पार्टी के रंगों से रंगने में व्यस्त है। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने विधानसभा चुनाव घोषणापत्र में शिक्षकों के वेतन, उनकी मांगों और अधिकारों को पूरा करने की घोषणा की थी। बिस्वाल ने कहा कि आज पूरे राज्य में जो शिक्षक आंदोलन चल रहा है, भारतीय जनता पार्टी उसके साथ है।













# जाजपुर टाउन और अराडी रेलवे लाइन के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण को मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** रेल मंत्रालय ने जाजपुर के औद्योगिक क्षेत्र के प्रवेश द्वार जाजपुर क्योंझर रोड और जाजपुर टाउन और अराडी के माध्यम से भद्रक में धामरा बंदरगाह के बीच 96 किलोमीटर की नई लाइन के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) को मंजूरी दे दी है। सर्वेक्षण के संचालन के लिए 2.4 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गये हैं। जाजपुर जिला मुख्यालय शहर, आरडी पीठ में आखंडलमणि मंदिर और बिराजाक्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ेगी। यह जाजपुर और भद्रक जिलों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही और बहुप्रतीक्षित मांग है। यह लाइन जाजपुर, केंद्रापड़ा और भद्रक जिलों के पर्यटन स्थलों को जोड़ेगी। इसके अलावा, प्रस्तावित लाइन क्योंझर जिले से खनिजों, जाजपुर और अंगुल जिलों में औद्योगिक बेल्ट से तैयार उत्पादों को धमारा बंदरगाह तक खनिजों के परिवहन को सुविधाजनक और आर्थिक रूप से व्यवहार्य होगी। यह प्रस्तावित नयी रेलवे लाइन भारत के माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण पूर्वोदय का एक हिस्सा है। माननीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी जाजपुर क्योंझर रोड और धमारा बंदरगाह के बीच नयी रेलवे लाइन के लिए अपना प्रयास और अपने विचार प्रस्तुत किए थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी जाजपुर और भद्रक की अपनी यात्रा के दौरान जनता की अपेक्षाओं को जाना और प्रस्तावित नयी लाइन पर विचार करने का आश्वासन दिया।








## सम्मम में पहला राष्ट्रीय मेडिकल रिकॉर्ड दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मंगलवार को यहां सम अल्टीमेट मेडिकेयर (सम्मम) में हेल्थ रिकॉर्ड्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा इस साल शुरू किए गये पहले राष्ट्रीय मेडिकल रिकॉर्ड दिवस का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में मेडिकल रिकॉर्ड के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा सेवा प्रमुख ब्रिगेडियर डॉ बिराज मोहन मिश्र शामिल हुए जबकि चिकित्सा अधीक्षक डॉ पी के पंडा सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में अस्पताल के सभी विभागों के प्रमुख मौजूद थे। सम्मम के मुख्य मेडिकल रिकॉर्ड विभाग डॉ मानस रंजन सेठी ने अपने भाषण में कहा कि मेडिकल रिकॉर्ड स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र की प्रशासनिक प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, इसलिए इस विभाग में काम करने वाले लोगों की कड़ी मेहनत की सराहना करने की जरूरत है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**